


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# दिव्य दिनकर

11

एक निडर सच का दर्पण

पटना और रांची से एक साथ प्रकाशित

वर्ष 8 अकं : 598 पटना ( बिहार),सोमवार , 28 अक्टूबर 2024 पेज - 12 मूल्य: 1 R.N.I. No:- BIHHIN/ 2016/72168


## भीड़ के सामने रेलवे की तैयारी नकाफी: स्पेशल ट्रेन चलने के बावजूद नहीं मिल रहा बर्थ

दिल्ली व्यूरो

नई दिल्ली :त्योहारों को लेकर रेलवे की सारी तैयारी भीड़ के सामने बौनी दिखाई पड़ रही है। स्पेशल ट्रेन तो कई रूट पर चलाई गई है लेकिन आरक्षित बर्थ मिलना अभी भी दुर्भर साबित हो रहा है। पूर्वांचल दिशा की तरफ चलने वाली ज्यादातर ट्रेनों में नो रूम है यानी वेटिंग टिकट का भी टोटा है। ऐसे में लोगों को सड़क यातायात के माध्यम से जाने की मजबूरी है। इस वजह से आनंद विहार और अंतरराज्यीय बस अड्डे से चलने वाली बसें भी ठसाठस भरी रवाना हो रही है। इतना ही नहीं इन बसों में भी विमानों की तरह डायनेमिक फेयर चार्ज किया जा रहा है। ऐसे में यात्रियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हर साल की तरह इस साल भी बड़ी संख्या में दिल्ली में रहने वाले प्रवासी अपने-अपने शहर में ही उत्साह और उमंग के साथ त्योहार मनाने के लिए उत्सुक हैं। लेकिन सबसे बड़ी समस्या उनके सामने यातायात के संसाधनों की है। ट्रेन में आरक्षित बर्थ नहीं मिल रहा है वहीं अनारक्षित कोच में भीड़ ऐसी है कि लोग इसमें सफर करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे है। ऐसे में वे विमान व बस से ही सफर करने को मजबूर है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह है कि स्पेशल ट्रेन में अतिरिक्त चार्ज की तरह ही बस और विमानन कंपनियों ने भी यात्रा शुल्क बेहद बढ़ा दिया है। ट्रेन में आरक्षित बर्थ नहीं मिलने की वजह से लोग कई तरकीब अपना रहे है। दिल्ली से मुजफ्फरपुर जाने वाले यात्री शीतांस शेखर का कहना है की ट्रेन में आरक्षित सीट नहीं मिलने की स्थिति में उन्होंने लखनऊ तक तो बस का टिकट लेकर जाएंगे इसके बाद फिर लखनऊ से मुजफ्फरपुर के लिए ट्रेन में सीटें बुक कराई है। इसी तरह यात्री पवन कुमार वर्णवाल कोटा से अपनी बेटी के सबसे पहले तो बस से सफर करके दिल्ली पहुंचे। जब दिल्ली से बेतिया के लिए ट्रेन में आरक्षित सीट नहीं मिला तो वह गोरखपुर तक बस से सफर करने को मजबूर



हुए। फिर वह वहां से किसी भी लोकल ट्रेन में सफर करके अपने गृह शहर पहुंचेंगे। एक यात्री ने बताया कि पहली बात यह है कि हवाई सफर काफी महंगा है। इतना ही नहीं विमान से आप हर जगह नहीं पहुंच सकते है। उत्तरी बिहार अगर जाना हो तो पटना और दरभंगा तक ही पहुंच सकेंगे। इसके आगे का सफर भी करना चाहे तो ट्रेन की भीड़ ऐसी है कि महिला के साथ सफर करना मुश्किल है। ऐसे में या तो प्राइवेट टैक्सी का सहारा है या रोड ट्रांस्पोर्ट की बस का। लिहाजा पैसा खर्च करने के बावजूद परेशानी का सामना करना पड़ता है। पूर्वांचल दिशा से सबसे अधिक छात्र दिल्ली पढ़ाई करने आते है। घर छोड़कर पढ़ने आने वाले छात्र त्योहार अवश्य रूप से अपने परिवार के साथ मनाने की सोचते है। लेकिन यातायात के संसाधन के अभाव में उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कोटा, ग्वालियर समेत एनसीआर के कई सारे संस्थानों में पढ़ाई करने वालों की भी मजबूरी है कि वह दिल्ली से ही ट्रेन पकड़े। लेकिन ट्रेन की भीड़ को देख वह साहस तक नहीं जुटा पाते है। ऐसे में कई लोग मजबूरी में त्योहार में शरीक होने की योजना रद्द भी कर रहे है। दिवाली और छठ पर्व के दौरान भीड़ को देखते हुए नई दिल्ली-भागलपुर के बीच विशेष ट्रेन चलेगी। इस कदम से भीड़भाड़ कम करने और यात्रियों के लिए सुगम यात्रा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। भागलपुर, जमालपुर और सुल्तानगंज क्षेत्र के यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। ट्रेन संख्या 04035/04036 भागलपुर-नई दिल्ली-भागलपुर विशेष ट्रेन चलने से 7,200 बर्थों की उपलब्धता होगी। ट्रेन संख्या 04036 नई दिल्ली-भागलपुर विशेष ट्रेन दिनांक 30 अक्तूबर, 2 व 5 नवंबर को नई दिल्ली से दोपहर 12 बजे रवाना होगी, जो अगले दिन 10 बजे भागलपुर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 04035 भागलपुर-नई दिल्ली स्पेशल 31 अक्तूबर, 3 व 6 नवंबर को चलेगी। यह ट्रेन कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन, बक्सर, आरा, दानापुर, पटना, सुल्तानगंज, जमालपुर, अभयपुर, किऊल चलेगी। बुकिंग पीआरएस और इंटरनेट के माध्यम से उपलब्ध है। सत्याग्रह, सप्तक्रांति, लिच्छिवी, सदभावना, अवध आसाम, मुजफ्फरपुर क्लोस स्पेशल, अमृतसर जयनगर स्पेशल, अमृतसर कटिहार स्पेशल, पटना राजधानी, नई दिल्ली न्यू जलपाईगुड़ी, नई दिल्ली बरौनी, नई दिल्ली-बरौनी स्पेशल, डिब्रूगढ़ पूजा स्पेशल, गरीब रथ, वैशाली, बिहार संपर्क क्रांति, आनंद विहार-मुजफ्फरपुर स्पेशल, नई दिल्ली-मुजफ्फरपुर स्पेशल।

## एक नजर

### वैशाली में एक किलो स्मैक और 13 लाख नकदी बरामद,

क्राइम संवाददाता द्वारा

, वैशाली वैशाली जिले की बिदुपुर थाना पुलिस ने दाउदनगर पंचायत भवन के निकट एक बड़े स्मैक कारोबार का पदार्फाश किया। इस दौरान पुलिस ने मौके से एक किलो से अधिक स्मैक और 13 लाख से अधिक नकदी के साथ पांच अंतरराज्यीय अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। वैशाली एसपी हर किशोर राय ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में दो मिजोरम से ताल्लुक रखने वाले सप्लायर शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि 26 अक्तूबर को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बिदुपुर थानाक्षेत्र में एक बड़े नशे के कारोबारी महेंद्र राय को मिजोरम से आए दो सप्लायर स्मैक की बड़ी खेप देने वाले हैं। इस सूचना के आधार पर एसपी के निर्देशन में बिदुपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला आसूचना इकाई और बिदुपुर थाना पुलिस की एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने दाउदनगर पंचायत भवन के पास छापामारी की, जहां संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। हालांकि सशस्त्र बल के सहयोग से पुलिस ने पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि कुछ अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार अपराधियों में महेंद्र राय, रामू कुमार, कविता राय और मिजोरम के लालहमिंग मोया और लाल थंग मोया शामिल हैं। पकड़े गए अपराधियों की तलाशी के दौरान अलग-अलग पन्नियों में 995 ग्राम स्मैक और 0.095 ग्राम खैनी जैसा मादक पदार्थ बरामद किया गया।

### नालंदा में युवक ने पुलिस पर की फायरिंग, तीन घंटे तक चला हाई वोल्टेज ड्रामा

क्राइम संवाददाता द्वारा

पटना :नालंदा के रहुई थानाक्षेत्र के रहुई बाजार में रविवार को एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां एक युवक ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस के बार-बार आत्मसमर्पण की अपील के बावजूद युवक ने तीन घंटे तक छत पर चढ़कर हथियार लहराते हुए पुलिस को चुनौती दी। आरोपी युवक की पहचान बीरबल साव के बेटे शंकर कुमार के रूप में हुई है, जिसने इस घटना को अंजाम दिया।

जानकारी के मुताबिक, यह पूरा विवाद बीरबल साव और उसके भाई बिहारी साव के बीच चल रहे पूर्व के पारिवारिक झगड़े से जुड़ा है। रविवार को झगड़ा इतना बढ़ गया कि बिहारी साव की पत्नी के सिर में चोट लग गई, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिवार के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसमें एक महीने पहले लुधियाना में बीरबल साव के बेटे राजा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। परिवार का आरोप है कि राजा की हत्या उसके चचेरे भाई द्वारा की गई थी, हालांकि पुलिस जांच में राजा की मौत का कारण नशा बताया गया था। इसी मामले को लेकर परिवार में तनाव बना हुआ था। बताया जा रहा है कि रविवार को हुए झगड़े की सूचना मिलते ही रहुई थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन जैसे ही पुलिस वहां पहुंची, शंकर कुमार ने अचानक पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद वरीय अधिकारियों को सूचित किया गया और अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। कई थानों से पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा और लगभग तीन घंटे तक शंकर कुमार को पकड़ने की कोशिश की गई।

## सुशील जी ने लालू लीला लिखी, मैं तो ठग ग्रंथ लिखूंगा' :नीरज कुमार




संवाददाता द्वारा

पटनाः बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव द्वारा लीगल नोटिस भेजे जाने पर जेडीयू नेता नीरज कुमार ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने रविवार को कहा 'तेजस्वी यादव ने अपने राजनीतिक जीवन में शायद पहली बार किसी को लीगल नोटिस दिया है। उन्होंने गलत नंबर डायल कर दिया है। अभी तो यह शुरूआत है। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि जल्द ही आपके द्वारा भेजे गए लीगल नोटिस का जवाब दिया जाएगा। मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि आपके पास भी सारे दस्तावेज होंगे और मेरे पास भी हैं। जनता की अदालत में चलते हैं, वहां दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा।' नीरज कुमार ने चुनावी हलफनामे के आधार पर बताया कि 'तेजस्वी यादव पर 11 मुकदमे दर्ज हैं। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मेरे ऊपर कोई मुकदमा नहीं है। यहां के कई थाना में उन पर मुकदमा दर्ज है। बिहार के साथ ही साथ दिल्ली में भी उन पर मुकदमा है। तेजस्वी यादव और उनके परिवार की तरह मुझे मुझे कोर्ट का मुंह नहीं देखना पड़ा है। तेजस्वी यादव से मैं कहना चाहता हूं कि जो भी मैंने कहा है, उस पर कायम हूं। आपके द्वारा भेजे गए लीगल नोटिस का जवाब जरूर दूंगा। स्वर्गीय सुशील मोदी तो लालू लीला लिखे थे, हम तो ठग ग्रंथ लिखने वाले हैं।' बता दें कि बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने 26 अक्टूबर को मीडिया से बातचीत के दौरान बताया था कि उन्होंने जेडीयू नेता नीरज कुमार को मानहानि का कानूनी नोटिस भेजा है। आठ पन्नों के इस कानूनी नोटिस में तेजस्वी यादव ने नीरज कुमार के आरोपों को पूरी तरह झूठा और निराधार बताया है। उन्होंने 10 दिन के अंदर मानहानि के मुआवजे के तौर पर 12 करोड़ 10 लाख रुपये की मांग की है। नीरज कुमार ने तेजस्वी पर वेतन घोटाले का आरोप लगाया था।

## शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब आरजेडी में शामिल, लालू यादव ने दिलाई मां-बेटे को सदस्यता

विशेष संवाददाता द्वारा

पटनाः बिहार उपचुनाव की वोटिंग से पहले बड़ा सियासी खेला हुआ है ।बिहार बाहुबली नेता रहे पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब आरजेडी में शामिल हो गए। लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ने उन्हें और उनकी मां हिना शहाब को पार्टी की सदस्यता दिलाई। यह कार्यक्रम पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी आवास पर हुआ। इस दौरान आरजेडी के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी भी मौजूद थे। 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और अभी से ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हैं। बिहार में मुस्लिम वोट बैंक काफी अहम है और सभी पार्टियां इसे साधने में लगी हैं। ऐसी अटकलें थीं कि कुछ मुस्लिम वोटर आरजेडी से छिटक सकते हैं। इसलिए फखऊ ने हिना शहाब और उनके बेटे ओसामा को पार्टी में शामिल करके यह संदेश देने की कोशिश की है कि वह मुस्लिम



समुदाय को साथ रखना चाहती है। माना जा रहा है कि तेजस्वी यादव अपने परंपरागत मुस्लिम-यादव वोट बैंक को एकजुट रखना चाहते हैं। ओसामा शहाब के आरजेडी में शामिल होने से पार्टी को मुस्लिम वोटरों में मजबूती मिलने की उम्मीद है। देखना होगा कि आने वाले समय में यह कदम आरजेडी को कितना फायदा पहुंचाता है? दरअसल, लंबे समय से राष्ट्रीय जनता दल से नाराज चल रहा सीवान के पूर्व सांसद दिवंगत मोहम्मद शहाबुद्दीन का परिवार आखिरकार लालू यादव की शरण में पहुंच गया। शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब और उनके बेटे ओसामा पूरे लाव-लश्कर के साथ रविवार को 10 सर्कुलर रोड राबड़ी आवास पहुंचे और फिर लालू और तेजस्वी यादव आरजेडी की सदस्यता दिलाई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव और उनके सियासी वारिस तेजस्वी यादव ने दोनों मां-बेटा को पार्टी का पट्टा पहनाकर उन्हें राजद की सदस्यता दिलाई।

### मुजफ्फरपुर में घर के पास बने बथान में छिपाई गई 10 लाख से ज्यादा की अवैध शराब

क्राइम संवाददाता द्वारा

मुजफ्फरपुर :मुजफ्फरपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए तुर्की थानाक्षेत्र के मोहनपुर गांव में भारी मात्रा में अवैध शराब की खेप बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापामारी में पुलिस ने घर के पास बने एक बथान से 10 लाख रुपये से अधिक मूल्य की शराब जब्त की। तुर्की थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मौके से शराब कारोबारी भागने में सफल रहा, जिसकी तलाश में पुलिस की टीम जुटी हुई है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि अवैध शराब की खेप को छिपाने के लिए बथान में रखा गया था, जिसे फूस से ढका गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूरी खेप को जब्त कर लिया। छिपाने का यह ठिकाना शराब की तस्करी के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। छापामारी के दौरान कारोबारी फरार हो गया, लेकिन पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी कर रही है। पुलिस ने जब्त की गई शराब में विभिन्न ब्रांड्स की बोतलें पाई हैं, जो अवैध तरीके से मंगवाई गईं थी। पुलिस यह जांच कर रही है कि शराब की यह खेप कहां से लाई गई थी

## बिहार उपचुनाव में राजद के 'मुखिया' की प्रतिष्ठा दांव पर, 'भाई' की सीट बचा पाएगा 'भाई

विशेष संवाददाता द्वारा

पटनाः जातीय समीकरण में उलझी रामगढ़ सीट पर विधानसभा उपचुनाव नाक की लड़ाई है। वो इसलिए कि इस सीट पर राजद के बिहार 'मुखिया' यानी प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर लग चुकी है। राजद और रामगढ़ विधानसभा को ले कर जगदानंद सिंह का नाम कई कारणों से जुड़ गया है। इस बार तो यह चुनाव राजद अध्यक्ष जगदानंद सिंह से इसलिए भी जुड़ गया है कि पुराने संबंधों का ख्याल कर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने एक तरह से वीटो लगाकर यह सीट उनके पुत्र अजीत सिंह के नाम कर दी।

रामगढ़ ही वो सीट है जहां से जगदानंद सिंह पहली बार जीत कर विधानसभा पहुंचे थे। इसके बाद उनका और रामगढ़ सीट का नाता ही बन गया। धीरे-धीरे रामगढ़ विधानसभा सीट का मतलब ही जगदानंद सिंह हो गया। इसकी वजह थी 1985 से ले कर 2005 तक लगातार जीत का परचम लहराना। इस बीच जगदानंद राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के काफी करीबी और विश्वसनीय नेताओं में शुमार किए जाने लगे। नंबर टू में गिनती होने लगी। जल संसाधन मंत्री के रूप में काफी ख्याति भी मिली। यह मामला 2010 विधानसभा चुनाव का है। जगदानंद सिंह के बक्सर से सांसद बनने के बाद जब राजद ने उनके पुत्र सुधाकर सिंह को विरासत सौंपनी चाही तो खुद जगदानंद सिंह ने ही इस प्रस्ताव का विरोध कर दिया। मगर जगदानंद सिंह के पुत्र सुधाकर सिंह को यह बात रास नहीं लगी तो पिता का विरोध कर वे स्वयं रामगढ़ विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में खड़े हो गए। भाजपा ने इस स्थिति को भुनाने की कोशिश की और निर्दलीय उम्मीदवार सुधाकर सिंह को भाजपा




ने अपना समर्थन दे कर अपना उम्मीदवार बना डाला। इस बगावत पर उतरे पुत्र सुधाकर सिंह को पिता जगदानंद का साथ नहीं मिला। जगदानंद सिंह ने अपनी पार्टी के उम्मीदवार अंबिका यादव का प्रचार किया। परिणाम यह हुआ कि तब रामगढ़ में राजद उम्मीदवार की जीत हुई और भाजपा समर्थित उम्मीदवार सुधाकर सिंह की हार। इस दफे यानी 2024 में हो रहे विधानसभा उप चुनाव में तो मामला और भी गजब का हो गया है। राजद के बिहार अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र अजीत सिंह की जीत केवल पिता की नहीं बल्कि राजद अध्यक्ष की पद की भी प्रतिष्ठा बन चुकी है। पर राजद उम्मीदवार अजीत सिंह का हाल बेहाल है। दरअसल इस बार राजद उम्मीदवार अजीत सिंह चतुष्कोणीय संघर्ष में फंस गए हैं। भाजपा की तरफ से स्वजातीय पूर्व विधायक अशोक सिंह,ब हुजन समाज पार्टी से पूर्व विधायक अंबिका यादव के भतीजे पिंटू यादव उन्हें चुनौती दे रहे थे। लेकिन प्रशांत किशोर ने अपनी जनसुराज पार्टी के उम्मीदवार सुशील सिंह कुशवाहा को मैदान में उतार दिया। जातिगत समीकरण की नजरों से देखे तो रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आबादी के हिसाब से नंबर वन राजपूत जाति है। इनकी संख्या करीब कुल वोटों का 21% है। दूसरे नंबर पर मुस्लिम मतदाता हैं, ये कुल मतों में 8.5% हिस्सेदारी रखते हैं। वहीं 6.8 फीसदी के साथ तीसरे नंबर पर यादव वोटर हैं। राजद उम्मीदवार अजीत सिंह और भाजपा उम्मीदवार अशोक सिंह की दावेदारी राजपूत वोटों पर है। राजद प्रदेश अध्यक्ष के लिए परेशानी दो तीनों उम्मीदवार हैं। तीनों ही उनके बेटे और उनकी सीट पर जमा-जमाया खेल बिगाड़ने की हैसियत रखते हैं। बसपा के उम्मीदवार पिंटू यादव और जन सुराज के उम्मीदवार सुशील सिंह कुशवाहा दोनों ही माई समीकरण में सेंध मारी कर सकते हैं। खास कर दूसरे नंबर पर यादव जाति और उसके उम्मीदवार पिंटू यादव से खतरा है। राजद यहां एम वाई समीकरण को दुरुस्त करने में लगा है। इस समीकरण का बिखराव राजद उम्मीदवार को नुकसान पहुंचा सकता है। भाजपा उम्मीदवार अशोक सिंह की भी दिक्कत यह है कि एनडीए के फोल्ड में रह रहे कुशवाहा वोट की घेराबंदी जन सुराज के उम्मीदवार सुशील सिंह कुशवाहा कर रहे हैं। विश्लेषकों की मानें तो जो प्रमुख दल अपने आधार वोट पर कुंडली जमा लेगा जीत उसी के दरवाजे पर दस्तक देगी।

## संक्षिप्त समाचार

### फुटबॉल टूनार्मेंट फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए: डॉ. परमेश्वर भगत



चान्हो -बीते दिन एभर ग्रीन छोटानागपुर क्लब फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व डीडीसी सह विधायक प्रत्याशी डॉ परमेश्वर भगत शामिल हुए इस अवसर पर डॉ. परमेश्वर भगत ने कहा कि खेल को बेहतर और नियमित ढंग से खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। आगे इन्होंने कहा कि खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भविष्य में कई सुनहरा अवसर मिलता है। आप खेल को बेहतर तरीके से खेले साथ ही पढ़ाई लिखाई में भी ध्यान दे आपका भविष्य उज्जवल होगा।

### आगामी विधानसभा चुनाव में युवा मतदाताओं से संपर्क करेगी अभाविप



रिपोर्ट- अविनाश मंडल

पाकुड़:अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पाकुड़ की जिला बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें मुख्यतः आगामी विधानसभा चुनाव में युवाओं की भूमिका पर चर्चा की गई।बैठक में मुख्य रूप से विभाग संयोजक अमित साहा ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है।इसी लिए इस विधानसभा चुनाव में विद्यार्थी परिषद सभी युवा एवं नए वोटरों के पास जाकर मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदान हो इस पर जोर लगाएगी। विद्यार्थी परिषद कल से अपने मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत कर रही है जिसके तहत विभिन्न कॉलेज स्कूलों ,कैंपस एवं ग्रामों के अंदर जाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। जिला संयोजक गुंजन तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी परिषद शिक्षा रोजगार स्वास्थ्य एवं पीजी की पढ़ाई के मुद्दे पर विधानसभा चुनाव में लोगों को वोट करने के लिए प्रेरित करेगी। बैठक में मुख्य रूप से सत्यम भगत,विशाल भगत,विकाश दास,हर्ष भगत,बेहुला कुमारी,भाग्यश्री,रंजीत साहा,चंदन समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हृदय रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ शुभेंदु दास एवं डॉ प्रसेनजीत भट्टाचार्य द्वारा मुफ्त चिकित्सा कार्यक्रम आयोजित हुआ

रिपोर्ट- अविनाश मंडल



पाकुड़:पियरलेस हॉस्पिटल कोलकाता के ख्यातनामा हृदय रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ शुभेंदु दास एवं डॉ प्रसेनजीत भट्टाचार्य ने बंगाली एसोसिएशन पाकुड़ के सहयोग से शहर स्थित भारत सेवाश्रम पाकुड़ में एकदिवसीय मुफ्त चिकित्सा कार्यक्रम आयोजित किया रविवार दिन के 11 बजे से शाम 5.30 तक लगभग 80 रोगियों का मुफ्त ईलाज किया गया। जिसमें एसोसिएशन के निरंजन घोष, सुभाष सरकार, सत्यवान दास, सीतानाथ सरकार, अनूप कुमार सिन्हा, संतोष कुमार नाग, राजीव झा अधिवक्ता, पवन कुमार जैन, मुकुल भट्टाचार्य, पिंकी चटर्जी,दिलीप कुमार घोष,अंबिका राय चौधरी, मानिक चंद्र देव के विशेष योगदान कार्यक्रम को सफल बनाने में रहा।

### निर्दलीय प्रत्याशी पिंकू शुक्ला के आवास कार्यालय में हुई बैठक आज करेंगे नामांकन

रिपोर्ट- अविनाश मंडल



पाकुड़: पाकुड़ रविवार को विधानसभा चुनाव में बतौर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पाकुड़ के हिंदूवादी नेता, प्रखर वक्ता मुकेश कुमार शुक्ला उर्फ पिंकू शुक्ला के आवास, शहरकोल में एक आवश्यक बैठक का आयोजन मुकेश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में हुई जिसमें इस विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में जिले के विभिन्न पंचायतों से हिंदूवादी व सनातनी कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में आज सोमवार को मुकेश कुमार शुक्ला के द्वारा नामांकन किए जाने की तैयारी पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मुकेश कुमार शुक्ला ने उपस्थित कार्यकताओं को भगवा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस बैठक में नीरज कुमार मिश्रा, कमल पांडे, चंदन प्रकाश, संतोष कुमार, गुड्डू मल्लिक, नवजीत साहा, राजेश, कुमार शुक्ला, राजीव नयन मिश्रा, सुमंतो दास , रंजीत चौबे, सुमित भास्कर,राजा सरदार, कृष्णा दास, सुकु मंडल, संदीप त्रिवेदी, अजय प्रमाणिक, चरण राय, सुमित भाष्कर, मिंटू गिरी, शिव मुर्मू, सूरज रजक, सानू झा के आलावा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे ।

### कोडरमा में तीन दिवसीय पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव का आयोजन

कोडरमा विजय यादव



आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने कोडरमा में तीन दिवसीय पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव का आयोजन किया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने इसका उद्घाटन किया। उत्सव में मतदाता जागरूकता हेतु कई गतिविधियाँ, जैसे खेल प्रतियोगिता, मेंहदी, पेंटिंग, और साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। मेघा भारद्वाज ने सभी मतदाताओं से 13 नवंबर को मतदान में भाग लेने की अपील की।

### 30 अक्टूबर 2024 तक जमा करें शस्त्र

साहिबगंज :विधानसभा आम निर्वाचन-2024 को लेकर विधि-व्यवस्था संधारण, जन शांति बनाए रखने व निष्पक्ष चुनाव हेतु अनुज्ञप्तिधारी शस्त्रों को सुरक्षित रखा जाना है। उपायुक्त- सह- जिला दंडाधिकारी ने जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्र-शस्त्रों (कारतूस सहित) को स्थानीय थाना अथवा अधिकृत शस्त्र व कारतूस विक्रेता के पास 30 अक्टूबर, 2024 तक विधिवत सुरक्षित रखवाना सुनिश्चित करेंगे।इस आदेश के उल्लंघन की स्थित में भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई तथा शस्त्र अधिनियम व नियमावली के आलोक में उनकी अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ को मिलेगी स्वास्थ्य सेवाओं की नई दिशा, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे वर्चुअल शुभारंभ

**नई दिल्ली,** 27 अक्टूबर (आरएनएस) ।छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। 29 अक्टूबर को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से दो प्रमुख स्वास्थ्य परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। रायपुर में 100 बिस्तरों वाले केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (CRIYN) की नींव रखी जाएगी, जो 24 महीनों में तैयार होगा और 90 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। वहीं, बिलासपुर में 200 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 240 बिस्तरों का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल सिम्स का भी वर्चुअल उद्घाटन होगा। स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर पहुंच छत्तीसगढ़ में स्थापित होने वाला



CRIYN राज्य का पहला ऐसा केंद्र होगा, जो प्राकृतिक चिकित्सा और योग के क्षेत्र में अनुसंधान और प्रशिक्षण की सुविधाएं देगा। यह संस्थान न केवल राज्य के लोगों को स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करेगा, बल्कि स्कूलों और युवाओं के बीच भी योग और प्राकृतिक चिकित्सा की जागरूकता फैलाएगा। केंद्र की स्थापना से दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों के लोग भी आधुनिक चिकित्सा सेवाओं का लाभ ले सकेंगे, जो राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल सिम्स: उच्च स्तरीय इलाज की सुविधा बिलासपुर में स्थित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल सिम्स के शुरू होने से मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं पास में ही मिलेंगी। पहले चरण में ओपीडी और बेसिक सेवाएं शुरू होंगी, और जल्द ही अस्पताल पूरी तरह से कार्यशील हो जाएगा। इससे सरगुजा और बिलासपुर संभाग के मरीजों को रायपुर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

# कांग्रेस प्रत्याशी नीशात आलम का गर्म जोशी से कार्यकताओं ने किया कांग्रेस कार्यालय में स्वागत

रिपोर्ट- अविनाश मंडल



पाकुड़: पाकुड़ रविवार को पूर्व मंत्री सह वर्तमान विधायक आलमगीर आलम की धर्मपत्नी महागठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम का पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थको द्वारा जोरदार तरीके से स्वागत किया गया , कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, आलमगीर आलम जिंदाबाद, निसात अलम जिंदाबाद, तनवीर आलम जिंदाबाद का जोरदार नारा भी लगाया साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा चुनाव संबंधित बैठक भी किया. निसात आलम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां की प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए उन्होंने दावा की पाकुड़ विधानसभा से फिर से कांग्रेस की जीत होगी ' आज निशात आलम आज पहली उन्होंने कहा आज मैं पहली बार पाकुड़ कांग्रेस कार्यालय पहुंची हूं और कार्यकर्ताओं से रूबरू हुईहुई हूँ, आप कार्यकर्ताओं का जोश देखकर ऐसा ही लग रहा है कि हम पाकुड़ विधानसभा जीत रहे हो, उन्होंने कहा नामांकन 29 अक्टूबर को किया जाना है, कहा - अपने पति के अधूरे कार्यो को पूरा कर विकास की गति को आगे बढ़ाने का काम करूंगी .... महिलाएं घर से बाहर निकलें और अपने हक के लिए हमारा साथ दें। आपको बताते हुए चले की पाकुड़ विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी बनाई गई निसात आलम रविवार को पहली बार पाकुड़ कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य और जोरदार स्वागत किया। पार्टी कार्यालय में पाकुड़ प्रखंड के 36 पंचायत के मौजूद कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए निसात आलम ने उन्हें संबोधित कर कहा कि आज आपके बीच आपके दादा आलमगीर साहब यहां मौजूद नहीं है, लेकिन पार्टी शीर्ष नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, खड़गे साहब ने उनकी जगह पर हमें जिम्मेवारी और जवाबदेही देकर आपके पास भेजा है। आप सबों के समर्थन और मेहनत के बदौलत से हम आलमगीर साहब के अधूरे काम और साथ साथ पाकुड़ की जनता का तरक्की और खुशहाली को बरकरार बनाए रखने के लिए आई हूं। हम सब कार्यकर्ता मिलकर पाकुड़ के विकास के लिए काम करेंगे और आगामी 29 अक्टूबर को मैं अपना नामांकन करूंगी।

# भाजपा विधायक प्रत्याशी ने आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से सदर पश्चिमी मंडल में दौरा किया

**रोटी, बेटी, माटी की पुकार झारखंड मे आ रही भाजपा सरकार - प्रदीप प्रसाद**

हजारीबाग-



हजारीबाग सदर विधानसभा के सदर पश्चिमी मंडल के मासीपीढी, मुकुन्दगंज, हरहद, दोनो रेशाम, हुपाद, गणेशीटाँड, सुंदरपूर, बभनबै, बोचों, बभनी, सलैया,भेलवारा, डेमोटाँड, तुम्बा, मोरांगी, हत्यारी सहित दर्जनों गाँवों मे अशीर्वाद यात्रा के माध्यम से हजारीबाग सदर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने 13 नवंबर को कमल निशान पर बटन दबाकर भाजपा सरकार बनानें की अपील किया। उन्होनें कहा कि इंडी गठबधंन सरकार से त्रस्त प्रदेश की जनता भी सुशासन की स्थापन के लिए भाजपा सरकार बनानें के लिए संकल्पित दिखाई दी। सदर पश्चिमी मंडल के मेरे सभी परिवारजनों को उनके अपार स्नेह और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त करता हूँ। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित सिन्हा ने कहा कि इस बार जनता पूरा मन बना चूकी है कि पूरें प्रदेश मे कमल खिलेगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता टौनी जैन नें भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद कों जितानें का अपील किया। इस आशीर्वाद यात्रा में पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रणधीर पाण्डेय, विजय साहु, छोटेलाल साहु, शंभु प्रसाद , पूर्व मुखिया चौधरी साव, केदार साव, मोहन साव, पूर्व जिप सदस्य प्रतिनिधि रंजीत राम, विजय साव, अविनाश यादव, कृष्णा कुमार, अनमोल साव,पूर्व जिप सदस्य प्रियंका कुमारी, लाखपति साव, मंटू कुमार, पिन्टु साहु, पूर्व मुखिया, प्रयाग राम, मुखिया सिहं सहित सैकेडो संख्या मे लोग उपस्थित थे।

# हजारीबाग में कांग्रेस के प्रति बढ़ता जनसमर्थन, इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह के नेतृत्व में व्यापक जनसंपर्क अभियान

हजारीबाग-



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हजारीबाग विधानसभा सीट से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने आज सदर प्रखंड के विभिन्न गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ उन्होंने हथियारी मोड़, मोरांगी, डेमोटांड, हुपाद, कल्लू चौक (हरहद), बकसपुरा, बभनबै, सलईया, भेलवारा, चपवा, सिंदूर चौक, करकरी, प्रेम नगर, सियारी रोड, ढोटवा मोहल्ला, बजरंग बली मंदिर, दुर्गा मंडप, बेलघाट शिव मंदिर, अम्बेडकर चौक और नगवा गांव सहित कई अन्य स्थानों का दौरा किया। इस अभियान के दौरान मुन्ना सिंह ने स्थानीय निवासियों से जनसंवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं और जरूरतों को नजदीक से समझा। अभियान में हर आयु वर्ग के लोग, विशेष रूप से बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं, बड़ी संख्या में जुड़ते गए। मुन्ना सिंह ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ पार्टी के लिए नहीं, बल्कि हजारीबाग की जनता के विकास और बेहतरी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी को समर्थन देकर क्षेत्र के विकास में अपना योगदान दें। इस जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान हजारीबाग कांग्रेस के महासचिव विनोद कुशवाहा, ओबीसी मोर्चा की प्रदेश महासचिव रेणु देवी, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कमल राज, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, राजद जिलाध्यक्ष चरका यादव, कांग्रेस सदर प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, सदर प्रखंड उप प्रमुख रविकांत सिंह, पौंता पंचायत के मुखिया लाल धारी राम, बैहरी पंचायत के मुखिया पप्पू यादव, हरहद पंचायत के पूर्व मुखिया इद्रिश, बबलू मेहता, उषा देवी, मंजू देवी, और मोहम्मद बदरुद्दीन सहित कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुन्ना सिंह की जनसंपर्क यात्रा के प्रति लोगों में भारी उत्साह देखा गया और यह अभियान हजारीबाग में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस जनसंपर्क यात्रा ने हजारीबाग के राजनीतिक पारे को बढ़ा दिया है, और कांग्रेस पार्टी के प्रति लोगों का रुझान और समर्थन लगातार बढ़ता नजर आ रहा है।

# मांडर. टांगरबसली हाट से 84 लीटर अवैध देशी शराब बरामद

**मांडर.** मांडर पुलिस ने रविवार को टांगरबसली हाट में अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया. इस दौरान पुलिस ने हाट में बेचने के लिए प्लास्टिक के डिब्बों में रखे करीब 84 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया. पुलिस को देख महुआ शराब के अवैध धंधे से जुड़े लोग भाग खड़े हुए. मामले को लेकर मांडर थाना में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है!

# डीपीएस पाकुड़ के सभागार में स्वर्ण पदक विजेताओं को सम्मान राशि प्रदान की गई

रिपोर्ट- अविनाश मंडल




पाकुड़: डीपीएस पाकुड़ एक प्रगतिशील और उदारवादी स्कूल है जो की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय के निदेशक, अरुणेंद्र कुमार का मानना है कि ₹शिक्षा का उद्देश्य आत्मविश्वास, अनुशासन, और स्पष्ट विचारों को विकसित करना है। शिक्षा का यह उद्देश्य पाठ्यक्रम के साथ-साथ सह-पाठयक्रम गतिविधियों में बच्चों को प्रोत्साहित करने से ही पूर्ण हो सकता है।₹ डीपीएस प्रारम्भ से ही बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य व्यावहारिक और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप विद्यालय के बच्चों की प्रतिभा हर क्षेत्र में निखर कर सामने आ रही है। हाल ही में क्लस्टर-क्क्क 2024 में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वे स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने जिले के साथ-साथ अपने राज्य का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर ऊँचा किया। दिनांक 25/10/24 को स्वर्ण पदक विजेता परिधी कुमारी और समृद्धि कुमारी ने विद्यालय के सभागार में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने क्लस्टर क्क्क2024 बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपनी जीत की कहानी सुनाई और नेशनल चैंपियनशिप में अपने शानदार अनुभव के बारे में बारे में बताया. इस अवसर पर, प्रधानाचार्य जे के शर्मा ने परिधी और समृद्धि को 10,000 रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। अरुणेंद्र कुमार ने अपने संदेश में कहा, ₹हमें अपने बच्चों पर गर्व है। उन्होंने न केवल अपने लिए, बल्कि अपने विद्यालय और समाज और अपने राज्य को भी गौरवान्वित किया हैं। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। प्रधानाचार्य जे के शर्मा ने कहा, परिधी और समृद्धि की जीत हमें यह याद दिलाती है कि मेहनत और समर्पण से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। उनकी सफलता अन्य बच्चों को भी प्रेरित करेगी । परिधी और समृद्धि ने अपने अनुभव साझा करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि , हमें अपने विद्यालय, शिक्षक गण और परिवार का समर्थन मिला, जिसके कारण हम यहाँ तक पहुँच पाए। हम आने वाले दिनों में और अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगे।

# बरकट्ठा विधानसभा प्रत्याशी अनूप भाई ने चलाया जनसंपर्क अभियान

इचाक-



अटल विचार मंच से बरकट्ठा विधानसभा के युवा प्रत्याशी अनूप भाई ने रिमझिम बारिशों के बीच इचाक प्रखंड में दौरा का जन आशीर्वाद मांगा। जन संपर्क अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों में काफी संख्या में लोग शामिल रहे जिनमें महिलाएं, पुरुष, युवा शामिल रहे। लोगों के बीच अनूप भाई के प्रति एक अलग प्रकार का विश्वास तथा नई उम्मीद की किरण नजर आई। अनूप भाई ने लोगों से संवाद के बीच कहा कि आज तक बरकट्ठा विधानसभा में पलायन की समस्या रुकी नहीं है बल्कि दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहा है और प्रदेश में उनकी मृत्यु हो जाती है तो उनका मृत शरीर एक पैकेट में पैक होकर कई दिनों के बाद आता है, अगर आप सभी अनूप भाई को इस बार अपना आशीर्वाद रूपी मत देकर विधानसभा भेजने का काम करते है तो सबसे पहले मेरा मुख्य उद्देश्य लोगों को पलायन से रोकना है, अपना घर का बेटा - भाई अपने घर में रहकर रोजगार करेंगे। बरकट्ठा क्षेत्रवासी नेता नहीं बेटा को चुने जो उनके विकास के लिए कार्य करे आजतक जो लोग वर्षों से इस विधानसभा क्षेत्र में शासन कर रहे है उन्होंने विकास के नाम पर सिर्फ झूठे वादे किए है लोगों ने एकजुट होकर अबकी बार तीसरा विकल्प का नारा दिया जिसमें पूरे क्षेत्र में एक नई ऊर्जा और उत्साह का माहौल बन गया ।

# मांडर. असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी ने किया उचरी स्थित कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला का अवलोकन



**मांडर**-असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी मुंइया सरमा रविवार को उचरी स्थित कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला का अवलोकन करने पहुंची. इस दौरान उन्होंने असम के पत्रकार जारीर हुसैन के साथ रात्रि पाठशाला के संरक्षक डॉ अरुण उरांव के अलावा पाठशाला के शिक्षकों व बच्चों से रात्रि पाठशाला की जानकारी हासिल की. डॉ अरुण उरांव ने उन्हें रात्रि पाठशाला की शुरूआत से लेकर अब तक की गतिविधि और इसके उद्देश्य के साथ ही इसकी शुरूआत से गांवों में हो रहे बदलाव के संबंध में विस्तार से बताया. रिनिकी मुंइया सरमा रात्रि पाठशाला के गतिविधियों से काफी प्रभावित हुयीं और पाठशाला के माध्यम से किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि असम में भी इस तरह के विद्यालय खोले जाएं. इस अवसर पर रात्रि पाठशाला के बच्चों ने भी अपने बातें रखी और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये. संचालन कार्तिक लोहरा व धन्यवाद ज्ञापन अनिल उरांव ने किया. मौके पर नगड़ा मुखिया बहादुर उरांव, राजू लोहरा, पीयूष तिर्की, डॉ रवींद्र नाथ शर्मा, नेहा, सिबन, स्टीफेनसन, रामु, प्रेम, बसंती, सूरज, रिंकू, सूरज, सुको सहित अन्य मौजूद थे!

# केरल में बढ़ते कट्टरपंथ और सुरक्षा चुनौतियों पर एचआरडीएस इंडिया का केंद्र से तुरंत हस्तक्षेप का आग्रह

**कट्टरपंथ के खतरे, नशीली दवाओं की तस्करी और संवैधानिक उल्लंघनों को लेकर शिकायत दर्ज**

**नई दिल्ली,** एचआरडीएस इंडिया ने नई दिल्ली के कनॉट प्लेस पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कर केरल में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था से संबंधित गंभीर चिंताएं उठाई हैं। यह एक सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों के लिए समर्पित एक प्रमुख गैर-लाभकारी संगठन है। संगठन के संस्थापक-सचिव अजी कृष्णन द्वारा दर्ज की गई इस शिकायत में केरल में बढ़ते कट्टरपंथ, नशीली दवाओं की तस्करी और संवैधानिक उल्लंघनों को लेकर केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की अपील की गई है। शिकायत में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के द हिंदू को दिए गए एक साक्षात्कार का उल्लेख है (30 सितंबर 2024), जिसमें उन्होंने मलप्पुरम जिले में बढ़ते कट्टरपंथी खतरों की बात स्वीकार की थी। ल्फ्क्ष INDIA ने चेतावनी दी है कि ये मुद्दे केरल की सुरक्षा और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा हैं। 1. संवैधानिक उल्लंघनः एचआरडीएस इंडिया का आरोप है कि केरल सरकार अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) और अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) की रक्षा करने में असफल रही है। गृह मंत्री के रूप में मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी है कि वे आंतरिक खतरों के खिलाफ कार्यवाही करें, जो कि अनुच्छेद 355 के अंतर्गत आता है। 2. सोने की तस्करी और आतंकवाद को वित्त पोषणः मलप्पुरम में सोने की तस्करी और आतंकवादी फंडिंग के बीच कड़ी का आरोप लगाया गया है, जिससे जनता की सुरक्षा पर खतरा बढ़ता है। 3. कानून प्रवर्तन में राजनीतिक प्रभावः रिपोर्ट्स के अनुसार, कानून व्यवस्था में राजनीतिक प्रभाव हो सकता है, जिससे जनता का पुलिस पर से भरोसा उठ रहा है। 4. नशीली दवाओं के नेटवर्क और कट्टरपंथः नशीली दवाओं से संबंधित अपराध और कट्टरपंथी समूहों के बीच संबंध बढ़ते सुरक्षा मुद्दों को जन्म दे रहे हैं, जिन पर तुरंत कार्रवाई की आवश्यकता है। एचआरडीएस इंडिया केंद्र से केरल सरकार की इन मुद्दों पर प्रतिक्रिया की निष्पक्ष जांच की मांग करता है और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर देता है। इस विषय पर अजी कृष्णन ने कहा, ₹केरल में बढ़ते कट्टरपंथ और सांप्रदायिक तनाव राज्य के सामाजिक तानेबाने को कमजोर कर सकते हैं। हम जनता की सुरक्षा और कानून के शासन की रक्षा के लिए तत्काल हस्तक्षेप की अपील करते हैं।

# दिवाली कालीपूजा और छठ को लेकर शान्ति समिति की बैठक का आयोजन

**साहिबगंजः** नगर थाना में दिवाली, काली पूजा और छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता और SDO अंगार नाथ स्वर्णकार ने की, जिसमें रेल थाना प्रभारी धनंजय कुमार सिंह, अंचल अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदमों पर गहन चर्चा की। पूजा समितियों ने नगर पालिका अधिकारी से सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य सुविधाओं के विशेष प्रबंध का आग्रह किया, ताकि पूरे क्षेत्र में त्योहार का माहौल सुरक्षित और सुव्यवस्थित बना रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### युवा नेता हर्ष अजमेरा ने जन आशीर्वाद यात्रा के दूसरे दिन कटकमदाग प्रखंड का किया दौरा

**हजारीबाग–**



युवा नेता और निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने अपनी जन आशीर्वाद यात्रा के दूसरे दिन कटकमदाग प्रखंड का दौरा किया। यात्रा की शुरूआत नरसिंह स्थान मंदिर में पूजा अर्चना से हुई और विभिन्न पंचायतों में जनता से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनका समर्थन और आशीर्वाद प्राप्त किया। जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान हर्ष अजमेरा ने शहीद जगदीश कच्छप को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की और अपने विकास संकल्प पर जोर दिया। उन्होंने स्थानीय निवासियों की समस्याओं को समझते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मुद्दों पर काम करने का आश्वासन दिया। हर्ष अजमेरा ने कहा, आप सभी का समर्थन मेरे लिए प्रेरणास्त्रोत है, और मैं समाज सेवा को प्राथमिकता देकर क्षेत्र के विकास के लिए सदैव समर्पित रहूंगा।

### जेएलकेएम के सदर विधानसभा प्रत्याशी उदय मेहता ने हजारीबाग के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया धुआंधार जनसंपर्क अभियान, लोगों से समर्थन की अपील



**हजारीबाग–**

सदर विधानसभा चुनाव में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम/जेबीकेएसएस ) के प्रत्याशी उदय मेहता ने रविवार को हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में धुआंधार जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कृष्णानगर, मशरातु, पसई, बानादाग, कटकमदाग, बांका, हांथामेढी, सुल्ताना, तिलैया और मायातू में डोर-टू-डोर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया और अपने पक्ष में समर्थन की अपील की। इस दौरान उदय मेहता ने पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो की नीतियों को झारखंड के समग्र विकास का आधार बताया। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि पार्टी टाइगर जयराम महतो के सिद्धांतों पर चलते हुए राज्य के हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मेहता ने कहा कि उनकी पार्टी झारखंड में सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन लाने के लिए पूरी ईमानदारी से प्रयासरत है। वहीं इस अभियान में उपस्थित समर्थकों ने टाइगर जयराम महतो जिंदाबाद और उदय मेहता जिंदाबाद के नारों से माहौल को जोश और उत्साह से भर दिया। समर्थकों की भारी भीड़ ने इस जनसंपर्क अभियान को और भी प्रभावी बना दिया, जिससे उदय मेहता के पक्ष में माहौल और अधिक मजबूत होता दिखा।

### शिलाडीह गांव को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग की स्थिति नरकीय, ग्रामीणों को घर से निकलना हुआ मुश्किल

**संवाददाता: बरकट्ठा**



बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिलाडीह को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। जीटी रोड़ से शिलाडीह के बीच संजय लामा के घर के पास रोड़ पूरी तरह से जर्जर हो गया था। जहां ईंट के टुकड़े और मिट्टी को डालकर काम चलाऊ बनाया गया था। दाना साइक्लोन के कारण पिछले तीन दिनों के लगातार बारिश होने के कारण रास्ता कीचड़ और दलदल में तब्दील हो गया है। जहां वाहन तो दूर लोगों को पैदल चलने में भी काफी मुश्किल हो रही है। उक्त मार्ग से छोटे-छोटे बच्चे इसी से विद्यालय आते जाते हैं जिन्हें गिरने और दुर्घटनाग्रस्त होने की काफी संभावना रहती है। बरकट्ठा बाजार जाने के लिए लोग टेंपो से आना किया करते हैं लेकिन कीचड़ में टेंपु भी पार नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण जीतन पंडित ने बताया कि मैं इस रास्ता में गिर चुका हूं जिससे मेरा हड्डी भी फ्रेक्चर कर चुका है। यदि इस सड़क कि समस्या का निदान नहीं हुआ तो हम लोग चुनाव में नेताओं को सबक सिखाएंगे।

### निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराने को लेकर पुलिस ने निकाला बरकट्ठा में फ़्लैग मार्च

**संवाददाता बरकट्ठा**



बरकट्ठा। विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने को लेकर बरकट्ठा में पुलिस प्रशासन के द्वारा फ़्लैग मार्च निकाला गया। रविवार को बरही पुलिस उपाधीक्षक अजीत विमल के नेतृत्व में फ्लैग मार्च पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। जो बरकट्ठा थाना से शुरू होकर हाई स्कूल बरकट्ठा, कोनहराखुर्द, महावर मोड़, बिरहोर कॉलोनी, कोनहराकला, बरकट्ठा अडवार में फ्लैग मार्च निकाला। डीएसपी अजीत विमल ने लोगों से विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में निष्पक्ष और भयमुक्त होकर चुनाव महापर्व में शामिल होने की अपील किया। साथ ही कहा कि चुनाव में सौहार्द बिगाड़ने वाले लोगों से पर कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में बरकट्ठा पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी, थाना प्रभारी राजेश भोक्ता समेत सैकड़ों पुलिस जवान शहीद थे।

### भोजपुरी फिल्म माई से बढ़के कोई नाही का होगा निर्माण, हजारीबाग के कलाकारों को मिलेगा मौका

**हजारीबाग–**



एआर एंड एसएस प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले भोजपुरी फिल्म माई से बढ़के कोई नाही का निर्माण होगा, जिसकी जानकारी प्रोड्यूसर संजय सिंह सोलंकी ने दी। फिल्म के लिए 24 नवंबर 2024 को कलाकारों का ऑडिशन रखा गया है, और 1 जनवरी 2025 से झारखंड की वादियों में इसकी शूटिंग शुरू की जाएगी। फिल्म में झारखंड के स्थानीय कलाकारों को मौका मिलेगा। निर्देशन संजय सिंह सोलंकी और सहनिर्देशन दीपक सिन्हा करेंगे, जबकि संगीत की जिम्मेदारी राकेश सिन्हा (डब्ल्यू) पर होगी। प्रबंधक की भूमिका डॉ. रंजन कुमार और मनोज कुमार उर्फ माथुर साहब निभाएंगे। यह एक पारिवारिक फिल्म होगी, जिसमें कॉमेडी और एक्शन का मिश्रण रहेगा। बैठक में डॉ. प्रदीप सेन गुप्ता, सीमा गुप्ता, अनीता वर्मा, और अन्य स्थानीय कलाकार उपस्थित थे, जो फिल्म को लेकर काफी उत्साहित नजर आए।

## भाजपा हर चुनाव में मंच को दरकिनार कर चलता है जिसकी खमियाजा इस विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगी - संत कुमार घोष



**साहिबगंज** - हिंदू धर्म रक्षा मंच की राजमहल बूथ स्तर कार्यकर्ता बैठक विवाह भवन हॉल, राजमहल में संपन्न हुई बैठक कि अध्यक्षता मंच के जिला प्रभारी तपन मंडल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष तथा महासचिव बजरंगी महतो अन्य मंच के पदाधिकारी कि उपस्थिति में बैठक हुई । बैठक में आये कार्यकर्ता के बीच राजमहल विधानसभा चुनाव से संबंधीत चर्चा हुई। मंच के जिला प्रभारी तपन मंडल ने कहा कि भाजपा के जिला पदाधिकारी के द्वारा और ना ही प्रत्याशी के द्वारा लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा हो हर चुनाव में पार्टी द्वारा दरकिनार कर चलते हैं। कभी भी मंच के किसी भी सदस्य को सम्मान नहीं दिया जाता है। बैठक में विधानसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राजमहल विधानसभा सीट से स्वतंत्र उम्मीदवार सुनील यादव को समर्थन दे कर विधानसभा सीट जीत हासिल करना है। मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष ने सुनील यादव को माला पहनकर स्वागत किया और घोष ने कहा कि राजमहल विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता एवं आम जनता से भी अपील करते हुए कहा कि सुनील यादव जी भारी मतों से विजय बनावे का संकल्प ले कर क्षेत्र में प्रचार प्रसार में लाग जाना है। मंच के प्रदेश महासचिव बजरंगी महतो ने भी कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी चुनाव हो हर चुनाव में हिंदू धर्म रक्षा मंच के कार्यकर्ता को अनादर किया जाता है इसलिए मंच के कार्यकर्ता का निर्णय सर्वोपरी है और हम लोग मानते हुए राजमहल विधानसभा क्षेत्र के स्वतंत्र प्रत्याशी को जीता कर विधानसभा रांची भेजना है। बैठक में मिथुन राजवंशी बिरजू घोष, अनिष कुछ मंडल, देवाशीष यादव, अरविंद बसाक देवाशीष मंडल, अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे

## लापता उत्कर्ष फाइनेंस बैंक कर्मी का शव बरामद,छानबीन में जुटी पुलिस

**चकाई**:शुक्रवार की रात्रि से लापता उत्कर्ष फाइनेंस बैंक चकाई में कार्यरत कर्मी 26 वर्षीय नीलकमल कुमार का शव रविवार की सुबह चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत लेवाटांड़ गांव के समीप स्थित पुल के बगल से बरामद किया गया है। मृतक सिकंदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुमार गांव का निवासी है। वह पिछले दो वर्षो से चकाई में उत्कर्ष फाइनेंस बैंक में फिल्ड ऑफिसर के पद पर रहकर ऋण वसूली का कार्य करता था।मृतक का दोनों हाथ पीछे से बंधा हुआ था।साथ ही शरीर के कई स्थानों पर चोट का निशान भी था। शव को देखने से ऐसा प्रतीत होता था कि पीट-पीट कर उसकी हत्या की गई है। हत्या के बाद शव को लेवाटांड़ गांव के समीप स्थित धरहरा नदी पर बने पुल के बगल में फेंक दिया गया। इधर अवैध संबंध के कारण उसकी हत्या की बात सामने आ रही है। वहीं पुलिस एक महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के पिता ने बताया कि नीलकमल बीते दो वर्षो से उक्त बैंक में कार्य कर रहा था। शुक्रवार की रात्रि से उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा था। बैंक की शाखा में पता करने पर बताया गया कि शुक्रवार को वह सिमरिया,चकाई, चौफला एवं सिमरा में कलेक्शन करने गया था। इस दौरान उसने शुक्रवार की रात्रि को कलेक्शन किए गए पैसे को जमा भी करवाया। उसके बाद पुनः कलेक्शन के लिए सिमरा गांव निकल निकल गया। जिसके बाद उसका कोई सुराग नहीं लग पाया।फोन लगातार स्विच ऑफ आने के बाद मृतक के पिता चकाई पहुंचे एवं चंद्रमंडीह थाने में शनिवार की रात्रि को पुत्र की बरामदगी की गुहार लगाते हुए आवेदन दिया।जिसके बाद पुलिस ने खोजबीन शुरू की वहीं इस दौरान रविवार की सुबह उसकी शव पुल के बगल से बरामद की गई। जिसके बाद पुलिस शव को जब्त कर थाने लेकर आई। जहां से शव को पोस्टमार्टम के लिए जमुई भेज दिया गया। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष सुबोध यादव ने बताया कि शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए जमुई भेज दिया गया है।साथ ही आरोपितों के धड़-पकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उत्कर्ष फाइनेंस कंपनी में कार्यरत कर्मी नीलकमल की शादी तीन वर्ष पूर्व ही मोना कुमारी के साथ हुई थी। इस दौरान उसे एक पुत्री हुई। जिसकी उम्र लगभग डेढ़ वर्ष है। चार भाइयों एवं एक बहन में सबसे बड़े नीलकमल पर घर के दायित्वों का बोझ था। यही कारण था कि वह बहुत कम उम्र से ही नौकरी कर घर परिवार को संभालने में जुट गया। चंद्रमंडीह थाने में मौजूद उसके स्वजनों ने बताया कि मृतक काफी मृदुभाषि था। उसका किसी के साथ जल्द विवाद भी नहीं होता था। इसके बावजूद उसकी हत्या समझ से परे है। लोगों ने बताया कि उसकी हत्या के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## 28 तारीख को देवघर विधानसभा में विधायक नारायण दास के नॉमिनेशन में शिवराज सिंह चौहान एवं सांसद निशिकांत दुबे मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे

**देवघर से दिव्य दिनकर**
**संवाददाता प्रेम रंजन झा**





भारतीय जनता पार्टी देवघर जिला के तीनों विधानसभा में प्रत्याशी नारायण दास रणधीर सिंह गंगा नारायण सिंह करेंगे नॉमिनेशन देवघर विधानसभा मैं विधायक नारायण दास प्रत्याशी के रूप में समय दिन के 12:30 बजे करेंगे नॉमिनेशन इनका नॉमिनेशन देवघर के केके स्टेडियम से विशाल जनसभा के साथ नॉमिनेशन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी किया पहुंचेंगे मुख्य रूप से उपस्थित केंद्रीय मंत्री झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई सांसद निशिकांत दुबे मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे सारठ विधानसभा में विधायक रणधीर सिंह रागा सिरसा शानी सिमरा मैदान सारठ से विशाल जनसभा के साथ समय दिन के 11:00 बजे करेंगे नॉमिनेशन इनके नॉमिनेशन में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे मधुपुर विधानसभा के प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह मधुपुर के रेलवे फुटबॉल ग्राउंड 11:00 बजे पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सांसद निशिकांत दुबे मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे देवघर जिला में तीनों प्रत्याशी का नॉमिनेशन 28 अक्टूबर को होगा

## साइकिल पर सवार हुए पूर्व विधायक अकिल अख्तर,समाजवादी पार्टी से लड़ेंगे चुनाव

**रिपोर्ट– अविनाश मंडल**



बरहरवा/पाकुड़: पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने तमाम अटकलों को विराम देते हुए रविवार को समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए अपनी नई राजनीतिक यात्रा की घोषणा की। इस घोषणा के साथ ही समर्थकों और कार्यकताओं के बीच उत्साह की लहर दौड़ गई है। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए श्री अख्तर ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव सहित सभी वरीय पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और समाजवादी पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने पाकुड़ क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं पर जोर देते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता जल, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रही है। पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने पाकुड़ में व्याप्त भ्रष्टाचार और विशेषकर वर्तमान विधायक आलमगीर आलम के कुशासन की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि आलमगीर आलम की भ्रष्ट नीतियों ने पाकुड़ के विकास को अवरुद्ध कर दिया है। यहां के लोगों ने वर्षों से इस भ्रष्टाचार और पक्षपात का सामना किया है, और मैं समाजवादी पार्टी के माध्यम से इन समस्याओं का हल निकालने के लिए प्रतिबद्ध हूं। उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी का समता, न्याय और विकास का विचार उनके अपने आदर्शों से मेल खाता है। वे समाजवादी पार्टी के माध्यम से पाकुड़ में समानता और भाईचारे का माहौल स्थापित करना चाहते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से आह्वान किया कि वे इस नये सफर में समाजवादी पार्टी के सिद्धांतों का पालन करते हुए क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा में जुट जाएं। श्री अख्तर का यह निर्णय उनके समर्थकों के लिए नई उम्मीद लेकर आया है। समाजवादी पार्टी में शामिल होने के साथ ही उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि उनका लक्ष्य पाकुड़ के जन-जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना और राज्य में समाजवादी पार्टी के सिद्धांतों को मजबूती से स्थापित करना है।

### मुफस्सिल पुलिस ने गैर जमानतीय में 3 पुरुष 2 महिला को भेजा जेल

**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना की पुलिस ने रविवार को रामपुर दियारा के रहने वाले 3 पुरुष 2 महिला गैर जमानतीय (NBW)वारंटी में 1. बुधराम सिंह 2. राजकुमार सिंह 3. दीनानाथ सिंह एवं दो अन्य महिला कुल पांच लोगों को गिरफ्तार कर न्याय हिरासत में भेजा जेल। जहां इसकी जानकारी थाना प्रभारी मदन कुमार ने दी।

## आस्था का महापर्व छठ पर्व को लेकर अभी तक नहीं शुरू हो पाया है छठ घाट की साफ सफाई का कार्य

**संवाददाता गोड्डा – नकीब जिया**



बसंतराय/गोड्डा - गोड्डा जिला के बसंतराय प्रखंड का ऐतिहासिक तालाब बसंतराय तालाब के चारो तरफ छठ घाट कूड़े कचरे और गंदगी से भरा पड़ा हुआ है,जबकि आस्था का महापर्व छठ नजदीक है और अभी तक छठ घाट की सफाई शुरू नहीं हुई है , इस स्तिथि में आस्था का महापर्व छठ में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना होगा। वही छठकर्ता ने छठ पूजा की तैयारी शुरू कर दी है। ऐतिहासिक तालाब के चारों ओर किनारे में बने छठ घाटों पर बड़ी संख्या में छठ व्रती अर्घ्य देते है। वर्तमान समय में तालाब के किनारे फैली गंदगी को लेकर बसंतराय वासी काफी परेशान और चिंतित है। स्थानीय लोगों ने प्रखंड प्रशासन से यथाशीघ्र छठ घाटों की साफ सफाई कराने की मांग की है। वही तालाब में लगा है जलकुंभी और गंदगी का अंबार,गंदगी का मुख्य कारण तालाब में फैला जलकुंभी और दुकानदार द्वारा फेंके जाने वाला कूड़ा कचरा हैं। महापर्व छट में व्रती अर्घ्य देते हैं। वही ऐतिहासिक बसंतराय तालाब की साफ सफाई की जिम्मेदारी प्रखंड प्रशासन की है। यहां बड़ी संख्या में छठ व्रती अर्घ्य देते हैं। तालाब के चारों ओर छठ घाटों पर आसपास दर्जनों गांव के छठ वर्ती अर्घ्य देने पहुंचते हैं। बता दे कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में छठ पर्व को लोग श्रद्धा भक्ति से मनाते हैं। लेकिन प्रशासन की ओर से छठ घाटों की साफ सफाई का कार्य अबतक शुरू नहीं हुआ है जिनसे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

***क्या कहते है समाजसेवी***

लोकनाथ गुप्ता - छठ घाट का साफ सफाई स्थानीय प्रशासन द्वारा अभी तक नहीं कराई गई है,अगर सफाई नहीं कराई गई तो हम खुद साफ सफाई कराएंगे !

## स्वच्छता पर्यवेक्षक के द्वारा बैठक आयोजित,वीणा कुमारी को प्रखंड पर्यवेक्षक संघ अध्यक्ष पद पर किया गया चयन

**दिव्य दिनकर,संवाददाता**



चकाई:चकाई प्रखंड के अंतर्गत माधोपुर स्थित महावीर वाटिका में स्वच्छता पर्यवेक्षक चकाई की के द्वारा एकदिवसीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रखंड के कई पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक मौजूद रहे। बैठक में स्वच्छता से संबंधित अहम मुद्दे पर चर्चा की गई और स्वच्छता से जुड़े जानकारियां संघ के माध्यम बताया गया। उपस्थित स्वच्छता पर्यवेक्षकगणों के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि स्वच्छता प्रखंड अध्यक्ष वीणा कुमारी, सचिव काजल चौधरी, कोषाध्यक्ष राम दास को चयनित किया गया। वही प्रखंड अध्यक्ष वीणा कुमारी ने बताया कि आज मुझे प्रखंड के सभी पर्यवेक्षक के द्वारा प्रखंड अध्यक्ष के पद पर चयनित किया गया इसके लिए में सभी पर्यवेक्षकों को धन्यवाद देता हूं और मै भरोसा दिलाता हूं कि पर्यवेक्षक के सभी मुद्दे को पदाधिकारी के बीच रखूंगा में हमेशा संघ के लिए तात्पर्य रहूंगी।इस बैठक में पर्यवेक्षक मनोज कुमार, कुलदीप राम, विष्णु दास, दिनेश्वर ठाकुर, सहदेव पासवान, भागीरथ यादव, अशोक कुमार, संजीव कुमार, मनीष कुमार वर्णवाल, उपसरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव, सावित्री देवी, उमा देवी, मुनी देवी, सिंकु कुमारी इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## क्रिकेटर ईशान किशन के पिता राजनीति में कदम रखेंगे, जुड़ेंगे नीतीश कुमार से

**रिपोर्ट– प्रमोद कुमार सिंह**



पटना :- भारतीय क्रिकेट टीम के युवा और प्रतिभाशाली खिलाड़ी ईशान किशन के पिता, प्रणव कुमार पांडेय राजनीति के मैदान में कदम रखने जा रहे हैं। वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी, जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) में शामिल होने वाले हैं। इन्होंने पटना के वीरचंद पटेल पथ स्थित जेडीयू के प्रदेश कार्यालय में एक विशेष मिलन समारोह का आयोजन किया गया है, जहां प्रणव कुमार पांडेय जेडीयू की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इस कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा उनके जेडीयू में शामिल होने की प्रक्रिया को सम्पन्न करेंगे। इस समारोह की खासियत यह है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रह सकते हैं, जिससे यह मौका और भी महत्वपूर्ण बन जाएगा। प्रणव कुमार पांडेय, जिन्हें लोग प्यार से 'चुन्नू जी' के नाम से जानते हैं, ने अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरूआत एक ऐसे समय में की है जब बिहार की राजनीति में युवा नेताओं की मांग बढ़ती जा रही है। ईशान किशन के पिता का यह कदम उनके परिवार के लिए नई दिशा का संकेत है, और यह देखना दिलचस्प होगा

## अवैध शराब के उत्पादन एवं बिक्री के रोकथाम हेतु की गई छापेमारी अभियान में दो गिरफ्तार

**देवघर से दिव्य दिनकर**
**संवाददाता प्रेम रंजन झा**



देवघर.आसन्न विधान सभा चुनाव के मद्देनजर विभागीय आदेशानुसार अधीक्षक उत्पाद, देवघर से प्राप्त निर्देश के आलोक में उत्पाद विभाग, जमुई (बिहार) के साथ देवघर जिला अंतर्गत जमुई जिला से सटे सीमावर्ती स्थलों में अवैध शराब के उत्पादन एवं बिक्री के रोकथाम हेतु संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के क्रम में *जसीडीह* थाना अंतर्गत *खोरीपानन, बांका, कोवादह, गम्हरिया व जोरमो* में स्थित अवैध महुआ चुलाई शराब निर्माण एवं बिक्री स्थलों को ध्वस्त किया गया। छापामारी स्थलों से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है एवं अन्य संलिप्त फरार व्यक्तियों को चिन्हित कर संबंधित के विरुध्द विधिसम्मत कार्यवाई की जाएगी। जप्त प्रदर्श का विवरण जावा महुआ - 1260.00 ङ व अवैध महुआ चुलाई शराब - 125.00 लीटर है. छापामारी दल में देवघर उत्पाद के कुंदन कुमार कौशल - निरीक्षक उत्पाद माणिकांत कुमार - अवर निरीक्षक उत्पाद किशोर कुमार - अवर निरीक्षक उत्पाद व जमुई उत्पाद के धर्मवीर कुमार, अवर निरीक्षक उत्पाद मुकेश कुमार यादव, सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद जबकि गिरफ्तार व्यक्तियों का नाम रूपन मरांडी व पिंटू दास हैं.

## देवघर झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आगामी त्योहारों के लिए आतिशबाजी पर नियम लागू किए

**देवघर से दिव्य दिनकर**
**संवाददाता प्रेम रंजन झा**




उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर द्वारा जानकारी दी गई है कि झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आगामी त्योहारों के लिए आतिशबाजी पर कड़े नियम लागू किए हैं, जिसका उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाना है। दीवाली, छठ पर्व, गुरु पर्व के दौरान अब केवल दो घंटे ही आतिशबाजी की अनुमति होगी। क्रिसमस और नए साल के जश्न के लिए समय सीमा और भी कम कर दी गई है, जिसमें केवल 35 मिनट तक ही आतिशबाजी की अनुमति होगी।

इसके अलावा दीवाली पर आतिशबाजी रात 08 बजे से रात 10 बजे तक की जा सकेगी , जबकि छठ पर सुबह 6 बजे से सुबह 8 बजे तक की अनुमति है। गुरु पर्व के लिए आतिशबाजी रात 08 बजे से रात 10 बजे तक लिया जा सकता है , और नए साल की पूर्व संध्या पर, उन्हें रात 11:55 बजे से रात 12:30 बजे तक की अनुमति है। इसके अलावा झारखंड हाईकोर्ट ने भी बढ़ते ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए आदेश दिया है कि शोर से जुड़ी शिकायतों को गोपनीय रखा जाए। केवल 125 डेसिबल से कम ध्वनि क्षमता वाले पटाखों की बिक्री की अनुमति होगी। इसके अलावा, निर्धारित साइलेंट जोन के 100 मीटर के दायरे में आतिशबाजी पर प्रतिबंध रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्गा मंदिर के सौंदर्यीकरण के नाम पर एक इंच भी गोचर जमीन नहीं दिया जाएगाः ग्रामीण

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हुसैनाबाद गांव स्थित हटिया मैदान में दुर्गा मंदिर सौंदर्यीकरण कार्य स्वीकृत हुआ है। इसे लेकर कुछ मफियाओं के द्वारा अतिरिक्त जमीन पर नया कार्य निर्माण कर गोचर जमीन को अतिक्रमण करने के फिराक में है। इसकी भनक लगते ही ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी देवीपुर खोपलाल राम को लिखित आवेदन दिया। जिससे बाद अंचलाधिकारी खोपलाल राम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इसकी जांच को लेकर हल्का कर्मचारी को योजना स्थल पर भेज दिया और हल्का कर्मचारी के द्वारा अंचलाधिकारी को रिपोर्ट सौंप दिया है। लिखित आवेदन में कहा है कि दुर्गा मंदिर सौंदर्यीकरण हो, उसमें कोई रोक नहीं है। लेकिन जितना में पहले से बना है। उसी में जितनी राशि खर्च करनी है और ठीकेदारी करनी है करें। लेकिन उसके आसपास एक इंच भी जमीन अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा। क्योंकि पहले से दुर्गा मंदिर गोचर जमीन में ही बना है। लेकिन जो बन गया सो बन गया। उसके बाद एक इंच भी जमीन अतिरिक्त आगे नहीं लेने दिया जाएगा। क्योंकि गोचर जमीन समाप्त हो जाने पर आने वाले पीढ़ियों को परेशानी उठाना पड़ेगा और इसलिए इस पर सख्त कार्रवाई करने का लोगों ने आग्रह किया है।

### झुमरबाद पंचायत क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं में हो रही है भारी गड़बड़ी

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झुमरबाद पंचायत में विभिन्न योजनाओं में भारी गड़बड़ी किया जा रहा है। 15वीं वित्त आयोग से एक कलभट निर्माण अन्यत्र एवं अनुपयुक्त जगह पर घटिया निर्माण कर सरकारी पैसे का बंदरबांट किया जा रहा है। साथ ही कई ऐसी मनरेगा के योजनाएं टीसीबी आदि रिपीटेड वर्क कर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसके अलावे अबूआ आवास योजना में सरकारी नक्शा के अनुसार 50% भी नक्शा के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है। वहीं अबूआ आवास योजना के लाभुक कुछ निर्माण से संबंधित बातें बताया भी नहीं जा रहा है। इस संबंध में पंचायत सचिव प्रभाकर कुमार ने बताया कि अभी हम हाल ही में उसे पंचायत का प्रभार मिला है। पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सभी बिंदु पर जांच कर आवश्यक कदम उठाएंगे।

### इंडियन एयरलाइंस की 50 फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी



**नई दिल्ली,** रविवार को तीन प्रमुख इंडियन एयरलाइंस झ इंडिगो, विस्तारा और अकासा की 50 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इंडिगो की 18, विस्तारा की 17 और अकासा की 15 उड़ानों पर यह धमकियां भेजी गईं। पिछले 14 दिनों में 350 से अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में बम की झूठी धमकियां दी जा चुकी हैं। हालांकि, जांच के बाद सभी धमकियों को झूठा पाया गया, पर इससे उड़ान सेवाओं पर व्यापक असर पड़ा और यात्रियों में भय का माहौल बना। एयरलाइंस अधिकारी के अनुसार, इन धमकियों की वजह से एविएशन सेक्टर को भारी वित्तीय नुकसान झेलना पड़ा है। धमकियों के चलते एविएशन मिनिस्ट्री को 600 करोड़ रुपये से अधिक की हानि हुई है, जो उड़ानों की देरी, अतिरिक्त सुरक्षा जांच और ऑपरेशनल व्यवधान के कारण हुआ।

**सरकार ने उठाए ये कदम**

इन घटनाओं के बाद केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए आईटी मिनिस्ट्री के माध्यम से सोशल मीडिया कंपनियों को झूठी जानकारी के प्रसार को रोकने के निर्देश दिए हैं। 26 अक्टूबर को जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि यदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ऐसी सूचनाओं को तुरंत नहीं हटाते हैं, तो उन्हें आईटी एक्ट के तहत मिलने वाली इम्युनिटी रद्द की जा सकती है। साथ ही, इन प्लेटफॉर्म्स को संबंधित अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### कहीं खुशी तो कहीं गम देकर गया चक्रवात दाना,खुशी से झूमी दिल्ली



**नई दिल्ली** चक्रवात दाना का असर खत्म हो गया है। जाते जाते कहीं खुशी तो कहीं गम देकर गया है। ओडिशा और पश्चिम बंगाल में तेज हवाओं के कारण जहां बिजली के पोल उखड़ गए तो कुछ घरों को भी नुकसान हुआ है। जबकि केरल के लिए मौसम विभाग ने भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसी बीच दिल्ली से राहत भरी खबर आ रही है। माना जा रहा है कि चक्रवात दाना के कारण दिल्ली को जहरीली हवा से काफी हद तक मुक्ति मिली है। और दिल्ली खुशी से झूम उठी है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता में पिछले दो दिनों में सुधार देखने को मिला है। शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 255 दर्ज किया गया, जो ह्यबहुत खराबह्ल से ह्यखराबह्ल श्रेणी में है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में एक्यूआई अभी भी ह्यबहुत खराबह्ल है। इसके साथ ही, तेज हवाओं के चलते दिल्ली की हवा की गुणवत्ता भी बेहतर हुई है। यह बदलाव न केवल मौसम में सुधार लाने में सहायक रहा है, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में वायु प्रदूषण के प्रमुख प्रदूषक पीएम10 और ओ3 हैं। परिवहन क्षेत्र इस प्रदूषण में सबसे बड़ा योगदान दे रहा है, जिससे वायु गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। परिवहन से होने वाले उत्सर्जन का योगदान शनिवार को 14.8 प्रतिशत तक पहुंच गया, जो स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। सीपीसीबी के अनुसार, दिल्ली में पीएम 2.5 का स्तर 110.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर दर्ज किया गया है, जो स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर सकता है। इस प्रकार, चक्रवात ह्यदानाह्ल के प्रभाव से राहत मिलने के बावजूद, मौसम और वायु गुणवत्ता की स्थिति पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

**24 घंटे में 152.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज**

चक्रवात ह्यदानाह्ल के प्रभाव से बारिश रुकने के बाद कई इलाकों से पानी कम होने से लोगों को राहत मिली है। शनिवार सुबह साढ़े छह बजे तक कोलकाता में 24 घंटे में 152.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।चक्रवात ने ओडिशा के केंद्रपाड़ा और भद्रक जिले में करीब 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के साथ दस्तक दी। इससे पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए, जिससे बुनियादी ढांचे और फसलों को गंभीर नुकसान हुआ।पश्चिम बंगाल में चक्रवात से संबंधित घटनाओं में चार लोगों की मौत हुई है। कोलकाता में स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन कुछ जिलों में जलभराव बना हुआ है, जिससे फसलें भी प्रभावित हुई हैं।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव द्वारा किया गया अनुमंडल जेल दाउदनगर का निरीक्षण

**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**



औरंगाबाद/जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम द्वारा आज अनुमंडलीये कारा, दाउदनगर का औचक निरीक्षण किया गया। अनुमंडलीये कारा, दाउदनगर में निरीक्षण के दौरान कारा में पदस्थापित जेल अधीक्षक श्री रमेश प्रसाद भी मौजूद थे। सचिव श्री सुकुल राम द्वारा जेल के प्रत्येक वार्ड का निरीक्षण किया गया तथा बंदियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किया गया। मण्डल कारा में निरीक्षण के दौरान पुरे समय तक जेल अधीक्षक उपस्थित रहें एवं सचिव ने कैदियों को कारा में उत्पन्न हो रही समस्याओं से अवगत होने के उपरान्त कैदियों के समक्ष ही तत्काल निदान करने का निर्देश जेल अधीक्षक को दिया। साथ ही सचिव द्वारा जेल के निरीक्षण के दौरान यह निर्देश दिया गया कि जो कैदी प्रथम दृष्टया देखने में नाबालिग प्रतीत होते हैं और उनकी उम्र 18 वर्ष वर्ष से कम है, इनकी सूची सम्बन्धित न्यायालयों में उनकी आयु के सत्यापन हेतु प्रेषित करें, ताकि विधि अनुसार उनके मामलों पर कार्रवाई हो सके तथा वैसे कैदियों की सूची तत्काल जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय को प्रेषित करना सुनिष्चित करें। सचिव ने अपने निरीक्षण के दौरान सभी बंदियों से उनके जमानत एवं उनके अधिवक्ता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किया गया तथा कहा गया कि अगर कोई अपने निजी खर्च पर अधिवक्ता रखने में असमर्थ तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उन्हें मुफ्त पैनल अधिवक्ता की सेवा मुहैया करायी जाती है। इस क्रम में कुछ बंदियों ने इस सुविधा से अनभिज्ञता जाहिर कि तो सचिव ने कारा अधीक्षक को उक्त सबंध में आवश्यक कार्यवाई करने और जागरूकता हेतु निर्देश दिया` साथ ही अधीक्षक को यह निर्देश दिया कि वैसे बंदियों को चिन्हित करें जिनका अधिवक्ता न्यायालय में वचाव हेतु नही है और उनको विधिक सहायता अंतर्गत अधिवक्ता उपलब्ध कराने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार को भेजें ताकि उन्हें अधिवक्ता उपलब्ध करा कर उनके वाद में उन्हें बचाव हो सके` जेल भ्रमण में निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा जेल की साफ-सफाई हेतु आवश्यक निर्देश नभी दिया गया तथा जेल में मिलने वाले खाने को मिनु के अनुसार और गुणवत्तापूर्ण रखने का निर्देश दिया। सचिव द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि जो भी नये कैदी जेल में आते हैं तो बंदी के दौरान उनके अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में बतायें साथ ही साथ अगर उन्हें विधिक सहायता की आवष्यकता है तो किस प्रकार उन्हें विधिक सहायता मिल सकती है के बारे में भी बतायें। कारा निरिक्षण के दरम्यान कारा में बागवानी काफी अच्छी पायी गयी कारा में कुल 100 बंदी पाये गये

# खड़े ट्रक से टकराई बस, चालक को आई झपकी, सह चालक की मौत, 16 लोग घायल हुए

**रिपोर्ट- प्रमोद कुमार सिंह**



औरंगाबाद :- जिले के मदनपुर प्रखंड में खड़ी ट्रक में अनियंत्रित बस ने टक्कर मार दी जिसमें सह चालक की मौत हो गई। जबकि 16 लोग जख्मी हो गए। बताया जा रहा है कि चालक को झपकी आ गई थी। जिसके चलते अनियंत्रित बस की ट्रक से टक्कर हो गई। घटना औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के एनएच - 19 पर सुग्गी पेट्रोल पंप के समीप की है, जहां एक होटल पर पूर्व से खड़ी एक ट्रक में पिछे से टक्कर मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद घायलों को चिकित्सकों द्वारा बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया गया। इस घटना में मृतक सह चालक की पहचान इलाहाबाद सैयदा बाद बजहारा मिश्रणपुर निवासी रंगलाल कुमार के 31 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार के रुप में की गई है। वहीं घायलों में उतर प्रदेश के देवरिया जिले समीर धनिया निवासी मनोज कुमार, बढ़ई के रहने वाले संतोष कुमार व शैलेश कुमार हैं। प्रयाग राज निवासी दिवाकर पाण्डेय, रायबरेली निवासी आकाश चौधरी, कानपुर निवासी सिद्धार्थ तिवारी, पोईवां डिहरी निवासी जीतेन्द्र यादव की पत्नी देवकी देवी, तेंदुई बालुगंज निवासी उमेश कुमार की पत्नी पूजा कुमारी, बारुण थाना क्षेत्र के जानपुर निवासी दिलीप कुमार की पत्नी आरती कुमारी, गायत्री देवी व संगीता देवी, बनारस - इलाहाबाद निवासी अंबुज तिवारी एवं उनकी पत्नी पल्लवी पाण्डेय, प्रमोद कुमार, औरंगाबाद निवासी परितोष कुमार, रेणु देवी, सुरेश कुमार, विकाश कुमार आदि शामिल थे। घायलों में दिवाकर पाण्डेय एवं आकाश सौरी ने बताया कि छठ पूजा को लेकर रांची से प्रयागराज जाने वाली बस से निकले थे। इस दौरान उस जगह यह हादसा हो गई। इधर घटना की सूचना पर मिलने पर थानाध्यक्ष राजेश कुमार के साथ एसआई सुरेन्द्र कुमार, रोहित कुमार, पप्पू कुमार पासवान सहित गश्ती दल में शामिल पुलिस बल पहुंचे और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस घटना में सह चालक की मौत हो गई है।

# हसपुरा प्रखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरहारा के बिहारा मोड़ के समीप समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया

**हसपुरा से निशांत कुमार कि रिपोर्ट**



औरंगाबाद/हसपुरा प्रखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरहारा के बिहारा मोड़ के समीप समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया ईस समीक्षा बैठक के कर रहे अध्यक्षता पूर्व मुखिया राजकुमार उर्फ छोटु जि संचालक करता डॉ जितेंद्र कुमार पैअध्यक्ष ओमप्रकाश साथ डॉ सतेंद्र कुमार राम जि सिंह बिजांत कुमार अरविंद कुमार रमाकांत सिंह लव कुमार मुन्ना सिंह शिव कुमार सिपाही राम लखन सिंह गणेश कुमार कवि जी इन्होंने बताया कि ग्राम सभा की बैठक में सदस्यों की सक्रिय भागीदारी पंचायत राज व्यवस्था को सुदृढ़ एवं ग्रामीण विकास को गति प्रदान कर सकती है। इसलिए ग्राम सभा के सदस्यों का ग्राम सभा की बैठक में जाना न केवल उनका अधिकार ही है, बल्कि उनका कर्त्तव्य भी है। अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रत्येक ग्राम सभा के सदस्य को अपने अधिकार और कर्तव्य के प्रति जागरूक रहना ग्राम पंचायत के चतुर्दिक विकास एवं सतत प्रगति के लिए नितांत आवश्यक है। ग्राम सभा में सदस्यों के सक्रिय भागीदारी से ही पंचायतों का सर्वांगीण विकास संभव है और तब हो अपना" सफल होगा अन्यथा वह कमजोर होगा और पंचायती राज की अवधारणा संदिग्ध रहेगी। इसलिए यह माना जाता है कि ग्राम सभा पंचायती राज की आत्मा है और आत्मा की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का धर्म एवं कर्म होता है। ग्राम सभा में आमजन को "आवाम" के सम्पूर्ण विकास के संबंध में विचार करना चाहिए। ग्राम सभा में व्यक्तिगत आकांक्षाओं को तरजीह नहीं दिया जाना चाहिए। इस डपदकेमज को ग्राम सभा के माध्यम से बदला जा सकता है। अतएव अधिनियम के प्रावधानानुसार ग्राम सभा की नियमित बैठक अनिवार्य है।

# चकाई में जन सुराज पार्टी की युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित

**चकाई,दिव्य दिनकर,संवाददाता रोहित कुमार**





चकाईःचकाई के अम्माटांड मैदान में रविवार को जन सुराज पार्टी की युवा संवाद कार्यक्रम डॉ धर्मेंद्र सिन्हा के नेतृत्व सह मंच संचालन में चकाई जन सुराज पार्टी की युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मदेव यादव, जिला विचार मंच के अध्यक्ष अशोक सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष संजीव सिंह, राज्य जन सुराज पार्टी के निगरानी कमिटी के प्रभारी प्रियेश राज,चार जिले के जोनल प्रभारी प्रिंस कुमार पांडेय के साथ जन सुराज सारथी राहुल सिंह के साथ प्रखंड विचार मंच के अध्यक्ष रंजीत वर्मा के अलावे प्रखंड के दिवाकर राय, प्रीतम पाण्डेय, विजय सिंह,राधे साव,टेलवा पैक्स अध्यक्ष अजीत कुमार कुशवाहा, चन्द्रशेखर प्रसाद सिन्हा, अशोक सिन्हा आदि जन सुराज सारथी ने अपना विचार व्यक्त किए। वहीं पार्टी के अध्यक्ष ने कहा कि जन सुराज का मतलब ही है एक अच्छी, स्वच्छ और सार्थक प्रयास करने वाली सरकार। जहां पर आपके अधिकार, हक और जन समस्याओं के निदान के लिए हर पल आपके बीच रहे। वहीं जिला विचार मंच के अध्यक्ष ने कहा कि हमारी सरकार अगले 2025 में आयेगी तो वृद्धा व विधवा पेंशन 400 रुपये के बजाय 2000 रुपये कर दिया जायेगा जबकि उपाध्यक्ष महोदय ने कहा कि जन सुराज आपकी सरकार यानी जनता की सरकार होगी। जहां पर बच्चों को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था एवं रोजगार गारंटी आदि की व्यवस्था की जायेगी और यह तभी होगा जब आप धन,बल,लोभ लालच को छोड़कर आपके बीच और आपका बेटा जो क्षेत्र एवं आपके बारे में हमेशा सोचता हो और उसको आप वोट के दम पर चुनकर सदन में भेजेंगे। वहीं राज्य के पार्टी निगरानी कमिटी के प्रभारी ने कहा कि आपके बीच में जो रहकर आपकी हक व अधिकार के लिए लड़ता है और आप हमें कहेंगे कि अमुक व्यक्ति को ही प्रत्याशी बनावें तो हमारी पार्टी उसी को चकाई विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनायेगा ना कि बाहु पति,पहुंच पति और पूंजी पति को बनायेगी जबकि जोनल प्रभारी ने कहा कि हम आपके बीच रहकर आपकी समस्याओं के निदान हेतु सहभागिता सुनिश्चित कराने हेतु वैसे व्यक्ति का चयन कर पार्टी के उम्मीदवार के रूप में भेजने का कार्य करेंगे ताकि आपकी समस्या का निदान शीघ्र हो। जबकि पार्टी के सारथी राहुल जी ने कहा कि आपकी समस्याओं का निदान हम सभी मिलकर करते रहेंगे।आप पार्टी को चकाई में मजबूती प्रदान करें और आने वाले दिनों में अगला विधायक जन सुराज पार्टी का होगा।यदि आपका साथ और सहयोग मिला। जबकि प्रखंड विचार मंच के अध्यक्ष ने कहा कि हम तो आपके ही घर के बेटे हैं आप जब बुलायें।हम आपके सुख-दुःख का साथी हूं। इसके अलावा अन्य चकाई के जन सुराजी सारथी ने भी अपना विचार व्यक्त किए।अंत में समापन समारोह में नेतृत्वकर्ता सह मंच संचालन डॉ धर्मेंद्र सिन्हा ने कहा कि आपकी हर जन समस्याएं हमारी है और आपकी समस्या का निदान करना हमारा कर्तव्य है क्योंकि मैं इसी मिट्टी के विकास और चकाई विधानसभा क्षेत्र को विकसित क्षेत्र बनाने हेतु 15 सालों से संघर्ष कर रहा हूं तभी तो आपके सहयोग व समर्थन से चकाई में बिजली की व्यवस्था, सप्लाई वाटर की व्यवस्था, मैट्रिक ,इण्टर व स्नातक बेटियों के लिए होम सेंटर की व्यवस्था, माधोपुर पार्क का नामकरण में सुधार,चकाई अस्पताल को चालू करना, पुस्तकालय की व्यवस्था आदि कार्य कर चुके हैं और अब हम सबों को चकाई को अनुमंडल बनाने, रेलवे लाइन से जोड़ने, 0 से 10 के अन्दर सभी बच्चों को सुकन्या खाता उपलब्ध कराना, सभी प्रकार की परीक्षाओं का चकाई व सोनो में होम सेंटर की व्यवस्था,चकाई एवं सोनो में कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था, सिमी कंडक्टर प्लांट की व्यवस्था के साथ रेल,स्वास्थ्य, शिक्षा, जल व सड़को को चुस्त दुरुस्त करवाना।यह हमारी प्राथमिकता रहेगी ।जिससे चकाई विधानसभा क्षेत्र राज्य व देश में विकसित विधानसभा क्षेत्र बने। इसके साथ ही चकाई जन सुराज पार्टी द्वारा जो भी बेटियां एवं महिलाएं अपने आपको सशक्त एवं सबल बना चाहती है उसे सीमा ब्यूटी पार्लर सह प्रशिक्षण केन्द्र चकाई के द्वारा बहुत ही कम राशि में सिलाई कढ़ाई बुनाई एवं ब्यूटी पार्लर की शिक्षा दी जाएगी।

# रफीगंज में समाजसेवी बमेंद्र ने आयुष्मान भारत योजना के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

## आयुष्मान भारत योजना के लाभुक सभी राशन कार्डधारी हैं :- बमेंद्र सिंह



**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद / आयुष्मान भारत योजना का सभी लाभुक लाभ ले सके इसके लिए औरंगाबाद के रक्तसेवक समाजसेवी बमेंद्र कुमार सिंह पिछले पांच वर्षों से प्रयासरत हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को योजना के प्रति निरंतर जागरूक कर रहे हैं।रविवार को जन आरोग्य योजना ,आयुष्मान भारत के प्रति सामाजिक कार्यकर्ता रक्तसेवक बमेंद्र कुमार सिंह ने रफीगंज प्रखण्ड के मई एवं चरकवां गांव में महिला एवं पुरुषों को न सिर्फ जागरूक किया बल्कि आवश्यकता पड़ने पर सेवा देने की बात कही। बमेंद्र ने इस योजना के प्रति लाभुक ग्रामीणों को जागरूक किया एवं जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है अबतक उन्हें कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया।कहा पहले 2011 के सामाजिक,आर्थिक एवं जातिगत सर्वेक्षण के आधार पर गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले लोग ही इस योजना के लाभुक थे परन्तु अब सभी राशन कार्ड धारी लाभार्थी पात्रता सूचि में शामिल हो गए हैं।इस योजना के तहत प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपए स्वास्थ्य बीमा का प्रावधान है जिनका इलाज एवं सर्जरी सूचीबद्ध अस्पतालों में निःशुल्क किया जाता है। बमेंद्र ने बताया की औरंगाबाद को आयुष्मान बनाने का मेरा प्रयास है और लगातार इस दिशा में सेवा दिया जा रहा है।उन्होंने बताया कि औरंगाबाद जिला में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत लगभग बीस लाख लाभुक लोग हैं।मेरा प्रयास शत प्रतिशत लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनवाकर उन्हें लाभ दिलवाने का है।

# नैक की टीम के स्वागत को तैयार सीतयोग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी,



**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद। सीतयोग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी औरंगाबाद में सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर नैक की टीम निरीक्षण करने आ रही है। नैक की टीम में तीन सदस्य हैं जो गोरखपुर, उड़ीसा और हरियाणा से आ रहे हैं। इस अवसर कॉलेज में युद्ध स्तर पर तैयारी की गई है। सभी मापदंडों पर खरा उतरने के लिए कॉलेज प्रशासन की ओर से पूरा प्रयास किया गया है। जिससे नैक टीम कॉलेज को अच्छी ग्रेडिंग प्रदान करें। कॉलेज के निर्देशक डॉ. राजेश कुमार सिंह ने बताया कि हमारे पहले प्रयास में ही नैक टीम कॉलेज परिसर में आ रही है, जिसके लिए टीम ने अपनी सहमति दे दी है। इसको लेकर बीते कुछ माह से कॉलेज में विकास कार्य तेजी से चल रहा है अब कॉलेज परिसर पूरी तरह से उनके स्वागत को तैयार है। उन्होंने बताया कि नैक की टीम द्वारा कॉलेज को बेहतर ग्रेडिंग मिलने के बाद हमारे कॉलेज का विकास कार्य काफी तेजी हो जाएगा।

ज्ञात हो कि सीतयोग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी औरंगाबाद में छात्रझछात्राओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करता है। यहां बेहतरीन क्लासेज, स्मार्ट क्लास, 24 घंटे वाईफाई, कंप्यूटर लैब, सेमिनार हॉल, छात्रों के लिए उपकरण लैब, जिम, मेडिकल सुविधा, सुंदर गार्डन, वालीबॉल, बैडमिंटन का ग्राउंड, स्पोर्ट क्लब, कैंटीन, सभी विभागों का नेमप्लेट बोर्ड, सभी कर्मचारियों के आईडी कार्ड, वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था, छात्रों के लिए बस आदि की व्यवस्था की गई है।

# दुर्गेश Physics Classes के द्वारा जिला स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया




**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाग :- मुख्यालय स्थित अदरी नदी के बगल में स्थित किशोरी सिन्हा गर्ल्स स्कूल हाई में दुर्गेश Physics Classes के द्वारा जिला स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा में लगभग 1275 छात्र- छात्राओ ने बढ़ चढ़कर कर इस परीक्षा में भाग लिया। बताते चलें की दुर्गेश Physics Classes के संचालनकर्ता दुर्गेश कुमार ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि इस तरह की परीक्षाएं बिगत मेरे द्वारा 4 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है जिसमें जिले भर के लिए छात्र-छात्राओं को मौका दिया जाता है इस परीक्षा आयोजन में मेधावी छात्रों को प्राथमिकता भी दी जाती है इस प्रतियोगिता परीक्षा में खासकर सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं को शामिल किया जाता है जो समाज से उठकर शिक्षा के प्रति जागृत करने का प्रयास किया जाता है शिक्षा से ही समाज का परिवार बनता है और समाज से ही संसार बनता है, इसलिए आज के क्षेत्र में सभी को शिक्षा की जरूरत है शिक्षा हमारा मौलिक अधिकार है,और आगे दुर्गेश कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता परीक्षा में हमारे दुर्गेश क्लासेस के शिक्षकगण के माध्यम से सफल परिक्षा संपन्न कराया गया। इस परीक्षा की परिणाम 14/11/2024 को गाँधी मैदान में प्रकाशीत किया जायेगा,और इसमें सफल छात्र-छात्राओं को सम्मान समारोह के तहत सम्मानित किया जाएगा। आगे दुर्गेश कुमार ने कहा कि इस परीक्षा का सफल आयोजन के लिए भाजपा के बेरिया नेता शाह पूर्व सांसद सुशील सिंह के प्रयास से किया गया जिनके हम सभी आभारी हैं। इस परीक्षा आयोजन के मौके पर सतीश कुमार सिंह (रेड क्रॉस अध्यक्ष ), उदय कु. गुप्ता (नगर परिषद अध्यक्ष), दुर्गेश कुमार गुप्ता ,रानिश, सत्याबर, पप्पु , दिपक, राहुल गुप्ता, विन्दु कुमार, सत्यप्रकाश कुमार, दिपक कुमार गुप्ता, अनिकेत कुमार, पवन कुमार,सुरेन्द्र कुमार और अन्य सहयोगी शिक्षक भी मौजूद थे।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री के साथ राज्य के विकास के संबंध में विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं व योजनाओं पर चर्चा व विचार-विमर्श हुआ। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री सैनी ने नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आने वाले समय में केंद्र व हरियाणा की डबल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास की गति को तीव्रता से आगे बढ़ाएगी और विकास के मामले में नॉनस्टॉप हरियाणा - बढ़ता हुआ हरियाणा होगा। सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ कई अहम विषयों पर चर्चा हुई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि हरियाणा में विकास की गति में तीव्रता लाएं ताकि लोगों के जीवन को सरल व सुगम



बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम हरियाणा को विकास की दृष्टि से नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम करेंगें। इन परियोजनाओं के अंतर्गत गुरुग्राम में मेट्रो रेल व रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) का विस्तारीकरण होगा तो वहीं सराय कालेखां से पानीपत तक जाने वाली आरआरटीएस परियोजना को करनाल तक बढ़ाने का भी काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से लोगों को यातायात जाम से निजात मिलेगी और उनका सफर सुगम व सरल होगा। हरियाणा विधानसभा में महिलाओं की इस बार बेहतर संख्या होने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढाओ' अभियान की शुरुआत हरियाणा के पानीपत से की थी और पिछले 10 सालों में वर्तमान मोदी सरकार ने महिलाओं को सशक्त करने का काम किया है। धान के उठान व खरीद के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके द्वारा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि 17 प्रतिशत तक के नमी वाले धान के एक-एक दाने की खरीद होनी चाहिए और इस संबंध में यदि किसी की शिकायत मिलती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। हरियाणा में राज्यसभा सीट के उम्मीदवार के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बारे में पार्टी का केन्द्रीय संसदीय बोर्ड निर्णय लेता है।

## वीरेन्द्र सचदेवा की तबीयत बिगड़ी, राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को तबीयत बिगड़ने के बाद यहां राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री सचदेवा को त्वचा पर लाल चकत्ते हो गये हैं और उन्हें सांस लेने में हल्की तकलीफ हो रही है। उन्होंने यूनीवार्ता से कहा, तबीयत खराब होने की वजह से मैं उपचार के लिये अस्पताल आया हुआ हूं। फिलहाल स्थिति ठीक है। जांच चल रही है और जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पायेगा कि अस्पताल में दाखिल होना पड़ेगा या डॉक्टर घर जाने की इजाजत देंगे।

## मोदी ने लोकनर्तक कनक राजू के निधन पर शोक व्यक्त किया

एजेंसी




**नई दिल्ली।** मोदी ने लोकनर्तक कनक राजू के निधन पर शोक व्यक्त कियाप्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रख्यात नर्तक और सांस्कृतिक प्रतीक श्री कनक राजू जी के निधन पर शोक व्यक्त किया। श्री मोदी ने गुसाडी नृत्य को संरक्षित करने में उनके समृद्ध योगदान और सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण पहलुओं को उनके प्रामाणिक रूप में विकसित करने के लिए उनके समर्पण और जुनून की सराहना की।

**श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा:**

'प्रख्यात नर्तक और सांस्कृतिक प्रतीक श्री कनक राजू जी के निधन से दुखी हूं। गुसाडी नृत्य को संरक्षित करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान हमेशा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। उनके समर्पण और जुनून ने सुनिश्चित किया कि सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण पहलू अपने प्रामाणिक रूप में विकसित हो सकें। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना। ओम शांति।'

## ईरान-इजरायल तनाव के बीच भारत का बयान, कहा- बातचीत से सुलझाएं मसला, संयम बरतना जरूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के ईरान और इजरायल दोनों ही देशों के साथ बेहतर रिश्ते हैं, ऐसे में भारत की और से 'बातचीत' की सलाह एक मजबूत बयान है। भारत ने दोनों देशों से शांति रखने की अपील करते हुए आम नागरिकों की ओर अपना ध्यान केन्द्रित किया है। ईरान पर इजरायल के ताजा हमलों के बाद तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। इस बीच भारत ने बातचीत के ज़रिए मामला हल करने को लेकर दोनों ही देशों को सलाह दी है। भारत ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता व्यक्त की है और संयम बरतने का आग्रह किया। विदेश मंत्रालय ने किसी देश का नाम लिए बिना एक बयान में कहा, 'हम सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने और बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान दोहराते हैं।' भारत की ओर से कहा गया कि इस तरह की दुश्मनी से किसी का फायदा नहीं है और बेकसूर नागरिकों को इसका नुकसान उठाना पड़ रहा है। ईरान के विदेश मंत्री ने एक ताजा बयान में कहा है कि 'अपने देश के लोगों की रक्षा के लिए उनके सामने कोई सीमा नहीं है।' भारत के ईरान और इजरायल दोनों ही देशों के साथ बेहतर रिश्ते हैं, ऐसे में भारत की और से 'बातचीत' की सलाह एक मजबूत बयान है।

## आदिवासी शिक्षा के लिये गुणवत्तापूर्ण बुनियादी संरचना निर्माण त्वरित गति से हों

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (नेस्टस) ने 24 अक्टूबर 2024 को आकाशवाणी भवन, नई दिल्ली में आदिवासी शिक्षा के लिए गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे के निर्माण पर एक कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह आयोजन एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के माध्यम से आदिवासी समुदायों के लिए गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है ताकि सतत और प्रभावी शैक्षिक वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। नेस्टस के आयुक्त श्री अजीत के. श्रीवास्तव ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने इस कार्यशाला में निर्माण की गुणवत्ता पर जोर देते हुए समय पर ईएमआरएस निर्माण को पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, समय पर अच्छी गुणवत्ता वाले ईएमआरएस का निर्माण न होने का मतलब है कि आदिवासी बच्चे स्कूल नहीं जा पाएँगे, यह स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने प्रतिभागियों से यह प्रतिज्ञा लेने का आह्वान किया कि वे निर्माण की सर्वोत्तम गुणवत्ता सुनिश्चित करके समय से पहले ईएमआरएस का निर्माण करेंगे। नेस्टस की पहलों में बहुमुखी विकास के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट है।

## प्रियंका गांधी के चुनावी हलफनामे पर भाजपा ने लगाए गंभीर आरोप, बताया भ्रष्टाचार का नमूना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने वायनाड लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रियंका गांधी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रियंका गांधी के हलफनामे को भ्रष्टाचार का नमूना बताया। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी ने लोगों से अपनी संपत्ति का विवरण छुपाया है।

गौरव भाटिया ने कहा कि संविधान और क़ानून सभी पर समान रूप से लागू होता है। प्रियंका और राहुल गांधी ने जनता के साथ फरेब किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति हलफनामा में अपनी संपत्ति और क्राइम रिकॉर्ड की जानकारी देगें। यह जानना जनता का अधिकार है। इसके बावजूद हलफनामे में नेशनल हेराल्ड केस की जानकारी नहीं दी गई है। राहुल गांधी ने 2 लाख 462 शेयर एक ट्रस्ट के माध्यम से रखे हैं। यह यंग इंडिया का शेयर है। प्रियंका गांधी भी इसका शेयर रखती हैं। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा के पति ने तीन कम्पनी में पार्टनर होने की बात कही है जबकि वे पांच कंपनियों में पार्टनर हैं। गांधी परिवार को इस बारे में अपनी बात रखनी चाहिए और लोगों को सच बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि बंटी और बबली लोगों को लूटने आये हैं। कोई अगर गलत जानकारी



देता है तो उसको कोई हक नहीं है कि वो चुनाव लड़े।उल्लेखनीय है कि प्रियंका गांधी वाड्रा जिस सीट से चुनाव लड़ रही हैं, पहले इस सीट से राहुल गांधी सांसद थे। उनके इस सीट को खाली करने के बाद से प्रियंका गांधी को कांग्रेस पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है।

## अमित शाह एनडीएमए के स्थापना दिवस समारोह का सोमवार को करेंगे उद्घाटन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार, 28 अक्टूबर को नई दिल्ली में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के 20वें स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन करेंगे।

गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) रणनीतियों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10-सूत्री एजेंडे के अनुरूप आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए समावेशी और सक्रिय कार्यों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस वर्ष के स्थापना दिवस का मुख्य विषय व्यवहार परिवर्तन को लेकर जागरुकता के माध्यम से आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए समुदायों को सशक्त बनाना है, ताकि आपदा-संभावित क्षेत्रों में और उसके आसपास रहने वाले समुदायों के चिह्नित क्षेत्रों में व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए जागरुकता पैदा करने की गतिविधियों पर जोर दिया जा सके और आपदा जोखिम न्यूनीकरण



के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विषय पर केंद्रित तीन तकनीकी सत्र- मौसम के पैटर्न में बदलाव का सामना करने वाले समुदायों की आवाज, आपदा जोखिम न्यूनीकरण - अंतिम छोर तक संचार के लिए तकनीक और धीमी शुरुआत वाली मौसम की घटनाएं, जलवायु परिवर्तन और डीआरआर पर जागरुकता' आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा दिशानिर्देशों, एसओपी और विभिन्न प्रकार की आपदा के विषयों से जुड़ी किताबों का विमोचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में केद्र एवं राज्यों के मंत्रालयों और विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, अंतरराष्ट्रीय, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के प्रतिनिधि, नौकरशाह, आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ, गैर सरकारी संगठनों के सदस्य और देशभर से आपदा प्रबंधन क्षेत्र में काम करने वाले प्रमुख हितधारक भाग लेंगे। गण्यमान्य के अलावा आपदा मित्र, नेहरू युवा केंद्र संगठन, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के स्वयंसेवकों को भी इस प्रमुख कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## हिप्र में नौकरियां खत्म करने पर भाजपा का तीखा हमला, कहा- वादाखिलाफी कांग्रेस का असली चेहरा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में सरकारी नौकरी पाने के इच्छुक युवाओं को सरकार ने झटका दिया है। प्रदेश सरकार ने दो साल से खाली पड़े पदों को खत्म कर दिया है। सरकार के इस फैसले पर भारतीय जनता पार्टी ने तंज कसते हुए कहा है कि चुनाव के दौरान युवाओं को सरकारी नौकरी देने के वादे पर कांग्रेस ने प्रदेश में अपनी सरकार बनाई लेकिन सरकार बनने के बाद युवाओं से सरकारी नौकरी छीनी जा रही है। यही वादाखिलाफी कांग्रेस पार्टी का असली चेहरा है।

पार्टी मुख्यालय में भाजपा के महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि कांग्रेस की सरकार जहां-जहां भी सत्ता में आई है वहां-वहां किसान, युवा, व्यापारी, महिला और मजदूर सभी परेशान हुए हैं। राहुल गांधी ने कहा तो खटाखट था लेकिन आज किसान कर्जमाफी का इंतजार कर रहे हैं, युवा नौकरियों के लिए



इंतजार कर रहे हैं, बुजुर्ग पेंशन का इंतजार कर रहे हैं। कांग्रेस की सरकार वादाखिलाफी की सरकार बन गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने जो काम किए और नौकरियां शुरू की, कांग्रेस उसे भी खत्म करने में जुटी हुई है। विकास के काम भी ठप पड़े हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश के वित्त विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है। इस आदेश में कहा गया है कि हिमाचल प्रदेश में बीते दो साल से खाली चल रहे सभी सरकारी पदों को खत्म किया जाए।

## आईआईटी के प्रतिभाशाली विद्यार्थी भविष्य में देश की प्रगति में अहम भूमिका निभाएंगे : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आईआईटी जोधपुर जैसे संस्थान ऐसे मस्तिष्कों का पोषण कर रहे हैं जो आने वाले वर्षों में भारत की प्रगति को आगे बढ़ाएंगे। ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्नातक होते देखना सौभाग्य की बात है, जो निस्संदेह विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावशाली योगदान देंगे। वे शनिवार को यहां आईआईटी जोधपुर के दसवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रह थे।

कार्यक्रम के दौरान 1084 स्नातकों को डिग्री व मेडलों का वितरण किया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सहित केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. राम माधव भी इस दौरान मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति ने कार्यक्रम में ज्ञान और प्रोत्साहन के शब्दों के साथ विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। डॉ. राम माधव ने भविष्य को आकार देने में नेताओं के रूप में स्नातकों की जिम्मेदारियों पर जोर दिया और उनसे समाज और राष्ट्र के विकास में




प्रौद्योगिकी और नवाचार की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने स्नातकों को पारंपरिक सीमाओं से परे रास्ते तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया और अपनी आईआईटी शिक्षा के वैश्विक महत्व को दोहराया। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भविष्य के सकारात्मक योगदान देने का आग्रह किया।

आईआईटी के निदेशक प्रो. अविनाश कुमार अग्रवाल ने संस्थान की पिछले दस वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रो. अग्रवाल ने कहा कि यह संस्थान न केवल विकसित हुआ है बल्कि स्वयं को ज्ञान और शोध के एक केंद्र के रूप में ढाला है। समारोह की अध्यक्षता बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष व पूर्व इसरो प्रमुख डॉ.एएस किरण कुमार ने की। समारोह में शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले असाधारण छात्रों को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय रूप से यांत्रिक अभियांत्रिकी के छात्र रुशिल समीर पटेल को बीटेक छात्रों के बीच उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। अन्य प्रतिष्ठित पुरस्कारों में सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए अध्यक्ष का स्वर्ण पदक शामिल था, जो विद्युत अभियांत्रिकी के मितार्थ अरोड़ा को दिया गया और निदेशक का स्वर्ण पदक, शिवाली केतन शाह को दिया गया जो महिला बी.टेक. छात्रों के बीच उत्कृष्टता को मान्यता देता है।

## भाजपा केजरीवाल की जान लेने पर आमादा : आप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी(आप) के सांसद संजय सिंह ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला करने वाला मुख्य आरोपी रोहित सहरावत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष है और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ सोशल मीडिया पर उसकी फोटो मौजूद है।'आप' के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद ने आज यहां संवाददाताओं से कहा,भाजपा द्वेष और हिंसा की राजनीति में इस कदर आगे बढ़ चुकी है कि अब वह श्री केजरीवाल की जान लेने पर अमादा है। भाजपा श्री केजरीवाल की जान की दुश्मन बन गई है। आम आदमी पार्टी और श्री केजरीवाल की राजनीति को खत्म करने का यह कोई पहला प्रयास नहीं है। भाजपा ने श्री केजरीवाल को नुकसान पहुंचाने के लिए हर हथकंडे अपनाएं हैं। ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल किया। उनके ऊपर फर्जी मुकदमे लिखे गए। जेल में डाला गया। वहां भी उनकी इंसुलिन बंद कर दी गई। उनकी शुगर कई बार 50 से कम हो गई थी। जेल में भी उन्हें जान से मारने की कोशिश की गई।

श्री सिंह ने कहा कि विकासपुरी में जो कुछ भी हुआ और जिस तरह से पुलिस की मिलीभगत सामने आ रही है, यह साफ तौर पर श्री केजरीवाल को जान से मारने का गहरा षड्यंत्र था। भाजपा के लोग उनकी जान के दुश्मन बन चुके हैं। उन्होंने हमलावरों की तस्वीर दिखाते हुए कहा, इसमें रोहित सहरावत का नाम का एक व्यक्ति मुख्य आरोपी है, जो भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश का उपाध्यक्ष है। रोहित सहरावत की गृह मंत्री अमित शाह के साथ तस्वीर है।

## दिल्ली की तरह ही पड़ोसी राज्यों में भी पटाखों पर पूरी तरह से हो पाबंदी : गोपाल राय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली की तरह ही पड़ोसी राज्यों में भी पटाखों पर पूरी तरह से पाबंदी हो ताकि इससे होने वाले प्रदूषण को रोका जा सके।

श्री गोपाल राय ने आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केन्द्र और राज्य की कृषि मंत्रियों की संयुक्त बैठक में पराली जलाने के मामलों को कम करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया की इस वर्ष दिल्ली सरकार पांच हजार एकड़ से ज्यादा खेतों में निःशुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव करा रही है। साथ ही, पराली जलाने की घटनाओं के खिलाफ कड़ी निगरानी रखने और निरीक्षण के लिए 11 टीमें तैनात की गई हैं। किसानों को धान की फसल के अवशेष न जलाने के लिए ,जागरूकता अभियान के तहत गांवों में 25 किसान जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने इस साल की बैठक में देरी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा,÷ पिछले साल अगस्त में इसी तरह की बैठक हुई थी, जिससे हमें रणनीति बनाने के लिए अधिक समय मिला था। इस साल की बैठक अक्टूबर के



आखिरी सप्ताह में हुई। अगर यह तीन महीने पहले आयोजित की गई होती तो हम प्रदूषण की समस्या से अधिक प्रभावी ढंग से निपट सकते थे।÷

पर्यावरण मंत्री ने बताया कि दिल्ली के अंदर पटाखों के उत्पादन, भण्डारण और किसी भी प्रकार की बिक्री या खरीद पर पूरी तरह प्रतिबन्ध है। यह प्रतिबन्ध पटाखों के ऑनलाइन डिलीवरी पर भी लागू है। दिल्ली की तरह ही एनसीआर राज्यों में भी पटाखों पर पूरी तरह से पाबंदी हो ताकि इससे होने वाले प्रदूषण को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि हालांकि पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है, लेकिन दिवाली के बाद का समय महत्वपूर्ण होगा। श्री राय ने केंद्र और राज्य से आग्रह किया कि वे आने वाले दिनों में अधिक से अधिक प्रयास करें, ताकि सर्दियां आने से पहले प्रदूषण के स्तर पर अंकुश लगाया जा सके, क्योंकि सर्दियों में हवा की गुणवत्ता, स्थिर हवा और ठंडे तापमान के कारण खराब हो जाती है।

## भारत ने पश्चिम एशिया के ताजा घटनाक्रम पर सभी पक्षों से संयम बरतने का आग्रह दोहराया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने पश्चिम एशिया में सैन्य टकराव में तेजी के बीच संघर्ष में शामिल सभी पक्षों से वार्ता और कूटनीति के मार्ग पर लौटने का आह्वान करते हैं। जारी युद्ध की स्थिति किसी के लिए भी लाभकारी नहीं है जबकि निर्दोष




संयम बरतने और वार्ता एवं कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान दोहराया। विदेश मंत्रालय ने वहां जारी युद्ध की स्थिति को किसी के लिए भी लाभकारी नहीं बताया और कहा कि क्षेत्र में भारतीय मिशन भारतीय समुदाय के साथ संपर्क में हैंपश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा है कि हम पश्चिम एशिया में बढ़ती हिंसा और क्षेत्र तथा उससे परे शांति और स्थिरता पर इसके प्रभाव से बहुत चिंतित हैं। हम सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने तथा बंधकों और नागरिक आबादी को लगातार कष्ट भोगना पड़ रहा है। क्षेत्र में हमारे मिशन भारतीय समुदाय के संपर्क में हैं। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में सैन्य टकराव के बीच इजराइल ने ईरान के खिलाफ सीधे हमले शुरू कर दिए हैं और हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल में रॉकेट दागे हैं। इजराइल ने कहा कि उसने ईरान के पूर्व हमलों के जवाब में ईरान के अंदर सैन्य ठिकानों पर हमला किया है। ऐसे में आशंका बढ़ गई है कि दोनों देशों के बीच टकराव एक पूर्ण क्षेत्रीय युद्ध में बदल सकता है।

## सेबी जैसी संवैधानिक संस्था में भ्रष्टाचार से गड़बड़ा रहा है आर्थिक आधार : राहुल

**नयी दिल्ली।**कांग्रेस ने मोदी सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं का पतन करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इससे भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार ही नहीं बढ़ा है बल्कि सेबी जैसी संस्थाओं में गड़बड़ी होने लगी है जिससे अर्थव्यवस्था को गहरी चोट पहुंच रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यहां जारी एक बयान में कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर हमला सबसे ज्यादा खतरनाक है। इससे देश की अर्थव्यवस्था में भ्रष्टाचार जड़ जमा रहा है और देश की विकास का आधार खोखला हो रहा है।

उन्होंने कहा,संस्थागत पतन ने देश में भाई- भतीजावाद को बढ़ावा दिया है और हमारी अर्थव्यवस्था अब प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने की बजाय एकाधिकार को बढ़ावा दे रही है। छोटे और मध्यम व्यवसाय प्रतिगामी कर प्रणाली में फंस गए हैं, उद्यमियों को संघर्ष करना पड़ रहा है और खुदरा निवेशक अनिश्चित और असुरक्षित बाजार की ओर देख रहे हैं। अर्थव्यवस्था का यह माहौल समृद्धि और नवप्रवर्तन को सक्षम तथा प्रभावी बनाने वाला नहीं है। श्री गांधी ने प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड- सेबी प्रमुख मधुबी बुच पुरी पर लगे आरोपों का उल्लेख करते हुए कहा,÷माधवी बुच का घोटाला इस



बात का उदाहरण है कि जब संस्थाएं ध्वस्त हो जाती हैं और भाईचारा हावी हो जाता है तो क्या होता है। जिन लोगों को आम भारतीयों और उनके निवेशों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों से इनकार कर दिया है और वे लोग खुद ही व्यापक पैमाने पर हो रहे भ्रष्टाचार और कदाचार में लिप्त हैं। इस घोटाले पर अब तक जो जानकारी सामने आई है वह बस एक शुरुआत भर है। भ्रष्टाचारियों को बचाने का काम एक बड़ा सिंडिकेट कर रहा है। उन्होंने कहा,÷कांग्रेस पार्टी लगातार इन मुद्दों को उठा रही है, कई घोटालों की जांच कर रही है और सच्चाई को उजागर कर रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने इस मुद्दे पर सवाल किया,÷शेयर बाजार में 10 करोड़ छोटे और मझोले निवेशकों की मेहनत की कमाई में हेराफेरी कौन कर रहा है। सरकार जवाब दे कि सेबी चेयरमैन पर लगे घोटालों को लेकर उन्हें संसदीय जांच से क्यों बचा रही है। सवाल यह भी है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह मजबूत बाजार नियामक सेबी की पवित्रता और अखंडता को नष्ट कर क्यो जर रहे हैं।÷ उन्होंने कहा कि आजादी के 78 साल के दौरान देश में किसी सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं के साथ समझौता नहीं किया लेकिन मोदी सरकार इन पर लगातार हमला कर रही है जिसका खामियाजा देश की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

## आईआईआईटी, दिल्ली के 13वें दीक्षांत समारोह 745 विद्यार्थी सम्मानित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान-दिल्ली (आईआईआईटी, दिल्ली) के 13वें दीक्षांत समारोह में 745 विद्यार्थियों को डिग्रियां देकर सम्मानित किया गया।विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के तहत डिग्रियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों को दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्केना और भारतीय अंतरिक्ष संस्थान (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने सम्मानित किया। समारोह में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड संचार इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड एप्लाइड मैथमेटिक्स, कंप्यूटर साइंस एंड डिज़ाइन, कंप्यूटर साइंस एंड सोशल साइंसेस, कंप्यूटर साइंस एंड बायोसाइंसेज, और कंप्यूटर साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में 516 बी.टेक. स्नातकों को डिग्री प्रदान की गयी। इसके अलावा, 200 एम.टेक. विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया, जिसमें कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड संचार इंजीनियरिंग, और कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी जैसे क्षेत्रों में ड्यूल-डिग्री धारक भी शामिल हैं। विभिन्न प्रमुख अनुसंधान क्षेत्रों जैसे कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी, कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग, ह्यूमन-सेंटर्ड डिज़ाइन, गणित, और सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी में 29 पी.एच.डी. प्राप्तकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपराज्यपाल एवं आईआईआईटी, दिल्ली के कुलाधिपति सक्सेना ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण, और दृढ़ संकल्प के लिए बधाई दी। उन्होंने उनकी उपलब्धियों की सराहना की और उनसे इस मील के पत्थर तक पहुँचने में माता-पिता, मार्गदर्शकों और शिक्षकों की भूमिका याद रहने की अपील की। इस मौके पर उन्होंने डॉ. भीम राव अंबेडर के एक कथन को उद्धृत किया, जिसमें उन्होंने कहा कि शिक्षा रूपी शेरनी का दूध पीयेगा, वहीं दहाड़ेगा। उन्होंने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत और अंधकार को उजाले में तब्दील करने का पर्व दीपावली आ रहा है। लोग खुशियां मनाएंगे और दीये जलाकर रौशनी करेंगे।

# क्या देश में धर्म और कानून का घालमेल हो रहा है!

## >> विचार



“ सीजेआई के रिटायरमेंट के कुछ ही वक्त बचा था, वो चाहते तो 'शक्तियों के पृथक्करण' के महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक सिद्धांत को क़ायम रख सकते थे। लेकिन उन्होंने अपने व्यक्तिगत धर्म को देश की राजनीति और न्यायपालिका के साथ घोल के रख दिया। जिस कार्यपालिका को न्यायपालिका का स्पष्ट और कठोर मुख देखना चाहिए था उस कार्यपालिका का राजनैतिक प्रमुख न्यायपालिका का इस्तेमाल करता दिखा।

**कुणाल पाठक**

भारतीय संविधान के आर्किटेक्ट डॉ. बी. आर. आंबेडकर धर्म, क़ानून और राज्य के बीच के संबंधों को लेकर, सैद्धांतिक रूप से मान चुके थे कि "धर्म को निजी क्षेत्र तक सीमित कर दिया जाना चाहिए, और एक धर्मनिरपेक्ष राज्य में क़ानून धर्म से ऊपर होना चाहिए। न्यायपालिका को धर्म के किसी भी प्रभाव से स्वतंत्र रूप से कार्य करना चाहिए ताकि कानून के समक्ष समानता सुनिश्चित हो सके।" लेकिन संभवतया वो आने वाले भारत को नहीं देख सके थे जहाँ संविधान के 'अभिरक्षक' सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश स्वयं इस सिद्धांत की अनदेखी करने वाला था। बीते दिनों भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ महाराष्ट्र में अपने पैतृक गाँव में एक अभिनंदन समारोह में शामिल हुए थे। निश्चित रूप से यह अभिनंदन व्यक्तिगत रूप से डी वाई चंद्रचूड़ का नहीं रहा होगा। इस अभिनंदन को छोटे से गाँव ने अपने उस बेटे के लिए आयोजित किया होगा जो मध्यम गति से आगे बढ़ते हुए भारतीय न्यायपालिका के शिखर पर जा पहुँचा था। यह अभिनंदन गाँव के गौरव की अभिव्यक्ति रहा होगा। यह गौरव भारतीय संविधान की वजह से है। वही संविधान जिसकी प्रस्तावना, संविधान का कोई भी पन्ना पलटने से पहले ही भारत के 'धर्म-निरपेक्ष', 'समाजवादी' 'गणराज्य' स्वरूप की घोषणा कर देता है। वही संविधान जिसकी प्रस्तावना शुरुआत में ही 'समानता' और 'बंधुत्व' के आदर्शों को स्पष्ट कर देना चाहता है और यह भी बता देना चाहता है कि किसी भी हालत में भारत की 'एकता' व अखंडता 'अक्षुण्ण' रखी जाएगी। किसी भी क़ानून के विद्यार्थी की तरह यह बात निश्चित ही वर्तमान सीजेआई को भी पता होगी। लेकिन उन्होंने अपने पैतृक गाँव जाकर जो कहा वह निश्चित ही संविधान की गरिमा के ख़िलाफ़ था। उनका कहना था कि जब राम जन्मभूमि और बाबरी मस्जिद विवाद उनके सामने आया तो वो महीनों तक रास्ता निकालने की कोशिश करते रहे और फिर जब कुछ नहीं समझ आया तो इस मामले के हल के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उनका मानना था कि इससे रास्ता भी निकला। वास्तव में यह बेहद आश्चर्जनक है कि जिस सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश को न सिर्फ़ देश की सबसे बड़ी अदालत का प्रशासन संभालना होता है, बल्कि देश भर की सभी अदालतों के प्रशासन की जिम्मेदारी भी उसी पर है वह इस देश के सबसे बड़े क़ानूनी विवाद का फ़ैसला सुस्थापित न्यायिक सिद्धांतों से न करके ईश्वरीय प्रार्थना से कर रहा था। भारत का संविधान सीजेआई समेत इस देश के सभी नागरिकों को अपने-अपने धर्मों के पालन का अधिकार देता है लेकिन क्या न्यायपालिका के शिखर पर बैठे व्यक्ति को, अपने पद पर रहते हुए, मुख्य न्यायाधीश के तौर पर, अपने धर्म को सार्वजनिक रूप से न्यायिक सिद्धांतों के ऊपर रखने का अधिकार है? आंबेडकर की मानें तो बिल्कुल नहीं! उन्होंने संविधान का प्रारूप बनाया और लगभग 3 सालों तक संविधान सभा में तर्क और बहस के माध्यम से संविधान के जिस स्वरूप को प्रदान किया वह, क़ानून के शासन को धर्म के ऊपर रखने के सिद्धांत को मानता है। उसके लिए धर्म को निजी आचरण मानना चाहिए न कि सार्वजनिक मंच पर चल रहे अभिनंदन समारोह के भाषण का आधार! हर नागरिक की तरह सीजेआई चंद्रचूड़ को अपने घर के बंद दरवाजों में, अपने मनचाहे भगवान को पूजने, प्रार्थना करने और जो चाहे मांगने का अधिकार है। हो सकता है कि कभी परेशानी में आकर उन्होंने ऐसे प्रार्थना कर ही ली हो, सभी करते हैं। लेकिन अहम सवाल है कि उन्हें अपनी इस प्रार्थना को लोगों के समक्ष जाहिर करना क्यों जरूरी लगा? चंद्रचूड़ लगभग 25 सालों से संवैधानिक न्यायालयों में न्यायाधीश हैं। वह निश्चित ही जानते होंगे कि एक न्यायाधीश के लिए इस बात के क्या अर्थ निकाले जाएँगे? उन्हें क्या समझा जाएगा? और उनकी नीयत पर फिर कभी भरोसा क़ायम नहीं हो सकेगा। लेकिन संभवतया सीजेआई चंद्रचूड़ को इसकी फिक्र नहीं है, तभी तो उन्होंने गणपति के कार्यक्रम में, अपने आवास पर राजनीति को नृत्य करने का अवसर प्रदान कर दिया। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने घर इस धार्मिक कार्यक्रम में न सिर्फ़ बुलाया बल्कि उनके आने और पूजा करने को लेकर वीडियो भी बनाने की अनुमति दी। यह वीडियो पूरे भारत में देखा गया। यह उन लोगों द्वारा भी देखा गया जिनके समुदाय की 'टोपी' से मोदी जी को परेशानी रही है, जिस समुदाय का डर दिखाकर वो वोट माँगते रहे हैं, जिस समुदाय के ख़िलाफ़ घृणा को बढ़ाने में उनका अपना योगदान है जिसकी परतें गुजरात में उनके मुख्यमंत्री काल से जुड़ी हुई हैं। जिस समुदाय को वो 'कपड़ों' से पहचान लेते हैं। जब इस समुदाय ने देखा होगा कि धर्म को लेकर भारत का न्याय प्रमुख और राजनैतिक प्रधान एक ही जगह खड़े हैं तब उनमें पैदा हुई असुरक्षा और असंतोष को नापा नहीं जा सकता। सीजेआई के रिटायरमेंट के कुछ ही वक्त बचा था, वो चाहते तो 'शक्तियों के पृथक्करण' के महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक सिद्धांत को क़ायम रख सकते थे। लेकिन उन्होंने अपने व्यक्तिगत धर्म को देश की राजनीति और न्यायपालिका के साथ घोल के रख दिया। जिस कार्यपालिका को न्यायपालिका का स्पष्ट और कठोर मुख देखना चाहिए था उस कार्यपालिका का राजनैतिक प्रमुख न्यायपालिका का इस्तेमाल करता दिखा। भारत का संविधान कोई व्यक्तिगत कर्मकांड नहीं है जिसे जब चाहा तब अपने तरीके से कर डाला। न सिर्फ़ भारतीय संविधान में बल्कि दुनिया के सभी समृद्ध लोकतंत्रों में इस बात की स्वीकार्यता है कि कार्यपालिका का न्यायपालिका में हस्तक्षेप उचित नहीं है। लेकिन जब स्वयं सीजेआई प्रधानमंत्री को व्यक्तिगत तौर पर घर बुलाएँगे और न्यायिक निर्णयों पर धर्म का प्रभाव स्थापित करेंगे तब इस हस्तक्षेप को आने वाली पीढ़ी में रोकना असंभव हो जाएगा। भारतीय संविधान बनने के 200 साल पहले 1748 में फ्रांसीसी दार्शनिक मॉन्टेस्क्यू ने अपनी किताब स्पिरिट ऑफ़ द लॉज़ में शक्तियों के पृथक्करण के विचार को लोकतांत्रिक सरकार का एक आवश्यक तत्व बताया। उनका मानना था कि सत्ता का दुरुपयोग रोकने के लिए न्यायपालिका स्वतंत्र होनी चाहिए। "यदि न्याय देने की शक्ति विधायिका और कार्यपालिका शक्तियों से अलग नहीं होती है, तो स्वतंत्रता अस्तित्व में नहीं हो सकती।" इसके लगभग 200 सालों बाद जब भारत का संविधान बनने की प्रक्रिया चल रही थी तब डॉ. आंबेडकर ने भी न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर जोर दिया ताकि कार्यपालिका के अतिक्रमण को रोका जा सके। संविधान सभा की बहसों में उन्होंने तर्क दिया कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए यह पृथक्करण ज़रूरी है। लेकिन दुर्भाग्य से उखक ने इन सब बातों को भुला दिया। सीजेआई का यह नया स्वरूप उनके रिटायरमेंट से बस दो महीने पहले ही दिखना शुरू हुआ है। क्या यह सिर्फ़ एक इत्तेफाक है? लगता तो नहीं! क्योंकि पिछले कुछ न्यायाधीशों-अरुण मिश्रा और गोगोई- का अनुभव काफ़ी कुछ साफ़ तस्वीर पेश करता है। अमेरिका के प्रसिद्ध मुख्य न्यायाधीश ने मारबरी (1803) के मामले में टिप्पणी करते हुए कहा था कि- चाहे कुछ भी हो लेकिन न्यायपालिका को स्वतंत्र रहना चाहिए ताकि कानूनों को लागू किया जा सके और कार्यपालिका के अत्यधिक अधिकार को रोका जा सके। सवाल यह है कि सीजेआई चंद्रचूड़ जिस ग़लत परंपरा को छोड़कर जाने वाले हैं उसका भारत के लोकतंत्र पर क्या प्रभाव पड़ेगा? भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के मूल्यों पर स्थापित हुआ भारतीय संविधान, क्या स्वयं को कार्यपालिका के अतिक्रमण से बचा पाएगा? यह जानते हुए भी कि- देश में पिछले दस सालों से धर्म को लेकर किस तरह का माहौल है, किस तरह धार्मिक प्रतीकों को लोकतंत्र के दमन के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, किस तरह धर्म का इस्तेमाल भारत के ध्रुवीकरण के लिए किया जा रहा है, किस तरह धर्म के आधार पर लोगों के ख़ान-पान और जीवन शैली को टारगेट किया जा रहा है, किस तरह राज्यों में जानबूझकर ऐसे नेताओं को ताक़त दी जा रही है जो एक धर्म विशेष को 'सबक़ सिखाने' का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं, किस तरह सत्ता पक्ष के किसी बड़े नेता का कोई भी भाषण सांप्रदायिक तपिश के बिना पूरा नहीं होता- इसके बावजूद सीजेआई द्वारा धर्म के खुले प्रदर्शन ने, वो भी पद पर बने रहते हुए, करोड़ों अल्पसंख्यकों को असुरक्षित बना दिया है। उनके इस कृत्य ने धर्मनिरपेक्ष हिंदुओं को भी दबाव में लाकर असुरक्षित बना दिया है। उन्हें इससे बचना चाहिए था, अब इतिहास उनके द्वारा दिए गए, सभी निर्णयों को इसी आलोक में देखेगा। इतिहास देखेगा कि किन कारणों से जस्टिस चंद्रचूड़ ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर 'उचित' कार्यवाही नहीं की, इलेक्टोरल बांड्स के निर्णय में आरोपियों के ख़िलाफ़ जांच क्यों नहीं बिठायी गई? सेबी की विश्वसनीयता को तार-तार करने वाली माधवी बुच पर कार्यवाही क्यों नहीं की? पूजा स्थल अधिनियम 1991, जैसे महत्वपूर्ण और देश को अखंड और शांत रखने वाले क़ानूनों के बावजूद वाराणसी, मथुरा समेत सैकड़ों मंदिर-मस्जिद विवादों को उभारने का काम क्यों किया? महाराष्ट्र की महायुति सरकार को अवैध सरकार मानने के बावजूद ऐसा कोई फैसला क्यों नहीं लिया जो बीजेपी सरकार के ख़िलाफ़ जाता दिखता? इतिहास उनका आकलन करते हुए पूछेगा कि जब वो न्यायपालिका के शिखर पर बैठे थे तब उन्होंने कार्यपालिका को उमर ख़ालिद जैसे छात्रों को चार सालों तक बिना ट्रायल के जेल में कैसे बने रहने दिया? क्या वो समझा पाएंगे कि वो कैसे सरकार की नीयत नहीं समझ सके? क्या वो बता पाएंगे कि वो कैसे चुनाव आयोग की नीयत नहीं समझ सके, जिस पर लोकतंत्र का बड़ा हिस्सा टिका हुआ है? सीजेआई चंद्रचूड़ के बेटे अभिनव चंद्रचूड़ की किताब 'सुप्रीम व्हिस्पर्स' यह बताती है कि सर्वोच्च न्यायालय के जजों में भी लालच होता है, विशेषकर उनके रिटायरमेंट के बाद। न्यायाधीश का पद सामान्यतया उनके लिए 'पर्याप्त' नहीं होता। उनका ध्यान रिटायरमेंट के बाद के जीवन ख़ुद की सुख-सुविधाओं और परिवार के सदस्यों के हितों पर होता है। हर बार जब जजों के व्यक्तिगत हित संवैधानिक मर्यादाओं से टकराते हैं तो लोकतंत्र को चोट पहुँचती है। सभी संवैधानिक पदों की तरह ही न्यायाधीशों को भी अपनी संवैधानिक शपथ याद रखनी चाहिए। और भारत के पहले प्रधानमंत्री और महान स्वतंत्रता सेनानी जवाहरलाल नेहरू के इन शब्दों को याद रखना चाहिए कि- "किसी भी धर्म को हमारी राजनीति या न्यायपालिका पर हावी होने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। न्यायपालिका को धर्मनिरपेक्ष, स्वतंत्र और धार्मिक पक्षपात से मुक्त रहना चाहिए।"

## संपादकीय

### भारत का मुखर विरोध

स्टिन ट्रूडो के मुगालते कम नहीं हुए हैं। अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये उन्होंने भारत का मुखर विरोध करने वाले जिन सांसदों का समर्थन लिया, उनके एजेंडे को पूरा करने में ट्रूडो सारी सीमाएं लांघ रहे हैं। राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते ट्रूडो मानकर चल रहे हैं कि वे अपने चौथे कार्यकाल के लिये चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। लेकिन पार्टी में चल रहे विरोध के चलते आशंका है कि उनका हश्र भी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन जैसा न हो, जिनको डेमोक्रेट्स के भारी दबाव के बाद राष्ट्रपति पद की फिर से दावेदारी छोड़नी पड़ी। लेकिन ट्रूडो की राजनीतिक महत्वाकांक्षा इतनी प्रबल रही कि वे अपरिपक्वता के चलते अपने पुराने सहयोगी नई दिल्ली के साथ संबंध बिगाड़ने से भी नहीं चूके। इसी कड़ी में वे कोशिश कर रहे हैं कि भारत से आने वाले प्रवासियों की संख्या को कम कर सकें। इसमें दो राय नहीं है कि कनाडा में स्थायी निवास की अनुमति की प्रक्रिया में जो बदलाव की मंशा ट्रूडो सरकार जता रही है, उसका सबसे ज्यादा असर भारतीय प्रवासियों पर पड़ेगा। हालांकि, उम्मीद के अनुरूप कुछ देशों से ही उन्हें नई नीति को लेकर समर्थन मिला है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दावेदार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अब जस्टिन ट्रूडो कनाडा की सीमाओं को बंद करना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रंप अमेरिका में सीमाओं को लेकर सख्त कदम उठाने की बात करते रहे हैं। यहां तक कि अमेरिका की मैक्सिको सीमा पर दीवार बनाना उनका मुख्य एजेंडा रहा है। लेकिन कनाडा के मामले में उसकी सबसे बड़ी मजबूरी यह है कि उसकी अर्थव्यवस्था आप्रवासियों पर पूरी तरह निर्भर है। इन आप्रवासियों ने कनाडा की आर्थिकी को मजबूत बनाने में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। यह निर्भरता तब और बढ़ जाती है जब कनाडा की आबादी चिंताजनक रूप से बूढ़ी हो रही है। ट्रूडो सरकार की नई नीतियों के चलते उसे श्रमिकों की कमी से निपटना बड़ी चुनौती होगी। दरअसल, ट्रूडो सरकार जिसने साल 1914 की कोमागाटा मारूकी घटना के लिये साल 2016 में माफी मांगकर प्रवासी भारतीयों को लुभाया था, अब उसने उस नीति से यू टर्न ले लिया है।

# नक्सलियों के सामने तन गए आदिवासी

**सुदीप ठाकुर**

अबूझमाड़ के जंगलों में नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिलों की सीमा पर चार अक्टूबर को हुई भीषण मुठभेड़ के बाद पुलिस ने 31 माओवादियों के मारे जाने का दावा किया। इसके कुछ दिनों बाद माओवादियों के प्रवक्ता ने कहा कि मुठभेड़ में 35 माओवादी मारे गए। बीते चार दशक में बस्तर में यह माओवादियों के खिलाफ सबसे बड़ी मुठभेड़ है। करीब 14 साल पहले 6 अप्रैल, 2010 को नक्सलियों के अब तक के सबसे बड़े हमले में सुरक्षाबलों के 76 जवान मारे गए थे। ये दो घटनाएं एक दूसरे की विलोम हैं और दो चरम स्थितियों को दिखाती हैं।

**कमजोर नक्सली:** ताजा मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। इससे पता चलता है कि आदिवासियों के बीच नक्सलियों का समर्थन कमजोर पड़ चुका है। वरना अक्सर बड़े नक्सली हमले के बाद दोहराया जाता था कि नक्सलियों का खुफिया तंत्र मजबूत है और उन्हें सुरक्षाबलों की हर मूवमेंट का पता पहले चल जाता है। अब उल्टा हो रहा है। बस्तर के भीतर खासतौर से दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिलों के बीच अबूझमाड़ और दोरनापाल से लेकर जगरगुंडा और बीजापुर तक, लंबी तिकोनी पट्टी में सुरक्षाबल पहुंच पा रहे हैं।

**आदिवासियों का भरोसा:** मध्य भारत में दंडकारण्य के घने जंगलों में लिखी जा रही इस नई इबारत में आदिवासी कहां हैं? इस सवाल का जवाब तलाशने का यही ठीक समय है। सबसे पहली बात तो यही कि आदिवासियों ने बीते कई दशकों में हुए लोकसभा और विधानसभा चुनावों में हर बार नक्सलियों की चुनाव बहिष्कार की धमकी को ठुकरा कर मतदान किया है। यह अपने आपमें देश के लोकतंत्र और संविधान के प्रति उनकी अटूट आस्था को दिखाता है।



**भेदभावपूर्ण व्यवहार:** गजब यह है कि बीते 8 दशकों से यही बहस चल रही है कि आदिवासियों को 'मुख्यधारा' से जोड़ा जाए! असल में आदिवासी इस कथित मुख्यधारा से दूर नहीं हैं, यह मुख्यधारा ही उनसे दूर रही है। दो महान आदिवासी नेताओं को याद किया जा सकता है। एक थे जयपाल सिंह मुंडा, जिन्होंने संविधान सभा में कहा था, 'ङ्ख यदि भारतीय लोगों के किसी समूह के साथ सबसे बुरा बर्ताव हुआ है, तो वह मेरे लोग हैं। उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया है, 6000 वर्षों से वे उपेक्षित हैं ङ्खआप आदिवासियों को लोकतंत्र का पाठ नहीं पढ़ा सकते। आपको उनसे लोकतांत्रिक व्यवहार सीखने होंगे। वे दुनिया के सबसे लोकतांत्रिक लोग हैं।' दूसरे थे, 1962 में चांदा (चंद्रपुर) से लोकसभा में पहुंचे लाल श्याम शाह, जिन्होंने 1957 में ही 'आदिवासी भाई चेत जाइये', नाम से एक पर्चा निकालकर कहा था, 'हमारे सामने केवल एक ही रास्ता रह जाता है कि हम पूरे राष्ट्र में जितनी अधिक विधानसभा और लोकसभा की जगहों पर प्रजातांत्रिक तरीकों से चुनाव लड़कर अपनी वाजिब मांगें रखें।'

**सुविधाओं की कमी:** लेकिन हो यह रहा था कि 1970-80 के दशकों में बस्तर में पोस्टिंग को सरकारी अमलों में सजा की तरह देखा जाता था। आज भी दुर्गम इलाकों में सड़कें नहीं हैं। स्कूलों में शिक्षक नहीं होते थे और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर। शहर से आने वाले व्यापारी साप्ताहिक बाजारों में जिस तरह नमक जैसी चीज के लिए काजू, चिरौंजी, महुआ की सौदेबाजी करते थे, उसके आख्यान पुराने पड़ चुके हैं। पूछा यह जाना चाहिए कि बैलाडीला की खदानों की परियोजनाओं से लेकर वहां बन रहे स्टील संयंत्रों में आदिवासियों की क्या स्थिति है? वनाधिकार कानून के बाद जमीनी हालात कैसे हैं?

**सरकारी प्रयास:** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने माओवादियों के सफाये के लिए मार्च, 2026 की डेडलाइन रखी है। इसे देखते हुए समझा जा सकता है कि सुरक्षाबलों की कार्रवाई में और तेजी आएगी। पिछले साल नवंबर में हुए विधानसभा चुनावों के बाद छत्तीसगढ़ में बनी इखढ सरकार ने एक ओर तो नक्सलियों के समर्पण को लेकर नई पुनर्वास नीति लाने का ऐलान किया और दूसरी ओर सुरक्षाबलों की कार्रवाई भी तेज हुई है। नई नीति को लेकर राज्य सरकार ने बाकायदा गूगल फॉर्म, क्यूआर कोड और मेल आईडी जारी कर नक्सलियों तक से सरेंडर पॉलिसी को लेकर सुझाव भी मांगे। हालांकि जिस तरह से सुरक्षाबल और नक्सली आमने-सामने हैं, उससे शांति वार्ता की गुंजाइश कम ही दिख रही।

**बातचीत क्यों नहीं:** बस्तर की स्थिति और कुल मिलाकर जिन राज्यों में माओवादियों या नक्सलियों का प्रभाव रहा है, वहां की स्थिति अलगाववाद का लंबा दौर देख चुके पूर्वोत्तर के राज्यों से भिन्न रही है। इसके बावजूद ऐसा क्यों नहीं हो सका कि केंद्र सरकार लंबे समय से पूर्वोत्तर के अलगाववादियों से तो शांति वार्ता करती रही है, लेकिन माओवादियों के साथ ऐसी पहल जमीन पर नहीं आ सकी। बोडो समूह के साथ केंद्र, राज्य (असम) और बोडोलैंड की मांग कर रहे चरमपंथियों से त्रिपक्षीय समझौता तो मोदी सरकार के समय का ताजा मामला है।

**बराबर हक मिले:** सुरक्षाबल माओवादी हिंसा को रोकने में मददगार तो हो सकते हैं, लेकिन वह गांधी के देश में स्थायी शांति का प्रतीक नहीं हो सकते। आखिरकार लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्य ही स्थायी शांति ला सकते हैं। और इन सबसे बढ़कर यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत है कि बदलते बस्तर में आदिवासियों को उनके पूरे संवैधानिक अधिकार मिलें और उन्हें विकास के हिस्सेदार की तरह देखा जाए न कि लाभार्थी! हमारे समय के बेहद महत्त्वपूर्ण कवि विनोद कुमार शुक्ल की कई दशक पुरानी एक कविता के इस अंश से बस्तर के दर्द को समझा जा सकता है, 'ङ्ख.एक अकेली आदिवासी लड़की को/ घने जंगल जाते हुए डर नहीं लगता/ बाघ-शेर से डर नहीं लगता/ पर महुआ लेकर गीदम के बाजार जाने से/ डर लगता है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं और 'लाल श्याम शाह, एक आदिवासी की कहानी' पुस्तक लिखी है)**

# पैरालिम्पिक खेल: नव जीवन का आगाज़

**संजय सोंधी**

खेल एक ऐसी आनंददायक क्रिया का नाम हैं जिसे बालक से लेकर वृद्ध तक सभी करते हैं ' विकलांग और सकलांग सभी लोग खेलना पसंद करते हैं ' लगभग 60 दशक पूर्व तक भारत के विकलांग बालकों व व्यक्तियों का खेलना घर-आँगन व गलियों तक ही सीमित था ' 1960 के दशक में जब भारत में सामाजिक समावेशन दौर का आगाज़ हो रहा था ' उसी समय में ये संभावना भी उभर कर सामने आई कि विकलांग व्यक्ति घर के आँगन व गलियों के दायरों से बाहर आकर खेल सकते हैं भारत ने पैरालिम्पिक खेलों की औपचारिक शुरुआत 1968 में इजरायल की राजधानी तेल अबीव में आयोजित पैरालिम्पिक खेलों में सहभागिता के साथ की थी ' भारत की ओर से पैरालिम्पिक के प्रथम चरण में कुल दस खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था ' हालांकि इस प्रयास में भारत को कोई पदक नहीं मिल पाया था तथापि ये भारत के विकलांग व्यक्तियों/खिलाड़ियों के लिए अवसरों की एक नई दुनिया में आने और बस जाने का आगाज़ था ' जर्मनी में आयोजित 1972 के पैरालिम्पिक खेलों में भारत के खिलाड़ी को प्रथम पैरालिम्पिक पदक मिला ' इसी के साथ विकलांग व्यक्तियों के समूह के मध्य यह भाव भी पल्लवित हुआ कि वो पेशेवर खिलाड़ी के रूप राजकीय, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों में भाग ले सकते हैं वर्ष 1994 में भारत सरकार ने विकलांगों के खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए भारतीय पैरालिम्पिक कमेटी का गठन किया ' खेलों इंडिया' व 'लक्षित ओलंपिक पोडियम योजना' के माध्यम से भारत सरकार ने भारतीय खिलाड़ियों को पैरालिम्पिक खेलों की तैयारी करने के लिए आवश्यक व उचित सहायता प्रदान की ' भारत सरकार के इस सुनियोजित और संगठित प्रयास से पेरिस पैरालिम्पिक खेल -2024 में भारतीय विकलांग खिलाडियों ने स्वर्णिम इतिहास रच दिया ' उन्होंने कुल 29 पदक जीते जिनमें सात स्वर्ण पदक, नौ चांदी के तथा तेरह कांस्य पदक शामिल हैं ' भारत में उनके प्रदर्शन ने सामान्य





खिलाड़ियों के प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया हैं ' इस ऐतिहासिक प्रदर्शन ने भारत सरकार और समाज दोनों को ये पुरजोर संदेश दिया हैं कि विकलांग बालकों/खिलाड़ियों को उचित समय पर संसाधन, प्रशिक्षण दे दिया जाए तो ये खिलाड़ी भविष्य में अपने प्रदर्शन को चरम तक ले जाने में सक्षम हैं ' जो उनके लिए तो उपलब्धि होगी ही परिवार व राष्ट्र के लिए भी गौरव और विकास की राह के सृज़न में सहायक होगा ' विकलांगता एक अभिशाप हैं, बेचारगी हैं, पीड़ा हैं - जैसे कथनों और पूर्वाग्रहों की धज्जियाँ उड़ाते मेरे विकलांग साथी समाज में जीवन जीने की नवीन शैलियों का निर्माण कर रहे हैं ' अगर हम ये कहे कि खेल के क्षेत्र में इनके द्वारा किए गए प्रयासों से समाज में एक स्थायी प्रकार के समावेशन भरे वातावरण का निर्माण हो रहा है तो ये कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी ' एक आत्मविश्वास और उपलब्धियों भरा जीवन जी रहे हैं ' विकलांग खिलाड़ियों की बढ़ती उपलब्धियों के साथ परिवार व समाज में उनके लिए स्वीकार्यता के भाव का विकास हुआ हैं ' भारत में पैरालिम्पिक खेलों की राह बहुत सहज़ भी नहीं हैं ' इसकी राह में अनेक मुश्किलें हैं यथा झ वित्तीय ससाधनों का अभाव, खेलने के स्थानों (पार्क व स्टेडियम आदि) में विकलांग व्यक्तियों के लिए आवश्यक सुविधाओं का अभाव, खेलों के संबंध में आवश्यक जानकारियों का खिलाड़ियों तक न पहुँच पाना, सूचनाओं का समय पर न पहुँच पाना, अभिभावकों व स्वयं विकलांग व्यक्तियों में खेलो के प्रति जागरूकता का अभाव आदि ' यहाँ एक ओर समस्या गंभीर रूप से उभर रही हैं झ स्वस्थ व्यक्तियों का विकलांगता के झूठे प्रमाणपत्र हासिल करके विकलांग व्यक्तियों के अवसरों को व्यक्तिगत स्वार्थपूर्ति में उपयोग करना ' बेशक पैरालिम्पिक खेलों की राह में कितनी भी मुश्किलें हो फिर भी इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि इन खेलों के माध्यम से विकलांग व्यक्तियों ने मानसिक व शारीरिक फिटनेस के साथ सफलताओं के नए प्रतिमान गढ़े हैं 'मैं प्रबुद्ध पाठकों को बता दू कि सामान्य ओलम्पिक खेलों में जितने खेल शामिल किए गए हैं, लगभग वह सभी खेल पैरालिम्पिक खेलों में भी शामिल किए गए हैं ' अतः हमारी सभी विकलांग साथियों, उनके अभिभावकों व अध्यापकों से पुरजोर अनुरोध हैं कि अपनी शक्तियों को पहचाने और खुद को जीवन में आगे बढ़ने के नए रास्ते दे।

**( उप सचिव , भूमि एवं भवन विभाग, दिल्ली सरकार)**

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक और प्रकाशक व संपादक सरोज चौधरी द्वारा विजय प्रेस, नया टोला पटना से मुद्रित तथा 302, मां तारा कंपलेक्स, नारायण मूर्ति पथ, नागेश्वर कॉलोनी, बोरिंग रोड पटना से प्रकाशित! संपादक सरोज चौधरी, R.N.I. No:- BIHHIN/ 2016/72168

## निशांत कुमार यादव अब होंगे चंडीगढ़ के उपायुक्त

एजेंसी

**चंडीगढ़।** गुरुग्राम के जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव अब राजधानी चंडीगढ़ के जिला उपायुक्त बनेंगे। केंद्र सरकार ने तीन साल के लिए निशांत कुमार यादव का कॉडर बदलकर यूटी कॉडर में भेजने को मंजूरी प्रदान कर दी है। वर्ष 2013 बैच के आईएएस आईआईटीयन निशांत कुमार यादव को चंडीगढ़ का नया डिप्टी कमिश्नर नियुक्त किया गया है। वह चंडीगढ़ के मौजूदा डीसी विनय प्रताप सिंह की जगह लेंगे। केंद्र सरकार की अपॉइंटमेंट कमेटी ने यादव की नियुक्ति को मंजूरी दी है और इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। एक नवंबर 1966 को हरियाणा व पंजाब के अलग होने के समय में राजधानी चंडीगढ़ में अधिकारियों की तैनाती का अनुपात भी दोनों राज्यों में बांटा गया था। इसके तहत उपायुक्त की पोस्ट हरियाणा के कोटे में आती है। इसी के चलते निशांत यादव हरियाणा कैडर से डेपुटेशन पर एजीएमयूटी कैडर में भेजे गए हैं। चंडीगढ़ (यूटी) में बतौर डिप्टी कमिश्नर आईएएस निशांत यादव का कार्यकाल 3 साल या अगले आदेश तक होगा, जो भी पहले हो। आईएएस अफसर निशांत कुमार यादव अभी वर्तमान में गुरुग्राम के डिप्टी कमिश्नर के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं। उन्हें फरवरी 2022 में गुरुग्राम डिप्टी कमिश्नर नियुक्त किया गया था। तब उन्होंने वहां आईएएस यश गर्ग की जगह ली थी।

## बहन की शादी का न्यौता देकर लौट रहे तीन भाईयों की हादसे में मौत

**सोनीपत।** बहन की शादी का न्यौता देकर लौट रहे तीन युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही शादी वाले घर में मातम पसर गया। घटना सोनीपत के गांव भैंसवान खुर्द के पास की है। पुलिस को दी शिकायत में अंकुश उर्फ सोनी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि देर शाम उनका भाई ललित मोटरसाइकिल चला रहा था, जिस पर अतुल और लक्ष्य भी सवार थे। भोले का ढाबा के पास एक तेज रफ्तार गाड़ी ने लापरवाही से उनकी बाइक को टक्कर मारी, जिसमें ललित और अतुल की मौके पर ही मौत हो गई। घायल लक्ष्य को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। अंकुश ने बताया कि गाड़ी से तीन लोग उतरकर भागते देखे गए, जिनमें से एक घायल व्यक्ति बाद में अस्पताल से फरार हो गया। पुलिस को सूचना मिलने पर एएसआई संजय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और घटना की विशेष रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। शवों का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंपा दिया गया है।

## स्थाई भर्तियां होने पर भी हटाए नहीं जाएंगे एसएसटी अध्यापक

**चंडीगढ़।** हरियाणा में कौशल रोजगार निगम को भंग किए जाने की अफवाहों के बीच सरकार ने साफ कर दिया है कि एचकेआरएन को भंग नहीं किया जाएगा बल्कि पहले के मुकाबले और बेहतर तरीके से इसका संचालन किया जाएगा। सरकार ने एचकेआरएन के माध्यम से भर्ती हुए अध्यापकों की नौकरी को भी सुरक्षित रखने का फैसला कर लिया है। इस बीच महानिदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा ने प्रदेश के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को एक पत्र जारी करके एचकेआरएन के माध्यम से लगे एसएसटी अध्यापकों की सेवाएं जारी रखने के निर्देश दिए हैं। महानिदेशक की तरफ से जारी पत्र के अनुसार टीजीटी अंग्रेजी के नियमित अध्यापकों की नियुक्ति होने के बाद हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से लगे एसएसटी अध्यापकों की सेवाएं समाप्त किए जाने को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। महानिदेशक के अनुसार टीजीटी अंग्रेजी में नियमित अध्यापक आने के बाद एसएसटी अध्यापकों को आगामी आदेशों तक पदमुक्त नहीं किया जाएगा।

## राजकीय आईटीआई में दीक्षांत समारोह आयोजित

**नारनौल।** नारनौल स्थित राजकीय आईटीआई में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुरेश चौधरी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। छात्र सचिन ने संस्थान में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। सुरेश चौधरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आईटीआई एक ऐसा संस्थान है जहां रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। सरकार प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों को नौकरी में वरीयता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि आईटीआई से उत्तीर्ण बच्चे अपना स्वयं का रोजगार भी स्थापित कर अन्य को भी रोजगार के अवसर प्रदान कर सकते हैं। मुख्य अतिथि ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी ट्रैनी छात्र व छात्राओं को प्रमाण पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के बीच-बीच में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समा बांधा। प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि राजकीय ओद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान के 21 ट्रैड के कुल 112 मेधावी ट्रैनी छात्र व छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार महिला आईटीआई की 9 ट्रैड की प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली कुल 40 छात्राओं को भी प्रमाण पत्र व मैडल पहनाकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके अलावा डीएसटी के प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 49 छात्रों को भी अनुभव प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर नेहरू युवा केंद्र से नित्यानंद यादव, कार्यालय अधीक्षक सत्यनारायण, मेजर विरेंद्र कुमार सेकवाल आदि मौजूद रहे।

# अंबाला छावनी बस स्टैंड की स्पेशल रिपेयर के लिए 92.37 लाख मंजूर : अनिल विज

### बस स्टैंड के ढांचागत में होगा सुधार, यात्रियों को मिलेगा लाभ, परिवहन विभाग संभालते ही किया था औचक निरीक्षण

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने परिवहन विभाग संभालते ही अम्बाला छावनी बस स्टैंड के ढांचागत सुधार की कवायद प्रारंभ कर दी है। परिवहन मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अम्बाला छावनी बस स्टैंड की स्पेशल रिपेयर के लिए सरकार ने 92.37 लाख रुपये की प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि सरकार ने 92.37 लाख रुपये की प्रशासनिक मंजूरी दे दी है और बहुत जल्द अम्बाला छावनी बस स्टैंड की रिपेयर के लिए कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड के ढांचागत को पहले से भी अधिक बेहतर बनाया जाएगा ताकि यहां आने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सके।



उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी बस स्टैंड जीटी रोड पर सबसे महत्वपूर्ण बस स्टैंड है और रोजाना यहां से हजारों यात्री अलग-अलग राज्यों में आने-जाने के लिए बसों से उतरते व चढ़ते हैं। साथ ही कहा कि 92.37 लाख रुपये की प्रशासनिक मंजूरी मिल चुकी है और जल्द ही यहां पर विभिन्न ढांचागत की मरम्मत कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि गत दिनों परिवहन मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालने के कुछ घंटे के भीतर ही परिवहन मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी बस स्टैंड पर व्यवस्थाओं को जानने के लिए औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान कई खामियां मिली थीं और उन्होंने मौके पर ही बस स्टैंड इंचार्ज (एसएस) को निलंबित करने के निर्देश दिए थे। हालांकि, परिवहन मंत्री अनिल विज के निरीक्षण के चौबीस घंटे के भीतर ही परिवहन विभाग ने बताई गई विभिन्न खामियों को ठीक किया था ताकि यात्रियों को समस्याओं का सामना न करना पड़े।

## हरियाणा के कृषि मंत्री का दावा, पराली जलाने की घटनाएं 60 फीसदी हुई कम

एजेंसी

**चंडीगढ़।** फसलों के अवशेष जलाने और उसके प्रबंधन की घटनाओं को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज चार राज्यों हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के कृषि मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक हुई। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने जिला रोहतक से इस बैठक में भाग लिया। बैठक में हरियाणा और अन्य तीन राज्यों में पिछले वर्ष व वर्तमान वर्ष की फसल अवशेष जलाने की घटनाओं के बारे में विचार-विमर्श किया गया। श्याम सिंह राणा ने बताया कि पिछले वर्ष के मुकाबले वर्तमान खरीफ सीजन में प्रदेश में फसल अवशेष जलाने की घटनाओं में लगभग 60 प्रतिशत की कमी आई है, जिसका श्रेय हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अपनाई गई कार्यप्रणाली को जाता है। राज्य सरकार द्वारा किसानों को पराली न जलाने के बारे में ग्राम स्तरीय, खंड स्तरीय, जिला स्तरीय, पाठशाला कार्यक्रमों, प्रिंट मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूक किया गया और उन्हें पराली प्रबंधन हेतु प्रोत्साहन राशि व सब्सिडी पर कृषि यंत्र भी उपलब्ध करवाए गए।

उन्होंने बताया कि यदि प्रदेश के किसान पराली को न जलाकर उसका प्रबंधन खेत व खेत से बाहर करते हैं तो मिट्टी की उपजाऊ शक्ति बढ़ती है तथा मिट्टी में ऑर्गेनिक तत्वों की मात्रा भी बढ़ती है। उन्होंने बताया कि वे भी एक किसान हैं और उन्होंने स्वयं अपने खेत में पराली को कृषि यंत्रों के माध्यम से मिट्टी में मिलाकर उसका प्रबंधन किया है।

कृषि मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार पराली जलाने की घटनाओं के बारे में पूर्णतयः सतर्क है और राज्य ने ग्राम स्तरीय, खंड स्तरीय व जिला स्तरीय टीमों के माध्यम से पूर्ण निगरानी रखे हुए हैं। किसानों को प्रतिदिन गांव में जागरूकता शिविर लगाकर पराली न जलाने के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

## प्रत्येक गांव पंचायती भूमि पर पौधारोपण करने के लिए ठोस कदम उठाएः अरविंद शर्मा

एजेंसी

**सोनीपत।** कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि पर्यावरण व मनुष्य जीवन के लिए पेड़-पौधे मुख्य साधन है क्योंकि इनके कारण ही हमारा पर्यावरण हरा भरा रहता है और यही पेड़-पौधे मनुष्य को जीने के लिए ऑक्सीजन उपलब्ध करवाते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण की इस मुहिम से जुड़कर ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना चाहिए। कैबिनेट मंत्री आज सोनीपत जिला के गांव हुल्लाहेड़ी में सीआरपीएफ की 220 वीआईपी सुरक्षा बटालियन के सौजन्य से आयोजित पौधोपण कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री मोहनलाल बड़ौली ने भी शिरकत की।

कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रत्येक गांव पंचायती भूमि पर पौधारोपण करने के लिए ठोस कदम उठाएं ताकि प्रत्येक गांव प्रकृति संरक्षण में अपना अहम योगदान दे सकें। हमें प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए पर्यावरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने होंगे, नहीं तो वो दिन दूर नहीं कि मनुष्य का अस्तित्व खतरे में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि कोरोना



महामारी के दौरान होने वाली ऑक्सीजन की कमी का कारण कहीं न कहीं पेड़ों की अधिक कटाई भी है। मनुष्य ने अपने विकास के लालच में प्रकृति को इतना नुकसान पहुंचा दिया है कि मनुष्य को अनेक बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। पेड़ों की अधिक कटाई के कारण वातावरण में ऑक्सीजन का संतुलन बिगड़ गया है और वातावरण में ऑक्सीजन की कमी हो गई है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि पौधारोपण करने के साथ-साथ हमारा यह भी दायित्व बनता है कि हम इसकी देखभाल भी करें।

इस मौके पर सीआरपीएफ के कमांडेंट निखिल रस्तोगी ने कहा कि सीआरपीएफ देश की रक्षा करने के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा करने का भी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ अब तक कई करोड़ पौधे लगा चुकी है और उनकी देखभाल भी कर रही है। इस अवसर पर सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट ओमेन्द्र सिंह पूनिया, नरेन्द्र सारन व राजेन्द्र पटेल, सहायक कमांडेंट विकास व वीरेन्द्र गांव हुल्लाहेड़ी के सरपंच नरेन्द्र सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व ग्रामीण मौजूद रहे।

## हरियाणा में गेहूं के बीजों की कीमतें तय

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने रबी सीजन 2024-25 के लिए गेहूं के प्रमाणित बीजों की बिक्री दरों की घोषणा की है। कृषि विभाग के निदेशक ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। प्रदेश में इन दिनों डीएपी को लेकर मारा-मारी चल रही है। किसान संगठन विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। महिलाएं कई-कई घंटों तक कतारों में लगकर डीएपी हासिल कर रही हैं।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा है कि सरकार किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने और उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि आगामी सीजन में फसल उत्पादन में बढ़ोतरी हो सके और कृषि परिणाम बेहतर हों। विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, सभी प्रकार के गेहूं की सामान्य बिक्री दर-सी -306 किस्म और अधिसूचना के 10 वर्ष से अधिक पुरानी किस्मों को छोड़कर 3,875 रुपये प्रति क्विंटल तय की गई है। किसानों को राहत देने के लिए सरकार 1,000 रुपये प्रति क्विंटल की सब्सिडी प्रदान करेगी, जिससे बीज की



कीमत कम होकर 2,875 रुपये प्रति क्विंटल रह जाएगी। प्रमाणित गेहूं के बीज 40 किलोग्राम के प्री-पैक बैग में सब्सिडी वाली दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि किसान रबी सीजन के लिए आसानी से उच्च गुणवत्ता वाले बीज खरीद सकें। यह सब्सिडी केवल हरियाणा के किसानों को ही दी जाएगी और किसी सरकारी एजेंसी, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) या योजनाओं के तहत प्रदर्शन के लिए इस्तेमाल किए गए बीजों पर लागू नहीं होगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रमोशनल गतिविधियों या अन्य सरकारी कार्यक्रमों में उपयोग किए जाने वाले बीजों पर कोई सब्सिडी नहीं मिलेगी। विभाग ने बिक्री केंद्रों पर सभी लेन-देन को सावधानीपूर्वक बिक्री रजिस्टर में दर्ज किया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी विवाद से बचा जा सके। साथ ही अधिकारियों को इन निर्देशों से संबंधित सभी कर्मचारियों को तुरंत अवगत कराने को कहा गया है, ताकि वितरण प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके।

## त्यौहारी सीजन में खुले रहेंगे अस्पतालों के बर्न यूनिट

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा है कि विभागीय अधिकारियों को दीपावली के मद्देनजर प्रदेश के सभी अस्पतालों को बर्न यूनिट तैयार करने के निर्देश जारी किए गए हैं। त्यौहार के सीजन में पटाखे आदि से जलने के कई केस सामने आते हैं। दीपावली के दौरान किसी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए रोस्टर के अनुसार मेडिकल व पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की जाएगी। मंत्री पद ग्रहण करने के बाद उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग तथा मेडिकल एजुकेशन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में आरती राव ने सभी विभागाध्यक्षों से उनके विभाग में चल रही योजनाओं तथा समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में आरती राव ने कहा कि कई निजी अस्पतालों द्वारा आयुष्मान कार्ड धारकों से मनमाने रेट वसूले जा रहे हैं या फिर उन्हें भर्ती करने



में आनाकानी करते हैं। आयुषमान कार्ड धारकों का इलाज करने में कोताही करने वाले निजी अस्पतालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सभी अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं कि

**-स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों की पहली बैठक में ली स्टेट्स रिपोर्ट**

**-दीपावली पर रोस्टर अनुसार तैनात रहेगा मेडिकल स्टाफ**

वह अपने-अपने क्षेत्रों में यह सुनिश्चित करें कि सरकार के पैनल पर काम करने वाले अस्पताल आयुष्मान कार्ड धारकों को परेशान न करें। जो अस्पताल लोगों को परेशान कर रहे हैं, उनके इंपैनलमेंट को रद्द किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में मिठाई की दुकानों की जांच करें। मिलावटी व घटिया किस्म की मिठाई बेचने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह आगामी छह माह का रोड मैप तैयार करें। इसे अगली बैठक में लागू करके जवाबदेही तय की जाएगी। प्रदेश के अस्पतालों में डाक्टरों की कमी को स्वीकारते हुए उन्होंने कहा कि डाक्टरों की तैनाती से अधिक जरूरी है कि वह स्थायित्व के साथ काम करें। इसके लिए प्रयास किए जाने के बेहद जरूरी हैं। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह नए डाक्टरों की नियुक्ति से पहले उनके साथ बैठकें करें ताकि वह अपने जिलों तथा तैनाती वाले क्षेत्रों में स्थाई तौर पर काम करें।

## दीप महोत्सव में वकीलों ने लिया कविताओं का आनंद

एजेंसी

**झज्जर।** दीपावली पर्व को लेकर बार एसोसिएशन बहादुरगढ़ की ओर से दीपावली के उपलक्ष्य में पहली बार दीप महोत्सव व कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें न्यायापालिका अधिकारियों प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा बार एसोसिएशन से जुड़े वकीलों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। जाने-माने कवियों ने अपनी हास्य, व्यंग्य पर आधारित कविताओं से समारोह में मौजूद उपस्थितन को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। दीप महोत्सव में मुख्य तौर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया, जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह, पुलिस उपायुक्त बहादुरगढ़ मयंक मिश्रा, प्रिंसीपल जज फैमिली कोर्ट भावना जैन, एस.डी.जे.एम. सोनिया सोकंद, एस.डी.एम. परमजीत चहल, जे.एम.आई.सी. आशिमा गर्ग ने शिरकत की। समारोह की अध्यक्षता बार एसोसिएशन बहादुरगढ़ के प्रधान सत्यवान राठी ने की। प्रधान सत्यवान राठी ने बार एसोसिएशन पदाधिकारियों के साथ मिलकर बार की तरफ से सभी अतिथियों का बुक्के भेंट कर, शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया, जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह, पुलिस उपायुक्त बहादुरगढ़ मयंक मिश्रा व एसोसिएशन प्रधान व पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वहीं बार की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ताओं को जिन्हें वकालत में 40 साल से ज्यादा अनुभव हो चुका है उन्हें शॉल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## भाजपा ने हरियाणा में 50 लाख नए सदस्य बनाने की रणनीति को दिया अंतिम रूप

एजेंसी

**रोहतक।** भाजपा ने 50 लाख नए सदस्य बनाने के लिए अपनी रणनीति को रोहतक में अंतिम रूप दिया। इसके लिए पार्टी कार्यालय ''मंगल कमल'' में प्रदेश भर के पदाधिकारियों की एक कार्यशाला रखी गई, जिसमें सदस्यता अभियान को कैसे आगे बढ़ाया जाए यह तय किया गया।

बड़ी बात यह है कि कार्यशाला में हर बूथ पर 250 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य बूथ पर रहने वाले पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दिया गया। नए सदस्य बनाने की कार्य योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बडौली की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा व कैबिनेट मंत्री समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

संगठन को बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक और अधिक मजबूत करना ही लक्ष्य : दुष्यंत गौतम

आज की कार्यशाला में राष्ट्रीय



महासचिव दुष्यंत गौतम ने संगठन के गठन की प्रक्रिया व सक्रिय कार्यकर्ता बनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संगठन के चुनाव और नियुक्तियों के बारे में भी बताया। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि हरियाणा में भाजपा ने 50 लाख नए सदस्य बनाने का जो लक्ष्य रखा है उन्हें पूरा विश्वास है कि कार्यकर्ता इसको पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में संगठन को बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है और देश लगातार विकास की राह पर तेजी से बढ़े इसके लिए हमें प्रयास करना है।

## विधानसभा डिप्टी स्पीकर ने ली अधिकारियों की बैठक



एजेंसी

**जींद।** हरियाणा विधानसभा के नवनिर्वाचित डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा बतौर डिप्टी स्पीकर पहली बार अपने गृह क्षेत्र जींद पहुंचे। लोक निर्माण विश्राम गृह में डिप्टी स्पीकर ने प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली और जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रज़ा, एडीसी विवेक आर्य, डीएमसी गुलज़ार मलिक समेत दूसरे विभागों के अधिकारी रहे। जो अधिकारी व कर्मचारी बैठक में नहीं पहुंचे, उन्हें शो काज नोटिस जारी किया जाएगा। बैठक के बाद बाहर निकलते समय आईपीएस पर लगे यौन शोषण को लेकर वायरल पत्र में विधायक का जिक्र होने के सवाल पर डा. कृष्ण मिढ़ा ने कहा कि उन्हें इस तरह का कोई मामला याद नहीं है। दिन में कई लोग उनसे अपने कामों को लेकर मिलते हैं। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिढ़ा ने जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और आमजन से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए रणनीतियां तय की गई। उन्होंने सरकारी योजनाओं के समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए प्रशासनिक कार्यों में नवाचार और नागरिक सेवा सुधार को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेवात में हमेशा ही पानी की कमी रही है, परन्तु वहां विपक्ष की हवा होते हुए भी हमने पानी और बिजली की समस्या को दूर किया है। जींद में भी आज विकास कार्य चरम पर हैं और आमजन को सभी सुख सुविधाएं देने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की यह बैठक प्रशासनिक विभागों के बीच मजबूत समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए रखी गई थी।

## युवाओं को प्रोत्सान को दिए जाएंगे खेल उपकरण

एजेंसी

**पलवल।** खेल विभाग के माध्यम से हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना के तहत राज्य में युवाओं खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। जिसमें वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केट बॉल, हैंडबॉल, मुक्केबाजी, कुश्ती, जूड़ो व क्रिकेट जैसे खेलों का सामान होगा। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए ग्राम पंचायतों व नगर निकायों को खेल उपकरण प्रदान करना है।

यह जानकारी डीसी डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों को अनुदान पर विभिन्न प्रकार की खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। यह योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 यानी 31 मार्च 2025 तक मान्य रहेगी। इस योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों व नगर निकायों को दिए जाने वाले निर्धारित खेलों के सामान की खरीद निदेशालय पंचकूला द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के गेम प्लान से जिले में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा मिलेगा। इससे युवाओं को खेल का सामान आसानी



से उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने बताया कि वही ग्राम पंचायतें और शहरी स्थानीय निकाय इस योजना के तहत आवेदन करने के पात्र होंगे, जहां खेल के उचित खेल का मैदान (एफओपी) उपलब्ध होगा। हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना के तहत वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केट बॉल, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो और क्रिकेट के खेल उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।योजना के अन्तर्गत सभी ग्राम पंचायत अपने क्षेत्र में प्रचलित खेल के आधार पर खेल सामान की खरीद प्राप्ति हेतु निर्धारित आवेदन-पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच के माध्यम से तथा नगर निकाय क्षेत्र से आवेदन पत्र संबंधित वार्ड के मेंबर एवं पार्षद के माध्यम से जिला खेल कार्यालय पलवल में शीघ्र प्रस्तुत करें। आवेदन जिला खेल कार्यालय नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल से प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदकों को आवेदन पत्र के साथ गांव व नगर निकाय क्षेत्र में स्थित खेल मैदान की वर्तमान फोटो भी लगानी अनिवार्य है।

## एचएयू के दो वैज्ञानिक अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में सम्मानित

एजेंसी

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के दो वैज्ञानिकों डॉ. संदीप आर्य को सर डाईट्रीच ब्रेंडिस अवार्ड से व डॉ. राजेन्द्र कुमार को शैक्षणिक उपलब्धि अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हे यह अवार्ड शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कश्मीर में एग्रीटेक इंटेलिजेंस एंड बियॉन्ड- कटिंग एज इन्नोवेशन इन एग्रीकल्चर एंड अलाइड साइंसेज विषय पर आयोजित अंतराष्ट्रीय कार्यशाला में मिला है। वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने उन्हे बधाई व शुभकामनाएं दी।

सर डाईट्रीच ब्रेंडिस देश के पहले इंस्पेक्टर जरनल ऑफ फोरेस्ट थे। फोरेस्ट्री विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप आर्य को 24 साल से अधिक के कार्यकाल में फोरेस्ट्री में किए गए उनके



उत्कृष्ट कार्यों के लिए यह सम्मान प्राप्त हुआ है। डॉ. संदीप आर्य के 201 से अधिक शोध पत्र व अन्य प्रकाशन प्रकाशित हो चुके हैं।वह अमेरिका व आस्ट्रेलिया में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। डॉ. राजेन्द्र कुमार के पास 20 से अधिक वर्षों का अनुभव है, उनके पास इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट, एमबीए, संचालन प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा और इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (आईईआई) के फेलो सदस्य का अच्छा अकादमिक रिकॉर्ड है। वे एमराल्ड, स्प्रिंगर, एल्सेवियर आदि जैसी कई पत्रिकाओं में समीक्षक के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने संबंधित विषयों में 50 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित और प्रस्तुत किए हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढीगड़ा, कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा व अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग उपस्थित रहे।

# करहल के रण में मुलायम और लालू प्रसाद के दामाद, अखिलेश यादव ने स्वीकार की रिश्तेदारी

**सपा से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री के दामाद तेजप्रताप यादव प्रत्याशी हैं तो वहीं भाजपा ने सपा संस्थापक दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह के दामाद अनुजेश को प्रत्याशी बनाया है। जिले की चार विधानसभा सीटों में से करहल भी एक है। यहां सपा के गठन के बाद से 2002 के चुनाव को छोड़कर सपा की बादशाहत बरकरार रही। 2002 में भाजपा के टिकट पर सोबरन सिंह यादव विधायक बने थे। इसके बाद उन्होंने सपा का दामन थाम लिया। लगातार तीन बार वे यहां से सपा के टिकट पर विधायक बने। 2022 में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जब विधानसभा चुनाव लड़ने का निर्णय लिया तो सोबरन सिंह ने करहल से लड़ने का प्रस्ताव रखा। अखिलेश ने करहल से चुनाव लड़ा और भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री डॉ. एसपी सिंह बघेल को हराकर जीत दर्ज की। 2024 में कन्नौज से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद उन्होंने करहल से इस्तीफा दे दिया।**

**ज्योत्यवेंद दुबे**

मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट पर उप चुनाव हो रहा है। इस विधानसभा सीट का नाम जितना सुलझा हुआ है, यहां के सियासी समीकरण उतने ही उलझे हुए हैं। इस बार यहां सियासत की जंग में दो राजनीति के दो धुरंधरों के दामाद मैदान में हैं। सपा से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री के दामाद तेजप्रताप यादव प्रत्याशी हैं तो वहीं भाजपा ने सपा संस्थापक दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह के दामाद अनुजेश को प्रत्याशी बनाया है। जिले की चार विधानसभा सीटों में से करहल भी एक है। यहां सपा के गठन के बाद से 2002 के चुनाव को छोड़कर सपा की बादशाहत बरकरार रही। 2002 में भाजपा के टिकट पर सोबरन सिंह यादव विधायक बने थे। इसके बाद उन्होंने सपा का दामन थाम लिया। लगातार तीन बार वे यहां से सपा के टिकट पर विधायक बने। 2022 में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जब विधानसभा चुनाव लड़ने का निर्णय लिया तो सोबरन सिंह ने करहल से लड़ने का प्रस्ताव रखा। अखिलेश ने करहल से चुनाव लड़ा और भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री डॉ. एसपी सिंह बघेल को हराकर जीत दर्ज की। 2024 में कन्नौज से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद उन्होंने करहल से इस्तीफा दे दिया। अब यहां उप चुनाव हो रहा है। उप चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया भी हो चुकी है। सियासत में अपनी अलग पहचान रखने वाली करहल सीट का मुकाबला इस बार और भी दिलचस्प है। यहां सपा और भाजपा आमने-सामने है। दोनों ही प्रत्याशी दो दिग्गज नेताओं और पूर्व मुख्यमंत्री के दामाद हैं। सपा प्रत्याशी तेजप्रताप यादव जहां बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव के दामाद हैं। दरअसल तेजप्रताप यादव का विवाह लालू प्रसाद की छोटी बेटी राजलक्ष्मी के साथ हुआ है।वहीं बात भाजपा प्रत्याशी की करें तो वे सपा संस्थापक और उत्तर प्रदेश के दिवंगत पूर्व सीएम मुलायम सिंह यादव के दामाद हैं। मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई अभयराम यादव की बेटी और सांसद धर्मेंद्र यादव की बहन संध्या उर्फ बेबी यादव से उनका






विवाह हुआ है। भाजपा प्रत्याशी अनुजेश पूर्व मुख्यमंत्री और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के भी बहनोई लगते हैं। ऐसे में करहल का मुकाबला इस बार सियासत पर चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां केवल दो नेताओं की नहीं बल्कि दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की भी प्रतिष्ठा का भी सवाल बनती जा रही है। उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे प्रदेश की नजरें इस चुनाव पर टिकी हुई हैं। 2019 में भाजपा का दामन थामने के बाद अनुजेश प्रताप से उनके साले सांसद धर्मेंद्र यादव ने रिश्ते खत्म कर दिए थे। इसके लिए बाकायदा उन्होंने पत्र जारी कर इसकी घोषणा की थी। उन्होंने लिखा था कि किसी भाजपा नेता से उनके रिश्ते नहीं हो सकते। लेकिन अनुजेश यादव को भाजपा से टिकट मिलने के बाद 25 अक्तूबर को बरनाहल के दिहुली पहुंचे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रिश्तेदारी स्वीकारी थी। उन्होंने कहा था कि जब कोई तिकड़म भाजपा नहीं लगा पाई तो हमारे रिश्तेदार को टिकट दे दिया। सपा प्रत्याशी तेजप्रताप यादव और भाजपा प्रत्याशी अनुजेश यादव भी आपस में सगे रिश्तेदार हैं। अनुजेश यादव की पत्नी संध्या यादव तेजप्रताप यादव की बुआ लगती हैं। ऐसे में दोनों भतीजे और फूफा का रिश्ता है। लेकिन दोनों ही अब रिश्तों से ऊपर पार्टी होने की बात कह रहे हैं। 2019 से पहले तक अनुजेश यादव भी सपा में ही रहे हैं। उनकी पत्नी संध्या यादव 2015 में सपा से जिला पंचायत अध्यक्ष मैनपुरी भी रह चुकी हैं।

## अमित ठाकरे के खिलाफ माहिम से नहीं उतारा कोई प्रत्याशी

**ब्यूरो**

**मुंबई :** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष आशीष शेलार ने माहिम विधानसभा से राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे को समर्थन देने की बात कही है। उन्होंने इस संबंध में बाकायदा प्रेस नोट जारी किया है। उनका कहना है कि हिंदुत्व के हिमायती और हमारे मददगार राज ठाकरे ने अपने बेटे को माहिम से चुनावी मैदान में उतारा है, इसलिए हमें अमित ठाकरे का समर्थन करना चाहिए। यह अमित ठाकरे का पहला चुनाव है, इसलिए इस बारे में हमें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से बात करनी चाहिए। शेलार ने यह भी साफ किया कि उनका शिंदे सेना के उम्मीदवार सदा सरवण से कोई विरोध नहीं है। इस मामले में सरवणकर ने कहा कि यह शेलार की अपनी राय है, महायुति की ऐसी कोई भूमिका नहीं है। हम माहिम विधानसभा चुनाव क्षेत्र से मजबूती से लड़ेंगे। माहिम विधानसभा से



उद्धव सेना ने महेश सावंत को टिकट दिया है। माना जा रहा है कि राज ठाकरे के एहसानों का बदला चुकाने के लिए महायुति अपनी एक सीट की कुर्बानी देने की तैयारी कर रही है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान राज ठाकरे ने महायुति की खूब मदद की थी, इसी वजह से अमित ठाकरे का समर्थन करने के लिए महायुति इस सीट से अपने उम्मीदवार के नाम को वापस लेने पर विचार कर रही है। इस मुद्दे पर जल्द ही देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार और एकनाथ शिंदे की बैठक होने वाली है। शनिवार को कांग्रेस, बीजेपी, एनसीपी (शरद पवार) ने जहां अपने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की, वहीं शिवसेना (यूबीटी) ने भी दूसरी और तीसरी लिस्ट जारी की। कांग्रेस ने कांदिवली पूर्व से कालू बुधेलिया, सायन कोलीवाडा से गणेश यादव, चारकोप विधानसभा से यशवंत जयप्रकाश सिंह और वसई से विजय गोविंद पाटील के नामों का ऐलान किया है। शनिवार को उद्धव सेना ने 18 अन्य उम्मीदवारों की घोषणा की। इसमें वसीवा से हारुन खान, घाटकोपर पश्चिम से संजय भालेराव, विले पार्ले से संदीप नाईक, शिवडी से अजय चौधरी, भायखला से मनोज जामसुतकर और वडाला से श्रद्धा जाधव का नाम शामिल है।

## उद्धव ठाकरे ने वर्सोवा से क्यों मुस्लिम कैंडिडेट पर खेला दांव

**ब्यूरो**

**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बीच उद्धव ठाकरे ने मुंबई में बड़ा दांव खेल दिया है। ठाकरे ने पूर्व नगरसेवक हारून खान को वसीवा सीट से शिवसेना यूबीटी का कैंडिडेट घोषित कर दिया है। इस सीट पर पिछले दो बार से बीजेपी का कब्जा है। हारून खान को उद्धव ठाकरे ने मातोश्री बुलाकर हारून खान को फार्म एबी सौंपा। हारून खान की पत्नी 2017 में वार्ड नंबर 64 से पार्षद चुनी गईं। मुस्लिम समुदाय की ओर से अपील की गई थी कि महाविकास अघाडी (टश्अ) की ओर से एक अल्पसंख्यक उम्मीदवार देने पर विचार किया जाए। लोकसभा चुनावों में कोई मुस्लिम कैंडिडेट



नहीं देने के बाद एमवीए को वोट मिले थे। वसीवा में करीब 1 लाख 10 हजार अल्पसंख्यक मतदाता हैं। उद्धव ठाकरे ने बीजेपी और एमआईएम की रणनीति का जवाब देने के लिए शिवसेना (यूबीटी) से पार्टी के वफादार नेता को विधानसभा चुनाव में उतार दिया है। हारून खान वार्ड नंबर 63 और 64 के उपविभागीय प्रमुख हैं। वह पिछले 30 सालों से शिवसेना के प्रमुख, शाखा प्रमुख, उप-विभाग प्रमुख के रूप में पार्टी के लिए निष्ठापूर्वक काम कर रहे हैं और पार्टी विभाजन के बाद, वह जन्म से अल्पसंख्यक होने के बावजूद उद्धव ठाकरे के साथ मजबूती से खड़े रहे हैं। हारून खान गणपति की आरती गाते हैं। वह स्पष्ट शब्दों में संस्कृत श्लोक पढ़ते हैं। हारून खान की वर्सोवा से उम्मीदवारी पर मिली-जुली प्रतिक्रिया है। 2019 में भारती लवेकर लगातार दूसरी बार इस सीट से जीती थीं। भारती लवेकर को 41,057 वोट मिले. कांग्रेस के बलदेव खोसा को 35,871 वोट मिले थे। एमएनएस उम्मीदवार संदेश देसाई को 5 हजार वोट मिले। राजुल सुरेश पटेल ने निर्दलीय चुनाव लड़ा था और उन्हें 32 हजार वोट मिले थे। अब देखना है कि इस सीट पर बीजेपी किसे उतारती है और निर्दलीय प्रत्याशी भी उतरते हैं या फिर नहीं। हारून शिवसेना यूबीटी की तरफ से घोषित कुल 83 उम्मीदवारों में अकेले मुस्लिम हैं। शिवसेना यूबीटी द्वारा हारून खान को उम्मीदवार बनाए जाने का लाभ मुंबई में मिल सकता है।

# बिहार विधानसभा उपचुनाव में चार सीटों पर परिवारवाद का चक्रव्यूह व बाहुबल का कॉकटेल

**ब्यूरो**

पटना : राजनीति में परिवारवाद को लेकर पूरे देश में राजनीतिक बहस होती रही है. बिहार की राजनीति में राजनीतिक दलों के ऊपर परिवारवाद एवं बाहुबल को बढ़ावा देने का शुरू से आरोप लगाता रहा है. हर चुनाव में परिवारवाद एवं बाहुबल को लेकर सभी राजनीतिक दल सियासत करते हैं. लोकसभा का चुनाव हो या विधानसभा का, सभी नेता चुनावी भाषणों में परिवारवाद एवं बाहुबल को लेकर लंबी-लंबी बातें करते हैं, लेकिन हकीकत यही है कि जब भी मौका मिलता है, तो यही राजनीतिक दल अपने आप को इससे अछूता नहीं कर पाते. कुछ ऐसा ही नजारा अभी बिहार विधानसभा की चार सीटों पर होने वाले उपचुनाव में प्रत्याशियों को लेकर नजर आ रहा है।

**4 सीटों पर उपचुनाव :** 2024 लोकसभा चुनाव में बिहार विधानसभा के चार सदस्य लोकसभा के चुनाव में जीत हासिल की थी. रामगढ़ के राजद विधायक सुधाकर सिंह बक्सर से सांसद बने थे. इमामगंज के हम (से) विधायक जीतनराम मांझी गया से सांसद चुने गए थे. बेलागंज के राजद विधायक सुरेंद्र प्रसाद यादव जहानाबाद से सांसद चुने गए थे और तरारी के सीपीआईएमएल विधायक सुदामा प्रसाद आरा से सांसद चुने गए थे. सांसद चुने जाने के कारण इन चारों विधायकों ने इन सीटों से इस्तीफा दे दिया था. इन्हीं रिक्त सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होना है।

**उपचुनाव में दिख रहा परिवारवाद :** बिहार विधानसभा की जिन चार सीटों पर उपचुनाव होने जा रहा है उसके लिए राजनीतिक दलों ने अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है. उम्मीदवारों की बात करें तो एक बार फिर से यहां पर परिवारवाद अभी होता दिख रहा है.इमामगंज सीट पर जीतन राम मांझी की बहू और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सुमन की पत्नी दीपा सुमन को उम्मीदवार बनाया गया है. बेलागंज में राजद ने पूर्व विधायक और वर्तमान में जहानाबाद के सांसद सुरेंद्र यादव के पुत्र विश्वनाथ कुमार सिंह को मैदान में उतारा है. तो जेडीयू ने बाहुबली नेता बिंदी यादव की पत्नी और पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी को अपना उम्मीदवार बनाया है.रामगढ़ सीट से राजद ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगतानंद सिंह के छोटे पुत्र अजीत कुमार सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है. तो बसपा ने अपने अपने पूर्व प्रत्याशी अंबिका यादव के भतीजे सतीश कुमार यादव को अपना उम्मीदवार बनाया है. ईटीवी भारत से बातचीत में रामगढ़ से राजद के प्रत्याशी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि वह पिछले दो दशकों से अपने क्षेत्र में लगातार सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे हैं. उनका अधिकांश समय अपने क्षेत्र की लोगों के बीच ही करता है. लोगों की समस्या को लेकर वह लगातार संघर्ष भी करते रहे हैं।

**जगदानंद सिंह के छोटे बेटे मैदान में :** सही है कि जगदानंद सिंह उनके पिता हैं लेकिन पार्टी ने एक सामाजिक कार्यकर्ता को अपना उम्मीदवार बनाया है. यह रामगढ़ के क्षेत्र की जनता समझती है. अजीत कुमार सिंह ने बताया कि परिवारवाद का आरोप राजद के नेताओं पर लगाया जा रहा है तो बीजेपी या एनडीए के नेताओं को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए कि उनके यहां कितने नेता पुत्र राजनीति में सक्रिय हैं और उनका समाज में क्या कंट्रीब्यूशन रहा है? तरारी सीट उपचुनाव की चार सीटों में से एक है. उपचुनाव में परिवारवाद की अलावे बाहुबल फैक्टर भी देखने को मिल रहा है. तरारी विधानसभा सीट पर भाजपा ने बाहुबली नेता सुनील पांडे के पुत्र विशाल प्रशांत को चुनावी मैदान में उतारा है. तरारी से खुद सुनील पांडे चुनाव लड़ने के इच्छुक थे, लेकिन उनकी छवि को देखते हुए पार्टी ने उनके जगह पर उनके पुत्र को टिकट दिया. प्रत्याशी कोई भी हो लेकिन हकीकत यही है कि तरारी विधानसभा क्षेत्र का चुनाव सुनील पांडे की छत्रछाया में ही लड़ा जा रहा है। बेलागंज सीट से बाहुबली नेता सुरेंद्र यादव के पुत्र विश्वनाथ कुमार सिंह को राजद ने उम्मीदवार बनाया है. हकीकत यही है कि यह चुनाव सुरेंद्र यादव की देखरेख में ही होगा. 1995 से लगातार सुरेंद्र यादव यहां से विधायक बनते रहे हैं. वहीं जेडीयू ने विश्वनाथ कुमार सिंह के




मुकाबले बाहुबली बिंदी यादव की पत्नी और जदयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी को अपना उम्मीदवार बनाया है।

**बाहुबलियों पर भी भरोसा :** इस उपचुनाव में बाहुबल भी एक फैक्टर रहेगा, इससे इनकार नहीं किया जा सकता. ईटीवी भारत से बातचीत में विश्वनाथ कुमार सिंह ने कहा कि वह लगातार अपने क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं. किसी के पुत्र होने का उनका राजनीतिक लाभ नहीं मिला है, बल्कि वह लगातार लोगों के साथ उनके सुख-दुख में शामिल रहे हैं. इसी पर भरोसा करते हुए पार्टी ने उनका टिकट दिया है. उन्हें भरोसा है कि जनता उनके पक्ष में अपना जन समर्थन देगी।

**बेलागंज विधानसभा का समीकरण :** बेलागंज विधानसभा सीट आरजेडी की सबसे मजबूत सीटों में से एक गिनी जाती है. 1995 से 2020 तक लगातार इस सीट पर राजद का कब्जा रहा है. राजद के सुरेंद्र यादव लगातार यहां से विधायक चुने जाते रहे हैं. बिहार विधानसभा के उपचुनाव के लिए इस बार राजद ने बेलागंज सीट से सांसद सुरेंद्र यादव के बेटे विश्वनाथ कुमार सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है. वहीं एनडीए की तरफ से जनता दल यूनाइटेड ने मनोरमा देवी को प्रत्याशी बनाया है, जो कि पूर्व एमएलसी हैं और साथ ही दिवंगत बाहुबली नेता रहे बिंदु यादव की पत्नी हैं. इसी महीने ठक्अ ने मनोरमा देवी के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी. साथ ही उनके पुत्र के नक्सली गतिविधियों में शामिल होने के शक पर छापेमारी भी की थी।

**इमामगंज विधानसभा का समीकरण :** इमामगंज से पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम राम विधायक थे. इस उपचुनाव में इमामगंज सीट से केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने अपनी बहू और बिहार सरकार में मंत्री संतोष कुमार सुमन की पत्नी दीपा मांझी को पार्टी का उम्मदीवार बनाया है. दीपा मांझी से जुड़ी दिलचस्प बात यह है कि उनके ससुर केंद्र में मंत्री, पति बिहार सरकार में मंत्री और उनकी मां ज्योति मांझी हम पार्टी से विधायक हैं. राजद ने दीपा मांझी के खिलाफ रोशन मांझी को उम्मीदवार बनाया है।

**रामगढ़ विधानसभा का समीकरण :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह का परंपरागत सीट रही है. यहां से जगदानंद सिंह उनके बड़े पुत्र सुधाकर सिंह विधायक होते रहे हैं. इस उपचुनाव में राजद ने जगदानंद सिंह के पुत्र और सुधाकर सिंह के छोटे भाई अजीत सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है. बीजेपी ने इस सीट से अशोक कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया है. बसपा ने वहां से सतीश कुमार यादव को अपना उम्मीदवार बनाया है. सतीश कुमार यादव रामगढ़ के पूर्व विधायक अंबिका यादव के भतीजे हैं. दो राजपूत उम्मीदवार के मुकाबले बसपा ने यादव प्रत्याशी पर अपना दांव खेला है. 2020 विधानसभा चुनाव में रामगढ़ से अंबिका यादव मात्र 174 वोट से सुधाकर सिंह से चुनाव हारे थे।

**तरारी विधानसभा का समीकरण :** तरारी विधानसभा क्षेत्र में बाहुबली सुनील पांडे का अपना दबदबा रहा है. पहले पीरो एवं बाद में तरारी विधानसभा क्षेत्र से सुनील पांडे विधायक रहे हैं. लेकिन पिछले 2 चुनाव से तरारी विधानसभा क्षेत्र से सीपीआईएमएल के सुदामा प्रसाद चुनाव जीत रहे थे. इस उपचुनाव में सीपीआईएमएल ने राजू यादव को अपना उम्मीदवार बनाया है तो बीजेपी ने बाहुबली नेता रहे सुनील पांडे के पुत्र विशाल प्रशांत को चुनावी मैदान में उतारा है।

**बीजेपी की नजर में क्या है परिवारवाद? :** परिवारवाद और बाहुबल को लेकर भाजपा के नेता अलग राय रखते हैं. बीजेपी के प्रवक्ता कुंतल कृष्ण का कहना है कि परिवार में कोई अगर राजनीति में है और अगली पीढ़ी राजनीति में आ रही है तो यह सीधा-सीधा परिवारवाद इसे नहीं मानते हैं. मांझी जी की बहू आज से 25 साल पहले राजनीति में थीं. दीपा मांझी के बारे में हम सब जानते हैं कि उन्होंने अपने समाज में शिक्षा का अलख जगाया था और राजनीतिक चेतना फैलाई थी. मांझी जी के सुपुत्र के राजनीति में आने के पहले से दीप राजनीति में सक्रिय थीं. 25 साल के संघर्ष के बाद अगर कोई टिकट पा रहा है तो इसमें बुराई क्या है? आरजेडी के प्रत्याशियों के बारे में कुंतल कृष्ण का कहना है कि टिकट मिलने के 2 दिन पहले तक वह व्यक्ति क्रेशर चलाता है उसे क्या कहेंगे? बेलागंज से आरजेडी के प्रत्याशी सुरेंद्र यादव का बेटा राजद के किस कार्यक्रम में कहां नजर आए? भाजपा प्रवक्ता ने रामगढ़ से राजद के प्रत्याशी अजीत सिंह को लेकर कहा कि राजद के प्रदेश अध्यक्ष के सुपुत्र नौकरी कर रहे थे. जाकर के सीधे चुनाव लड़ रहे हैं. बीजेपी के तरारी के प्रत्याशी पर भाजपा प्रवक्ता का कहना है कि सुनील पांडे उनके दल के प्रत्याशी नहीं हैं. हमारा जो प्रत्याशी है अपने लोगों के बीच में उसकी पकड़ है. यह बात उस दिन स्पष्ट होगी जिस दिन रिजल्ट आएगा। तरारी से कौन उम्मीदवार है, बाहुबली सुनील पांडे उनका इतिहास किसी से छुपा हुआ नहीं है. नॉन पॉलिटिकल व्यक्ति उसके पुत्र को भारतीय जनता पार्टी ने वहां से चुनाव मैदान में उतारने का काम किया. इमामगंज में कौन है चारदीवारी के बंद रहने वाली महिला को जीतन राम मांझी जी ने वहां से उनको मैदान में उतार दिया. एनडीए को यह नहीं दिखता है. बेलागंज में जेडीयू ने जो उम्मीदवार उतारा है उस पर तो दोनों लागू होता है. करप्शन का भी आरोप है. पिछले दिनों ही उनके यहां से नोटों का खजाना मिला था, तो यह लोग इधर-उधर की बात ना करें।

**राजद का पलटवार :** राजद के प्रवक्ता अरुण कुमार यादव का कहना है कि आरोप लगाने के पहले भारतीय जनता पार्टी को अपनी गिरेबां में झांकना चाहिए. बीजेपी तो खुद चुनाव में परिवारवाद को बढ़ावा देने का काम किया. बाहुबली को बढ़ावा देने का काम किया। झारखंड चार-चार मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी के टिकट से लड़ रहे हैं. कई नेता की बीवी, बहू, बेटा देखिए ना सूची जाकर. बीजेपी के लोग जो मधु कोड़ा को चिल्ला-चिल्ला के सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी मानता थे, उनकी पत्नी को भी टिकट देने का काम किया. सुरेंद्र यादव के पुत्र विश्वनाथ यादव पिछले 20 साल से युवा राष्ट्रीय जनता दल के संगठन में सक्रिय राजनीति में वह अभी भी प्रदेश उपाध्यक्ष हैं. उनके प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र अजित सिंह का तो जीवन ही सक्रिय राजनीति में समर्पित है. समाज के दुख दर्द के लिए लगातार संघर्षरत रहे हैं।

**परिवारवाद और बाहुबल पर जानकारों की राय :** राजनीति में परिवारवाद एवं बाहुबल पर वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक डॉ संजय कुमार का कहना है कि राजनीतिक पार्टियां भी जिताऊ कैंडिडेट पर दाव लगती हैं. उनको लगता है कि पिता मेंबर ऑफ पार्लियामेंट बन गए हैं, तब उनके पुत्र की बारी है, भाई अगर मेंबर ऑफ पार्लियामेंट बन गए हैं तो दूसरे भाई की बारी है. परिवार से यह बाहर निकलना नहीं चाहते हैं. और राजनीतिक दलों को भी जीतने वाला कैंडिडेट होना चाहिए उनको बाहुबल धनवाल से कोई मतलब नहीं उनको जीतने वाला कैंडिडेट चाहिए। इंडिया गठबंधन हो या एनडीए गठबंधन हो सुरेंद्र यादव लोकसभा का चुनाव जीत गए तो उनके पुत्र विश्वनाथ यादव अब विधानसभा के उम्मीदवार होंगे. सुधाकर सिंह लोकसभा का चुनाव जीत गए तो उनके छोटे भाई अजीत सिंह अब विधायक का चुनाव लड़ेंगे. बीजेपी की बात की जाए तो बाहुबली सुनील पांडे के पुत्र विशाल प्रताप को भाजपा ने तरारी से अपना उम्मीदवार बनाया है. इमामगंज से संतोष सुमन की पत्नी अब चुनावी मैदान में उतरी हैं. राजनीतिक दल परिवारवाद कर रहे हैं लेकिन जनता को तय करना है कि क्या एक ही परिवार की कई पीढ़ियां उनका प्रतिनिधित्व करते रहेंगे।

## शक्कर में डिमांड, खाद्य तेलों में गिरावट, दलहन नरम, दालें मजबूत, चावल सामान्य

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में डिमांड रही। खाद्य तेलों में गिरावट हुई। आज मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड तथा पाम तेल सस्ता बिका। तिलहन रिफाइनरी प्लांटों की लिवाली से बने रहे। दलहन मिलगत के साथ दाल मिलों की लिवाली सुस्ती से नरम रहे। दाल में मांग से मजबूती दर्ज की गई। चावल में कामकाज मजबूती लिए रहा।

**किराना बाजार:** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी से भाव बने बताए गए। आज शक्कर में तीन गाड़ी की आवक हुई। खोपरा बूरा दिसावर के साथ महंगा बिका। साबूदाना में कामकाज बना रहा। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव बताया गया।

**तेल-तिलहन:** खाद्य तेलों में लिवाली सुस्त रहने से गिरावट दर्ज की गई। आज मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड के साथ पाम तेल सस्ता होकर बिका। तिलहन में सोयाबीन में खरीदी बढ़ी रही।

**दाल-दलहन:** संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन जिन्सों में कामकाज नरमी लिए रहा। आज चना कांटा में मांग बढ़ी बताई गई। इससे भाव ऊंचे हुए। दालों में मजबूती रही।

## पेट्रोल और डीजल कीमतों में बदलाव नहीं




**नयी दिल्ली ।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 2.14 प्रतिशत की तेजी लेकर 71.69 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया जबकि लंदन ब्रेंट क्रूड 0.20 प्रतिशत उतरकर 75.90 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## सीतारमण ने की जर्मन वित्त मंत्री के साथ चर्चा

**वाशिंगटन ।** केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोर्ष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठक के मौके पर जर्मनी के वित्त मंत्री क्रिस्टीयन लींडर से मुलाकात की। इस दौरान श्री लींडर ने श्रीमती सीतारमण को मोदी सरकार के दोबारा वित्त मंत्री बनाने पर बधाई दी। दोनों नेताओं ने वित्तीय प्रबंधन, फिनटेक, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और प्रबंधन के संबंध में वैश्विक निवेशकों के लिए भारत में निवेश करने के प्रवेश द्वार के रूप में आईएफएससी और गिफ्टी सिटी में अवसरों पर चर्चा की। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि चूंकि बड़ी संख्या में भारतीय छात्र उच्च शिक्षा के लिए जर्मन विश्वविद्यालयों में अध्ययन करते हैं, इसलिए जर्मन विश्वविद्यालय गिफ्ट सिटी में अंतर्राष्ट्रीय शाखा परिसर स्थापित करने पर विचार कर सकते हैं, जैसे अन्य अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय इस केंद्र में स्थापित कर रहे हैं।



## एसीएमए मोबिलिटी फाउंडेशन का फ्रौनहोफर इंस्टीट्यूट्स के साथ समझौता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसीएमए) के एसीएमए मोबिलिटी फाउंडेशन ने आज भारत के ऑटो कंपोनेंट उद्योग के लिए अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी ) सहयोग को बढ़ावा देने के लिए जर्मनी के फ्रौनहोफर-गेसेलशाफ्ट के साथ एक समझौता किया।राजधानी में आयोजित 18वें एशिया-पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस की पृष्ठभूमि में हस्ताक्षरित इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य भारतीय ऑटो कंपोनेंट उद्योग को उद्योग-संचालित अनुसंधान एवं नवाचार के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करना है, क्योंकि यह कार्बन तटस्थता, परिपत्रता, सुरक्षा और पर्यावरण की चुनौतियों का समाधान करने में गतिशीलता उद्योग का समर्थन करने के लिए बदल रहा है। इस सहयोग के माध्यम से फाउंडेशन और फ्राउनहोफर प्रौद्योगिकी, स्थिरता और उत्पाद नवाचार में प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाएंगे, जिससे भारतीय ऑटोमोटिव पारिस्थितिकी तंत्र की वृद्धि और प्रतिस्पर्धात्मकता में योगदान मिलेगा।

# निजी क्षेत्र को भारत में व्यापार से रोकने वाली कोई बाधा नहीं : सीतारमण

एजेंसी

**वाशिंगटन**/नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि निजी क्षेत्र को भारत में व्यापार करने से रोकने वाली कोई बाधा नहीं है। कई गैर-भारतीय निजी बीमा कंपनियां पहले भारत में काम कर रही हैं। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वाशिंगटन, डीसी में सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज (सीएसआईएस) के अध्यक्ष और सीईओ जॉन जे. हेमरे के साथ फायरसाइड चैट के दौरान यह बात कही। अपनी टिप्पणी में सीतारमण ने याद दिलाया कि भारत सरकार ने 2021 के बजट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि ऐसे चार क्षेत्र हैं, जहां सरकार मौजूद रहेगी। हालांकि, इसमें किसी ऐसे क्षेत्र का उल्लेख नहीं किया गया, जहां निजी क्षेत्र शामिल नहीं हो सकता। ग्रामीण विद्युतीकरण में हुई प्रगति पर प्रकाश डालते हुए सीतारमण ने कहा कि भारत के हर गांव में अब बिजली की सुविधा है। 2014 की स्थिति याद है, तो भारत के कई हिस्सों में कई ऐसे गांव थे, कुछ तो राज्य की राजधानी, प्रांतीय




2014 में भारत के कई गांवों में जिनमें राज्य की राजधानियों के पास के गांव भी शामिल हैं, बिजली के लिए बुनियादी ढांचे का अभाव था। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि आज भारत का कोई भी गांव बिजली से वंचित है। इसलिए अगर मुझे मुख्यालय के बहुत करीब थे, जहां बिजली के तार लगाने के लिए खंभा तक नहीं था। लेकिन, अब यह सब दूर हो गया है। घरों में बिजली आ गई है। चैट के दौरान सीतारमण ने कहा कि नगर पालिकाओं और शहरी केंद्रों को राजनीतिक और आर्थिक दोनों तरह से सशक्त बनाया गया है। उनके पास चुने हुए प्रतिनिधि हैं, जो तय करते हैं कि उनकी प्राथमिकताओं को कैसे पूरा किया जाना चाहिए। वित?त मंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे केंद्र सरकार का फंड राज्यों को दिया जाता है, वैसे ही नगर पालिकाओं और शहरी निकायों को भी फंड दिया जाता है। यह भारत की संवैधानिक व्यवस्था का हिस्सा है और राजस्व वित्त आयोग की सिफारिश के अनुसार हस्तांतरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि शहरी स्थानीय निकायों और नगर पालिकाओं को केंद्र सरकार द्वारा एकत्र किए गए करों का एक हिस्सा मिलता है ताकि वे यह जानकर योजना बना सकें कि उनकी आकांक्षाओं और विकासात्मक जरूरतों के लिए बजट के माध्यम से क्या आता है। इसके अलावा आज हम बाजार से संसाधन जुटाने की उनकी क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं।

## आईसीआईसीआई बैंक का एकल शुद्ध लाभ 14.5 प्रतिशत बढ़ा




एजेंसी

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 11746 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 10261 करोड़ रुपये की तुलना में 14.5 प्रतिशत अधिक है।

बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद आज यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि जुलाई सितंबर 2024 की इस दूसरी तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 20048 करोड़ रुपये रही है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की 18308 करोड़ रुपये की तुलना में 9.5 प्रतिशत अधिक है।

बैंक ने कहा कि इस तिमाही में उसका सकल एनपीए 1.97 प्रतिशत रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 2.48 प्रतिशत रहा था। इसी तरह से शुद्ध एनपीए चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 0.42 प्रतिशत रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 0.43 प्रतिशत रहा था।

## जियो का दिवाली-धमाका, 699 रुपये में मिलेगा 'जियोभारत' 4जी फोन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो ने इस दीपावली, जियोभारत 4जी फोन की कीमतों में 30 फीसदी की भारी भरकम कटौती कर दी है। सीमित अवधि के इस ऑफर में, 999 रुपये का जियोभारत मोबाइल फोन अब 699 रुपये की विशेष कीमत पर मार्केट में उपलब्ध है। जियोभारत फोन को 123 रुपये में रिचार्ज कराया जा सकता है। इस मासिक टैरिफ प्लान में अनलिमिटेड फ्री वॉयस कॉल, 14 जीबी डेटा भी साथ मिलेगा।

123 रु वाला जियो का मासिक रिचार्ज प्लान दूसरे ऑपरेटर्स की तुलना में 40 प्रतिशत सस्ता पड़ता है। क्योंकि अन्य नेटवर्कस, फीचर फोन के मासिक रिचार्ज के लिए कम से कम 199 रुपये वसूल करते हैं। यह जियो के मुकाबले 76 रुपये अधिक मंहगा है। इसका मतलब है कि यदि ग्राहक हर रिचार्ज पर 76 रु प्रतिमाह बचाता है तो पूरे फोन की कीमत 9 महीनों में ही पूरी हो जाएगी। एक तरह से 9 महानों के रिचार्ज के बाद जियोभारत फोन ग्राहक को फ्री का पड़ेगा।

यह सिर्फ़ एक फ़ोन नहीं है, यह 2जी से 4जी पर शिफ्ट करने का एक मौका है। 455 से अधिक लाइव टीवी चैनल, मूवी प्रीमियर और नई फिल्में, वीडियो शो, लाइव स्पोर्ट्स प्रोग्राम, जियोसिनेमा के हाइलाइट्स,




डिजिटल भुगतान, त्त्क्र कोड स्कैन जैसी सुविधाएं जियोभारत 4जी फोन में उपलब्ध हैं। जियोपे और जियोचैट जैसे प्रीलोडेड ऐप भी इस फोन में मिलेंगे। फोन को नजदीकी स्टोर्स के अलावा, जियोमार्ट या एमेज़न से भी खरीदा जा सकता है।

## विज एक्सपो सम्मेलन 2024 मुंबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में शुरू, प्रतिष्ठित उद्यमी और निवेशक ले रहे भाग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फैवफेयर्स के दो दिवसीय विज एक्सपो और सम्मेलन की मुंबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में शनिवार को शुरुआत हुई। इसका शुभारंभ महाराष्ट्र सरकार में पूर्व मंत्री सुभाष देसाई, श्रीलंका के वाणिज्य दूतावास की महावाणिज्यदूत शिरानी अरियारथने ने किया।

इसमें उद्योग जगत से जुड़े देश के प्रतिष्ठित उद्यमी व निवेशक भाग ले रहे हैं। पहले दिन 'स्टार्टअप और बदलती अर्थव्यवस्था में फंड मैनेजमेंट' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें देवांश लखानी, अनुराधा चौधरी व अर्जुन रस्तौगी ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में भारत-श्रीलंका के द्विपक्षीय संबंधों और व्यापार पर चर्चा में श्रीलंका के वाणिज्य दूतावास की महावाणिज्यदूत शिरानी अरियारथने ने भाग लिया। कार्यक्रम में निवेशकों व उद्योग जगत से जुड़े लोगों के विचार




जानने के लिए एक सत्र का आयोजन किया गया। इसमें व्यापार व उद्योग जगत से जुड़े व्यक्तियों ने उद्यम से संबंधित विचारों को रखा। अभिनेत्री सोनाली बिंद्रे ने विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने व नवोन्मेष को बढ़ावा देने वाली कंपनियों को पुरस्कार प्रदान किया। एक्सपो में 100 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे जहां लोगों ने स्टार्टअप के बारे में विभिन्न नवोन्मेषों को जाना। एक्सपो का आज समापन होगा। इस कार्यक्रम में अमर उजाला मीडिया सहयोगी है।

## सरकार ने कॉरपोरेट आयकर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 नवंबर तक बढ़ाई




**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2024-25 के लिए कॉर्पोरेट्स द्वारा आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा को 15 दिन बढ़ाकर 15 नवंबर तक कर दी है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने जारी एक परिपत्र में कहा कि 31 अक्टूबर की समय-सीमा बढ़ाई जाएगी। सीबीडीटी के मुताबिक आकलन वर्ष 2024-25 (चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कॉर्पोरेट्स के आयकर रिटर्न दाखिल करने) के लिए नई समय-सीमा अब 15 नवंबर, 2024 है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सितंबर में सीबीडीटी ने आयकर ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की अंतिम समय-सीमा को सात दिन बढ़ाकर 7 अक्टूबर कर दी थी।

# सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, सस्ती हुई चांदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में एक दिन की गिरावट के बाद आज एक बार फिर सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। हालांकि चांदी के भाव में आज 4 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट आई है, जिसके कारण ये चमकली धातु 1 लाख रुपये के स्तर से नीचे आ गई है। सोने की कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,740 रुपये से लेकर 79,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 73,110 रुपये से लेकर 72,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 97,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,740 रुपये



प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,110 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,960 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 79,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,640 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है जबकि 22 कैरेट सोना 73,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 79,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 72,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## देश की सबसे बड़ी एयरलाइन आमदनी बढ़ने के बावजूद घाटे में

**नई दिल्ली ।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का संचालन करने वाली कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने सितंबर तिमाही के नतीजे जारी किए। दो साल बाद आमदनी बढ़ने के बावजूद एयरलाइन एक बार फिर घाटे में है। कंपनी के आंकड़ों के अनुसार जुलाई-सितंबर तिमाही में उसे 986.7 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ। कपनी के अनुसार विमानों के खड़े होने और ईंधन की ऊंची लागत से उसके मुनाफे पर असर पड़ा। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में इंडिगो का मुनाफा 2,728 करोड़ रुपये था। वहीं, एक साल पहले सितंबर 2023 में समाप्त तिमाही के दौरान एयरलाइन का मुनाफा 188.9 करोड़ रुपये था।

# क्रिप्टोकरेंसी फाइनेंशियल स्टेबिलिटी के लिए बहुत बड़ा जोखिम : आरबीआई गवर्नर

एजेंसी

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ अंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शांतिकांत दास ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी वित्तीय स्थिरता और मौद्रिक स्थिरता के लिए बहुत बड़ा जोखिम है। शक्तिकांत दास ने जोर देकर कहा कि इससे ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है, जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति पर नियंत्रण खो सकता है।

आरबीआई ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि शक्तिकांत दास ने वाशिंगटन डीसी के पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में आयोजित मैक्रो वीक 2024 कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि मैं वास्तव में इस राय का हूं कि ये ऐसी चीज है जिसे फाइनेंशियल सिस्टम पर हावी होने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। यह बैंकिंग प्रणाली के लिए भी जोखिम पैदा करता है। यह ऐसी




स्थिति भी पैदा कर सकता है, जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति से नियंत्रण खो सकता है। उन्होंने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समझ होनी चाहिए, क्योंकि लेनदेन क्रॉस-कंट्री है। इससे जुड़े बड़े जोखिमों के बारे में पूरी तरह से सचेत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत क्रिप्टोकरेंसी के बारे में सवाल उठाने वाला पहला देश था। दास ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 में इस पूरे क्रिप्टो

**शक्तिकांत दास ने जोर देकर कहा कि इससे ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है, जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति पर नियंत्रण खो सकता है।**

इकोसिस्टम से निपटने के संबंध में अंतरराष्ट्रीय समझ विकसित करने पर समझौता हुआ था। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कुछ प्रगति हुई है। उल्लेखनीय है कि आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के सालाना बैठकों में भाग लेने के लिए अमेरिका के आधिकारिक दौर पर हैं।

## ईएसआई योजना के तहत अगस्त में 20.74 लाख नए कर्मचारी हुए पंजीकृत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की ईएसआई योजना के तहत अगस्त में 20.74 लाख नए कर्मचारियों का पंजीकरण हुआ है।

योजना के तहत नए पंजीकरण में 25 वर्ष की आयु वर्ग के करीब 9.89 लाख युवा कर्मचारी शामिल हैं, जबकि 4.14 लाख महिला कर्मचारी पंजीकृत की गई हैं। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि अगस्त में ईएसआई योजना के तहत 20.74 लाख नए कर्मचारियों का पंजीकरण हुआ है। वहीं, इस योजना के तहत 28,917 नए प्रतिष्ठानों का पंजीकरण किया गया है। मंत्रालय के जारी आंकड़ों के अनुसार नए पंजीकरण में 25 वर्ष तक की आयु के करीब 9.89 लाख युवा कर्मचारी शामिल हैं। इस दौरान ईएसआई योजना में 4.14 लाख महिला कर्मचारी पंजीकृत की गईं।

मंत्रालय ने कहा कि ईएसआईसी




के अनंतिम पेरोल आंकड़ों से पता चलता है कि अगस्त माह में 20.74 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए हैं, जिससे ज्यादा श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। इसके अलावा अगस्त माह के दौरान शुद्ध पंजीकरण सालाना आधार पर 6.80 फीसदी बढ़ा है। इस अवधि में कुल 60 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने भी पंजीकरण कराया है।केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने जारी बयान में कहा है कि पेरोल आंकड़े अनंतिम है, क्योंकि आंकड़ों का संग्रह लगातार जारी रहता है।

# सरकार ने बिना मानक हेलमेट बेचने वालों के खिलाफ उठाया सख्त कदम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सड़क सुरक्षा को बढ़ाने और उपभोक्ताओं को घटिया हेलमेट से बचाने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने सड़क सुरक्षा बढ़ाने और उपभोक्ताओं को अमानक हेलमेट से बचाने के लिए देशभर के जिला अधिकारियों को एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने के लिए पत्र लिखा है। सरकार ने दो पहिया वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया है लेकिन देखा जा रहा है कि बाजार में बिना मानक वाले हेलमेट बेचे जा रहे हैं। दरअसल ऐसे हेलमेट सुरक्षा के मानक पर खरे नहीं होते हैं। इसके कारण देश में सड़क हादसे में हर वर्ष लाखों लोगों को जान गंवानी पड़ती है। इनमें दो पहिया वाहन चालकों की संख्या सबसे ज्यादा है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि विभाग ने जिला कलेक्टरों और जिला मजिस्ट्रेटों को पत्र लिखकर देशभर में अभियान शुरू करने के लिए कहा है, ताकि दोपहिया वाहन सवारों के लिए गैर-अनुपालन वाले हेलमेट बेचने वाले निर्माताओं और विक्रेताओं को निशाना बनाया जा सके। ये पहल बाजार में उपलब्ध हेलमेट की गुणवत्ता और सड़क पर जीवन की सुरक्षा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को लेकर बढ़ती चिंताओं के जवाब में की गई है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने जिलाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि इस अभियान के तहत दोपहिया चालकों के लिए बिना मानक वाले हेलमेट बेचने वाले निर्माताओं और खुदरा विक्रेताओं पर कार्रवाई करने को कहा है। पत्र में इस बात का जिक्र है कि सड़क किनारे बिना मानक हेलमेट जिनके पास भारतीय मानक ब्यूरो का प्रमाणन नहीं है, उनको भी बेचा जा रहा है। यह सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है और इससे सड़क हादसे में कई मौत होती है। ऐसे में इस मुद्दे से निपटने की तत्काल कदम उठाना जरूरी है।

सरकार ने भारतीय मानक ब्यूरो से प्राप्त लाइसेंस के बिना काम करने वाले या नकली आईएसआई मार्क का उपयोग करने वाले निर्माताओं के साथ-साथ बिना मानक उत्पादों को उपभोक्ताओं को बेचने वाले खुदरा विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने जिलाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि आम लोगों के बीच हेलमेट को लेकर व्यापक जागरुकता फैलाना जरूरी है। हेलमेट जीवन बचाते हैं लेकिन केवल तभी जब वे अच्छी गुणवत्ता के हों। यह अभियान बाजार से बिना मानक वाले हेलमेट को हटाने और उपभोक्ताओं को बीआईएस-प्रमाणित उत्पादों के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए जरूरी है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि हम सभी हितधारकों से हमारे नागरिकों की सुरक्षा के लिए इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह करते हैं। खरे ने बताया कि आज तक हेलमेट निर्माताओं के 162 लाइसेंस रद्द या समाप्त हो चुके हैं। इसके अलावा 4151¬2015 के संबंध में बीआईएस मानक चिह्न के दुरुपयोग या त्त्ष्ह्र के उल्लंघन पर कुल 27 तलाशी और जब्ती की गई है और विभिन्न अदालतों में मामले दर्ज किए गए हैं। उल?लेखनीय है कि केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से एक जून, 2021 को देश में गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू किया है। इसमें अनिवार्य किया गया कि सभी हेलमेट के निर्माताओं और विक्रेताओं को बीआईएस मानक आईएस 4151¬ 2015 का पालन करना आवश्यक है।



हिन्दू धर्म में धनवंतरी देवताओं के वैद्य माने गए हैं। धनवंतरी महान चिकित्सक थे। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धनवंतरी भगवान विष्णु के अवतार समझे गए हैं। समुद्र मंथन के दौरान धनवंतरी का पृथ्वी लोक में अवतरण हुआ था। शरद पूर्णिमा को चंद्रमा, कार्तिक द्वादशी को कामधेनु गाय, त्रयोदशी को धन्वंतरी, चतुर्दशी को काली माता और अमावस्या को भगवती लक्ष्मी जी का सागर से प्रादुर्भाव हुआ था। इसीलिए दीपावली के दो दिन पूर्व धनतेरस को भगवान धनवंतरी का जन्म धनतेरस के रूप में मनाया जाता है।

आज ही के दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जन्मदाता धन्वन्तरि वैद्य समुद्र से अमृत कलश लेकर प्रगट हुए थे, इसलिए धनतेरस को धन्वन्तरि जयन्ती भी कहते हैं। इसीलिए वैद्य-हकीम और ब्राह्मण समाज आज धन्वन्तरि भगवान का पूजन कर धन्वन्तरि जयन्ती मनाता है।



# भगवान धनवंतरी व यम पूजन का दिन

# धनतेरस

कार्तिक मास की कृष्ण त्रयोदशी को धनतेरस कहते हैं। यह त्योहार दीपावली आने की पूर्व सूचना देता है। इस दिन नए बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। धनतेरस के दिन मृत्यु के देवता यमराज और भगवान धनवंतरी की पूजा का महत्व है।

## क्यों मनाया जाता है धनतेरस

भारतीय संस्कृति में स्वास्थ्य का स्थान धन से ऊपर माना जाता रहा है। यह कहावत आज भी प्रचलित है कि पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में माया इसलिए दीपावली में सबसे पहले धनतेरस को महत्व दिया जाता है। जो भारतीय संस्कृति के हिसाब से बिल्कुल अनुकूल है। शास्त्रों में वर्णित कथाओं के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन भगवान धनवंतरी अपने हाथों में अमृत कलश लेकर प्रकट हुए। मान्यता है कि भगवान धनवंतरी विष्णु के अंशावतार हैं। संसार में चिकित्सा विज्ञान के विस्तार और प्रसार के लिए ही भगवान विष्णु ने धनवंतरी का अवतार लिया था। भगवान धनवंतरी के प्रकट होने के उपलक्ष्य में ही धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है।

## धनतेरस की कथा

धनतेरस से जुड़ी कथा है कि कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन देवताओं के कार्य में बाधा डालने के कारण भगवान विष्णु ने असुरों के गुरु शुक्राचार्य की एक आंख फोड़ दी थी। कथा के अनुसार, देवताओं को राजा बलि के भय से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और राजा बलि के यज्ञ स्थल पर पहुंच गए।

शुक्राचार्य ने वामन रूप में भी भगवान विष्णु को पहचान लिया और राजा बलि से आग्रह किया कि वामन कुछ भी मांगे उन्हें इंकार कर देना। वामन साक्षात भगवान विष्णु हैं जो देवताओं की सहायता के लिए तुमसे सब कुछ छीनने आए हैं। बलि ने शुक्राचार्य की बात नहीं मानी। वामन भगवान द्वारा मांगी गई तीन पग भूमि, दान करने के लिए कमंडल से जल लेकर संकल्प लेने लगे। बलि को दान करने से रोकने के लिए शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में लघु रूप धारण करके प्रवेश कर गए। इससे कमंडल से जल निकलने का मार्ग बंद हो गया। वामन भगवान शुक्रचार्य की चाल को समझ गए। भगवान वामन ने अपने हाथ में रखे हुए कुशा को कमण्डल में ऐसे रखा कि शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। शुक्राचार्य छटपटाकर कमण्डल से निकल आए।

इसके बाद बलि ने तीन पग भूमि दान करने का संकल्प ले लिया। तब भगवान वामन ने अपने एक पैर से संपूर्ण पृथ्वी को नाप लिया और दूसरे पग से अंतरिक्ष को। तीसरा पग रखने के लिए कोई स्थान नहीं होने पर बलि ने अपना सिर वामन भगवान के चरणों में रख दिया।

बलि दान में अपना सब कुछ गंवा बैठा। इस तरह बलि के भय से देवताओं को मुक्ति मिली और बलि ने जो धन-संपत्ति देवताओं से छीन ली थी उससे कई गुणा धन-संपत्ति देवताओं को मिल गई। इस उपलक्ष्य में भी धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है।

## क्या खास करें इस दिन

इस दिन अपने सामर्थ अनुसार किसी भी रूप में चांदी एवं अन्य धातु खरीदना अति शुभ है। धन संपत्ति की प्राप्ति हेतु कुबेर देवता के लिए घर के पूजा स्थल पर दीप दान करें एवं मृत्यु देवता यमराज के लिए मुख्य द्वार पर भी दीप दान करें।

# क्यों मनाई जाती है धनतेरस



धनतेरस, धनवंतरी त्रयोदशी या धन त्रयोदशी दीपावली से पूर्व मनाया जाना महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन आरोग्य के देवता धनवंतरी, मृत्यु के अधिपति यम, वास्तविक धन संपदा की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी तथा वैभव के स्वामी कुबेर की पूजा की जाती है। इस त्योहार को मनाए जाने के पीछे मान्यता है कि लक्ष्मी के आह्वान के पहले आरोग्य की प्राप्ति और यम को प्रसन्न करने के लिए कर्मों का शुद्धिकरण अत्यंत आवश्यक है।

- कुबेर भी आसुरी प्रवृत्तियों का हरण करने वाले देव हैं।
- धनवंतरी और मां लक्ष्मी का अवतरण समुद्र मंथन से हुआ था। दोनों ही कलश लेकर अवतरित हुए थे।
- श्री सूक्त में लक्ष्मी के स्वरूपों का विवरण कुछ इस प्रकार मिलता है।
  **धनमग्नि, धनम वायु, धनम सूर्यो धनम वसु**
  अर्थात् प्रकृति ही लक्ष्मी है और प्रकृति की रक्षा करके मनुष्य स्वयं के लिए ही नहीं, अपितु नि-स्वार्थ होकर पूरे समाज के लिए लक्ष्मी का सृजन कर सकता है।
- श्री सूक्त में आगे यह भी लिखा गया है- 'न क्रोधो न मात्सर्यम न लोभो ना अशुभा मति'
  तात्पर्य यह कि जहां क्रोध और किसी के प्रति द्वेष की भावना होगी, वहां मन की शुभता में कमी आएगी, जिससे वास्तविक लक्ष्मी की प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होगी। यानी किसी भी प्रकार की मानसिक विकृतियां लक्ष्मी की प्राप्ति में बाधक हैं।
- आचार्य धनवंतरी के बताए गए मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी उपाय अपनाना ही धनतेरस का प्रयोजन है।
- श्री सूक्त में वर्णन है कि, लक्ष्मी जी भय और शोक से मुक्ति दिलाती हैं तथा धन-धान्य और अन्य सुविधाओं से युक्त करके मनुष्य को निरोगी काया और लंबी आयु देती हैं।

# धनतेरस से आरंभ करें मां लक्ष्मी की आराधना



धनतेरस के शुभ दिन से मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के उपाय किए जाने चाहिए। इसके लिए धनतेरस विशेष तंत्र पूजन का विधान शास्त्रों में मिलता है। प्रस्तुत है मंत्र-तंत्र विधि -

***ऊँ ह्रीं ह्रीं ह्रीं महालक्ष्मी धनदा लक्ष्मी कुबेराय मम गृह स्थिरो ह्रीं ऊँ नमः।***

**विधि** - सबसे पहले सामने लक्ष्मी जी का चित्र रखें तथा उनके सामने लाल रंग का वस्त्र बिछाकर उस पर दक्षिणावर्ती शंख रख दें। उस पर केसर से स्वास्तिक बना लें तथा कुमकुम से तिलक कर दें। बाद में स्फटिक की माला से मंत्र की 7 माला करें। तीन दिन तक ऐसा निरंतर करें। इतने से ही मंत्र-साधना सिद्ध हो जाती है। मंत्र जप पूरा होने के पश्चात् लाल वस्त्र में शंख को बांधकर घर में रख दें। जब तक वह शंख घर में रहेगा, तब तक घर में निरंतर उन्नति होती रहेगी।

## अकाल मृत्यु से रक्षा करता है

# धनतेरस का दीपदान

धनतेरस के दिन खरीदारी में इतने व्यस्त न हो जाएं कि शाम के समय दीपदान करना भूल जाएं। धनतेरस की शाम में दीपदान का बड़ा ही महत्व है। शास्त्रों में बताया गया है कि धनतेरस के दिन संध्या के समय दीपदान जरूर करना चाहिए। इससे यमराज प्रसन्न होते हैं और अकाल मृत्यु से बचाव होता है।

इस संदर्भ में कथा है कि, एक बार यमराज ने यमदूतों से कहा लोगों के प्राण हरते समय तुम्हें कभी दु:ख हुआ है अथवा नहीं। इस पर यमदूत ने कहा कि एक बार एक राजकुमार के प्राण हरते समय हमें बहुत दु:ख हुआ था। राजकुमार की शादी के चार ही दिन हुए थे। राजकुमार की मृत्यु से राजमहल में चित्कार और हाहाकार मच गयी। नववधू का विलाप देखकर हमारा हृदय हमें धिक्कारने लगा। इसके बाद यमदूतों ने यमराज से पूछा कि हे यमदेव कोई ऐसा उपाय नहीं है जिससे प्राणी की अकाल मृत्यु न हो। यमराज ने कहा कि जो व्यक्ति धनतेरस के दिन मेरे नाम से दीप जलाकर मुझे स्मरण करेगा उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं सताएगा। यमदीप के संदर्भ में एक अन्य कथा भी प्रचलित है कि, प्राचीन काल में एक हिम नामक राजा हुए। विवाह के कई वर्षों बाद इन्हें पुत्र की प्राप्ति हुई। ज्योतिषियों ने जब राजकुमार की कुण्डली देखी तो कहा कि विवाह के चौथे दिन राजकुमार की मृत्यु हो जाएगी। राजा रानी इस बात को सुनकर दु:खी हो गये। समय बितता गया और राजकुमार की शादी हो गयी। विवाह का चौथा दिन भी आ गया। राजकुमार की मृत्यु होने के भय से सभी लोग सहमे हुए थे। लेकिन राजकुमार की पत्नी चिंता मुक्त थी। उसे मां लक्ष्मी की भक्ति पर पूरा विश्वास था। शाम होने पर राजकुमार की पत्नी ने पूरे महल को दीपों से सजा दिया। इसके बाद मां लक्ष्मी के भजन गाने लगी। यमदूत जब राजकुमार के प्राण लेने आये तो मां लक्ष्मी की भक्ति में लीन राजकुमार की पतिव्रता पत्नी को देखकर महल में प्रवेश करने का साहस नहीं जुटा पाये। यमदूतों के लौट जाने पर यमराज स्वयं सर्प का रूप धारण करके महल में प्रवेश कर गये। सर्प बने यमराज जब राजकुमारी के कक्ष के समाने पहुंचे तब दीपों की रोशनी और लक्ष्मी मां की कृपा से सर्प की आंखें चौंधिया गयी और सर्प बने यमराज राजकुमारी के पास पहुंच गये। राजकुमारी के भजनों में यमराज ऐसे खोये की उन्हें पता ही नहीं चला कि कब सुबह हो गयी। राजकुमार की मृत्यु का समय गुजर जाने के बाद यमराज को खाली हाथ लौटना पड़ा और राजकुमार दीर्घायु हो गया। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन से धनतेरस के दिन यमदीप जलाने की परंपरा शुरू हुई।



# कुबेर मंत्र के जाप से होगी लक्ष्मी प्रसन्न

कुबेर देव को धन का देवता माना जाता है। वे देवताओं के कोषाध्यक्ष हैं, इनकी कृपा से किसी को भी धन प्राप्ति के योग बन जाते हैं। कुबेर को प्रसन्न करने का सुप्रसिद्ध मंत्र इस प्रकार है-

कुबेर देव का मंत्र-

**ऊँ यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय, धन धन्याधिपतये धन धान्य समृद्धि मे देहि दापय स्वाहा।**

यह देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव का अमोघ मंत्र है। इस मंत्र का तीन माह तक रोज 108 बार जप करें। जप करते समय अपने सामने एक कौड़ी (धनलक्ष्मी कौड़ी) रखें। तीन माह के बाद प्रयोग पूरा होने पर इस कौड़ी को अपनी तिजोरी या लॉकर में रख दें। ऐसा करने पर कुबेर देव की कृपा से आपका लॉकर कभी खाली नहीं होगा। हमेशा उसमें धन भरा रहेगा। अब मन को एकाग्र करके हनुमान चालीसा का पाठ करें। यदि हनुमान चालीसा का पूर्ण पाठ नहीं कर पा रहे हों तो इन पंक्तियों का पाठ करें-

जम कुबेर दिगपाल जहां ते।
कवि कोबिद कहि सके कहां ते।।

इन पंक्तियों के निरंतर जप से हनुमानजी तो प्रसन्न होंगे ही साथ ही यम, कुबेर आदि देवी-देवताओं की कृपा भी प्राप्त होगी।



# छोटी दीपावली-नरक चतुर्दशी

**कार्तिक माह के कृष्णपक्ष की चतुर्दशी को नरक चतुर्दशी के नाम से जाना जाता है. नरक चतुर्दशी को नरक चौदस, रुप चौदस, रूप चतुर्दशी, नर्क चतुर्दशी या नरका पूजा के नाम से भी जानते हैं. मान्यता है कि कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी के दिन मुख्य रूप से मृत्यु के देवता यमराज की पूजा का विधान है.**

नरक चतुर्दशी को छोटी दीपावली भी कहा जाता है. दीपावली से एक दिन पहले मनाई जाने वाली नरक चतुर्दशी के दिन संध्या के पश्चात दीपक प्रज्जवलित किए जाते हैं. नरक चतुर्दशी का पूजन कर अकाल मृत्यु से मुक्ति तथा स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए यमराज जी की पूजा उपासना की जाती है. इस रात्रि के पूजन एवं दीप जलाने की प्रथा के संदर्भ में पौराणिक कथाएं तथा कुछ लोक मान्यताएं प्रचलित हैं जो इस पर्व के महत्व को परिलक्षित हैं.

## नरक चतुर्दशी पर्व से जुड़ीं कथाएं

नरक चतुर्दशी के पर्व के साथ अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं. एक पौराणिक कथा के अनुसार रन्ति देव नामक एक राजा हुए थे. वह बहुत ही पुण्यात्मा और धर्मात्मा पुरूष थे सदैव धर्म कर्म के कार्यों में लगे रहते थे. जब उनका अंतिम समय आया तो यमराज के दूत उन्हें लेने के लिए आते हैं. और राजा को नरक में ले जाने के लिए आगे बढते हैं. यमदूतों को देख कर राजा आश्चर्य चकित हो उनसे पूछते हैं कि मैंने तो कभी कोई अधर्म या पाप नहीं किया है तो फिर आप लोग मुझे नर्क में क्यों भेज रहे हैं. कृपा कर मुझे मेरा अपराध बताएं जिस कारण मुझे नरक का भागी होना पड़ रहा है. राजा की करूणा भरी वाणी सुनकर यमदूत उनसे कहते हैं कि, हे राजन एक बार तुम्हारे द्वार से एक ब्राह्मण भूखा ही लौट गया जिस कारण तुम्हें नरक जाना पड़ रहा है. यह सुनकर राजा यमदूतों से विनती करते हुए कहते हैं कि वह उसे एक वर्ष का और समय देने की कृपा करें. राजा का कथन सुनकर यमदूत विचार करने लगते हैं और राजा की आयु एक वर्ष बढ़ा देते हैं. यमदूतों के जाने पर राजा इस समस्या के निदान के लिए ऋषियों के पास जाता हैं, उन्हें सारा वृतान्त सुनाता है. ऋषि राजा से कहते हैं कि यदि राजन कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी का व्रत करें. ब्रह्मणों को भोजन करवा कर उनसे अपने अपराधों के लिए क्षमा याचना करें तो वह इस पाप से मुक्त हो सकते हैं. ऋषियों के कथन अनुसार राजा कार्तिक माह की कृष्ण चतुर्दशी का व्रत करता है और इस प्रकार राजा पाप मुक्त हो कर विष्णु लोक में स्थान पाता है. तभी से पापों एवं नर्क से मुक्ति हेतु कार्तिक चतुर्दशी व्रत प्रचलित है. एक अन्य कथा अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने कार्तिक माह को कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के दिन नरकासुर का वध करके, देवताओं व ऋषियों को उसके आतंक से मुक्ति दिलवाई थी. इसके साथ ही साथ श्री कृष्ण भगवान ने सोलह हजार कन्याओं को नरकासुर के बंदी गृह से मुक्त करवाया था. इस उपलक्ष पर नगर वासियों ने नगर को दीपों से प्रकाशित किया और उत्सव मनाया तभी से नरक चतुर्दशी का त्यौहार मनाया जाने लगा.

## रूप चतुर्दशी

नरक चतुर्दशी को रूप चतुर्दशी भी कहते हैं. रूप चतुर्दशी के दिन भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करनी चाहिए ऐसा करने से रूप सौंदर्य की प्राप्ति होती है. रूप चतुर्दशी से संबंधित एक कथा भी प्रचलित है मान्यता है कि प्राचीन समय पहले हिरण्यगर्भ नामक राज्य में एक योगी रहा करते थे. एक बार योगीराज ने प्रभु को पाने की इच्छा से समाधि धारण करने का प्रयास किया. अपनी इस तपस्या के दौरान उन्हें अनेक कष्टों का सामना करना पड़ा. उनकी देह पर कीड़े पड़ गए, बालों, रोओं और भौंहों पर जुएँ पैदा हो गई. अपनी इतनी विभत्स दशा के कारण वह बहुत दुखी होते हैं. तभी विचरण करते हुए नारद जी उन योगी राज जी के पास आते हैं और उन योगीराज से उनके दुख का कारण पूछते हैं. योगीराज उनसे कहते हैं कि, हे मुनिवर मैं प्रभु को पाने के लिए उनकी भक्ति में लीन रहा परंतु मुझे इस कारण अनेक कष्ट हुए हैं ऐसा क्यों हुआ? योगी के करूणा भरे वचन सुनकर नारदजी उनसे कहते हैं, हे योगीराज तुमने मार्ग तो उचित अपनाया किंतु देह आचार का पालन नहीं जान पाए इस कारण तुम्हारी यह दशा हुई है. नारद जी के कथन को सुन, योगीराज उनसे देह आचार के विषय में पूछते हैं इस पर नारदजी उन्हें कहते हैं कि सर्वप्रथम आप कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के दिन व्रत रखकर भगवान की पूजा अराधना करें क्योंकि ऐसा करने से आपका शरीर पुन- पहले जैसा स्वस्थ और रूपवान हो जाएगा. तब आप मेरे द्वारा बताए गए देह आचार को कर सकेंगे. नारद जी के वचन सुन योगीराज ने वैसा ही किया और उस व्रत के फलस्वरूप उनका शरीर पहले जैसा स्वस्थ एवं सुंदर हो गया. अत- तभी से इस चतुर्दशी को रूप चतुर्दशी के नाम से जाना जाने लगा.



## नरक चतुर्दशी पूजा विधि

नरक चतुर्दशी के दिन सुबह के समय आटा, तेल और हल्दी को मिलाकर उबटन तैयार किया जाता है. इस उबटन को शरीर पर लगाकर, अपामार्ग (चिचड़ी) की पत्तियों को जल में डालकर स्नान करते हैं. इस दिन विशेष पूजा की जाती है जो इस प्रकार होती है, सर्वप्रथम एक थाल को सजाकर उसमें एक चौमुख दिया जलाते हैं तथा सोलह छोटे दीप और जलाएं तत्पश्चात रोली खीर, गुड़, अबीर, गुलाल, तथा फूल इत्यादि से ईष्ट देव की पूजा करें. इसके बाद अपने कार्य स्थान की पूजा करें. पूजा के बाद सभी दीयों को घर के अलग अलग स्थानों पर रख दें तथा गणेश एवं लक्ष्मी के आगे धूप दीप जलाएं. इसके पश्चात संध्या समय दीपदान करते हैं जो यम देवता, यमराज के लिए किया जाता है. विधि-विधान से पूजा करने पर व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो प्रभु को पाता है.

# धनतेरस पर कुबेर पूजा का महत्व



भगवान कुबेर विसराव के पुत्र और ब्रह्मदेव के पोते हैं। उन्हें धनपति और स्वर्ग के बैंकर भी कहा जाता है। कुबेर भगवान के कोषाध्यक्ष हैं। भगवान कुबेर का निवास स्थान कैलाश पर्वत है। वह अष्ट दिकपाला का प्रतिनिधित्व करते हैं जो कि उत्तर दिशा में है। इसी वजह से उन्हें उत्तर दिशा के तौर पर भी जाना जाता है। हिन्दू धर्म में उन्हें राजाओं के राजा माना जाता है।

आमतौर पर उन्हें उन्हें बौना, गौरा और बड़ी-सी तोंद वाला दिखाया जाता है। उनकी तीन टांगें, आठ दांत, एक आंख है और वह हमेशा बहुत से गहने पहने रहते हैं। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो कुबेर देवता धरती में गड़े हुए धन की रक्षा करते हैं। वह सोने, चांदी और नौ सिद्धियों के खज़ाने की रखवाली करते हैं। कुबेर के विमान का नाम पुष्पक है जिसपर सवार होकर वह पूरे विश्व का भ्रमण करते हैं। उनके पास हमेशा एक पर्स रहता है जिसमें पैसे और अन्य कीमती सामान रहता है। भगवान कुबेर की पूजा करने से घर में समृद्धि आती है।

समृद्धि प्राप्ति के लिए धनतेरस पर कुबेर पूजा कुबेर पूजा में पूरे विधि-विधान से वैदिक मंत्रों का जाप किया जाता है। यह पूजा धनतेरस के दिन की जाती है। यह पूजा गवग्रह मदिर खरगौन में भी की जाती है, अगर आप चाहें तो उसमें शामिल हो सकते हैं। यहां पर पूरे विधि-विधान से पूजा संपन्न की जाती है ताकि सभी को भगवान कुबेर का आशीर्वाद मिले और सबके जीवन में समृद्धि बनी रहे। अगर कुबेर प्रसन्न हो जाते हैं तो वह अपने भक्तों को समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।

कुबेर पूजा का महत्व और लाभ समृद्धि और धन प्राप्ति के लिए कुबेर की पूजा और हवन किया जाता है। जिन लोगों के जीवन में पैसे या कारोबार संबंधी परेशानी हो उन लोगों को तांत्रिक पूजन करना चाहिए। ऐसा करने से उन्हें भगवान कुबेर का आशीर्वाद प्राप्त होगा। एक पुराने, शक्तिशाली और पूरा यंत्र को कुबेर यंत्र कहा जाता है। धनतेरस के दिन इस यंत्र की पूजा करने से भी विशेष लाभ होता है। माना जाता है कि इस दिन भगवान कुबेर जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं। कुबेर पूजा का बहुत महत्व है और इसे करने से विशेष लाभ होते हैं-

-यह पूजा करने से घर में धन-धान्य बना रहता है। -कर्ज से मुक्ति मिलती है। -गरीबी से छुटकारा मिलता है और जीवन में समृद्धि आती है। -व्यापार-कारोबार में लाभ होता है। -आपका बैंक बैलेंस बढ़ता है। -किसी भी प्रकार के श्राप से मुक्ति मिलती है।

# धनतेरस पर समृद्धि देते हैं कुबेर..

समस्त धन सम्पदा और ऐश्वर्य के स्वामी कुबेर के लिए धनतेरस के दिन शाम को 13 दीप समर्पित किए जाते हैं। कुबेर भूगर्भ के स्वामी हैं। कुबेर की पूजा से मनुष्य की आंतरिक ऊर्जा जागृत होती है और धन अर्जन का मार्ग प्रशस्त होता है।

निम्न मंत्र द्वारा चंदन, धूप, दीप, नैवेद्य से पूजन करें-

कुबेर मंत्र -


ऊँ यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय धन-धान्य अधिपतये
धन-धान्य समृद्धि में देहि दापय स्वाहा।'



# दुल्हन बनने जा रही हैं 'क़ुबूल है' कि जोया, इस दिन बॉयफ्रेंड सुमित संग सात फेरे लेंगी

# सुरभि ज्योति





साल 2012 में जी टीवी पर एयर होने वाले हिंदी ड्रामा सीरियल 'कबूल है' में जोया का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस **Surbhi Jyoti Wedding** एक बार फिर से सुर्खियों में हैं. सुरभि ने अपना जीवन साथी ढूंढ लिया है और बहुत जल्द वो शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं. खबरों की मानें तो सुरभि अपने लॉन्ग टर्म बॉयफ्रेंड सुमित सुरी के साथ 27 अक्टूबर को शादी के बंधन में बंधेंगी. सोशल मीडिया पर 'नागिन' फेम एक्ट्रेस के फैन्स उनकी शादी को लेकर काफी एक्साइटिड हैं.शादी की तैयारियों के बीच एक्ट्रेस ने बॉयफ्रेंड सुमित सुरी के साथ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की और अपने रिश्ते पर मोहर लगाई. सुरभि और सुमित की शादी उत्तराखंड के जिम कोर्बेट पार्क के एक लग्जरी रिजॉर्ट में होगी. पहले खबरें आईं थीं कि सुरभि-सुमित राजस्थान में शादी करेंगे लेकिन उनका मनपसंद वेन्यू उन्हें नहीं मिल पाया जिसके बाद उन्होंने उत्तराखंड में शादी करने का फैसला लिया.

**पहले मार्च में होने वाली थी शादी**

दोनों की शादी पहले मार्च में होने वाली थी लेकिन वेन्यू ना मिलने की वजह से उन्होंने शादी को पोस्टपोन कर दिया लेकिन अब आखिरकार डेट डिसाइड हो गई है और दोनों लव बर्डस् 27 को शादी करेंगे. बात करें दोनों के रिश्ते की तो सुरभि-सुमित काफी लंबे वक्त से दोस्त हैं. एक म्यूजिक वीडियो '**Haanji- The Wedding Mantra**' में सुरभि और सुमित साथ दिखाई दिए थे. दोनों ने इस वीडियो में दूल्हा-दुल्हन का रोल किया था और अब दोनों सच में लाइफ पार्टनर बनने जा रहे हैं.

**कौन हैं सुरभि के होने वाले पति सुमित सूरी ?**

बात करें सुरभि के होने वाले हबी की तो सुमित सुरी एक एक्टर और प्रोड्यूसर हैं, जो ऋषिकेश से आते हैं. वो कई विज्ञापनों में भी नजर आ चुकी हैं. जबकि, वॉर्निंग फिल्म से उन्होंने बॉलीवुड में डेब्यू किया है, जिसे गुरमीत सिंह ने डायरेक्ट किया था. सुमित, खतरों के खिलाड़ी 4 में भी बतौर कंटेस्टेंट नजर आ चुके हैं. हाल ही में सुमित, विक्रांत मैसी और कीर्ति खरबंदा के साथ फिल्म '14 फेरे' में भी काम किया था. उन्होंने विवेक का किरदार निभाया था.

# चाहत पांडे

## की मम्मी ने लगाई अविनाश को फटकार, एक्टर की मां ने भी सुनाई खरी खोटी



बिग बॉस 18 में रोजाना नए-नए तमाशे होते हुए नजर आ रहे हैं. हालांकि अगर शो में तमाशे या झगड़े नहीं होंगे, तो लोगों को इसे देखने में मजा भी नहीं आएगा. फिलहाल घर की सत्ता जेल में मौजूद अविनाश मिश्रा और अरफीन के हाथों में हैं. बिग बॉस ने उन्हें घर के राशन का पूरा जिम्मा दे रखा है. साथ ही वही ये फैसला लेंगे कि किसको कितना राशन देना है या नहीं देना है. इसी बीच मेकर्स ने एक नया प्रोमो शेयर किया है.नए प्रोमो में चाहत पांडे और अविनाश मिश्रा की मम्मी को शो पर देखा जा सकता है. बिग बॉस दोनों कंटेस्टेंट्स की माताओं का आमना-सामना करवाते हैं. इसके अलावा चाहत और अविनाश को भी उनसे बात करने का मौका देते हैं. लेकिन चाहत की मम्मी अविनाश को जमकर फटकार लगाती हुई नजर आती हैं. वहीं अविनाश की मम्मी भी चाहत को खूब खरी खोटी सुनाती हुई नजर आईं. इस दौरान एक बार फिर से अविनाश और चाहत भी आपस में बहस कर बैठे.



**अविनाश और चाहत की मां का आमना-सामना**

प्रोमो में अविनाश की मम्मी कहती हैं, अविनाश ने जो भी कहा बिल्कुल सही कहा, उसने सभी लोगों के बीच में बोला, इसने एक मजाक के तौर पर कहा. इसी बीच तुरंत चाहत की मां कहती हैं, सुनो पंचायत बुलाकर मजाक नहीं किया जाता, पंचायत बुलाकर बेइज्जती की जाती है. इसपर अविनाश की मां कहती हैं कि सिर्फ लड़कियों की इज्जत होती है, लड़कों की कोई इज्जत नहीं होती. ये सुनते ही चाहत तुरंत अपना रिएक्शन देते हुए वाह-वाह कहती हैं.

**चाहत की मम्मी ने अविनाश को लगाई फटकार**

चाहत के ताने को सुनकर अविनाश भी भड़कते हुए कहते हैं कि वो भी उनकी मां की बातें चुपचाप सुन रहे हैं, कोई ताने नहीं मार रहे हैं.

# जो कोने-कोने में कर रहे हो, खुले में करो...सलमान खान ने करणवीर की लगाई क्लास



सलमान खान का रिएलिटी शो बिग बॉस 18 इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रहा है. आए दिन घर में कंटेस्टेंट्स की लड़ाई झगड़े की खबरें छाई रहती हैं. अब 'वीकेंड का वार' में सलमान खान खतरों के खिलाड़ी के हालिया विनर करणवीर मेहरा की क्लास लगाते दिखने वाले हैं. शो के मेकर्स ने कलर्स पर लेटेस्ट एपिसोडा का एक प्रोमो शेयर किया है, जिसमें सलमान करणवीर को आइना दिखाते नज़र आ रहे हैं.प्रोमो में सलमान करणवीर से कहते दिख रहे हैं, बाहर आप परिवार जोड़ नहीं पाए और यहां भी परिवार नहीं जोड़ पा रहे हैं. आप कोई भी चीज़ कम्प्लीट नहीं कर पाते हैंज्ये जो कोने कोने में कर रहे हो, ये खुले में करोर्जविवियन (दसेना) को बोल सकते हो को आपकी ऑडियंस, आप कर क्या रहे हो तो क्या यार आपकी ऑडियंस नहीं है? आप क्या कर रहे हो? ये तो सलमान के क्लास का महज ट्रेलर है. शो में करणवीर को सलमान कितना सुनाते हैं ये देखना दिलचस्प होगा.

**सलमान ने दिया रिएलिटी चेक**

इस वीडियो को कलर्स टीवी के इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा गया है, करणवीर ने किया हार्श ट्रुथ का सामना, जब मिला उनको सलमान खान से रिएलिटी चेक. इस वीडियो पर करणवीर के फैन्स लगातार कमेंट कर रहे हैं. हालांकि कुछ लोग उन्हें स्ट्रॉन्ग कंटेस्टेंट तो बता रहे हैं, लेकिन सलमान की ओर से रिएलिटी चेक देने को भी सही ठहरा रहे हैं.

**जब फैमिली पर करणवीर ने की बात**

शो के लेटेस्ट एपिसोड के दौरान ईशा सिंह करणवीर मेहता के दो डिवोर्स के बारे में बात करती हुई नज़र आई हैं. उन्होंने ये बातें तब कही जब करणवीर ने अविनाश और ईशा के लिंक अप का हिंट देते हुए कुछ बातें कहीं. कुछ वक्त पहले शो में करणवीर ने श्रुतिका से बात करते हुए कहा था कि वो अपनी फैमिली को साथ नहीं रख पाए थे.करणवीर कहते हैं, मुझे लगता है कि फैमिली को साथ रखने की सलाहियत मुझमें है ही नहीं. ये चीज़ मेरे साथ बाहर भी हो चुकी है. मेरे पास ऐसी ही फैमिली थी, पर मैं उसे संभाल नहीं पाया.

# गिरने के बाद भी नहीं रुके विद्या बालन के कदम, चोट के बावजूद नंगे पैर अटेंड किया पूरा इवेंट




भूल भुलैया 3 की टीम ने 'आमी जे तोमार 3' गाने के लॉन्च से दिवाली के सेलिब्रेशन की ग्रैंड शुरुआत की है. इस गाने में माधुरी दीक्षित और विद्या बालन की धमाकेदार परफॉर्मेंस ऑडियंस को देखने मिल रही है. गाने के म्यूजिक लॉन्च के खास मौके पर माधुरी दीक्षित और विद्या बालन का एक स्पेशल डांस परफॉर्मेंस प्लान किया गया था और इस प्लानिंग के मुताबिक दोनों ने मुंबई के 'रॉयल ओपेरा हाउस' नाम के ऐतिहासिक थिएटर के मंच पर ये डांस परफॉर्मेंस पेश भी किया, लेकिन इस लाइव परफॉर्मेंस के बीच विद्या बालन गिर गईं. गिरने के बावजूद विद्या ने अपने चेहरे की मुस्कान बरकरार रखी और अपना डांस जारी रखा. लेकिन हम आपको बताते हैं कि आगे क्या हुआ.विद्या ने गिरने के बावजूद फिर एक बार अपने पैरों पर खड़े होते हुए अपना डांस परफॉमेंस पूरा किया. डांस खत्म होते ही कार्तिक आर्यन और माधुरी दीक्षित दोनों ने विद्या को गले लगाते हुए उनकी खूब हौसलाफजाई की. माधुरी दीक्षित ने भी विद्या के इस तरह से गिरने पर अपना मजेदार रिएक्शन देते हुए कहा कि जब विद्या इस तरह से गिरीं तब मैंने उनकी तरफ देखा. अगर वो नहीं उठ पातीं तो मैं भी नीचे गिरने वाली थी और फिर हम दोनों मिलकर 'मार डाला' गाने के स्टेप्स करते. लेकिन विद्या ने बहुत अच्छे से खुद को संभाला.

**दोबारा किया डांस**

विद्या बालन न सिर्फ अपने पैरों पर खड़ी रहीं बल्कि उन्होंने 'वन्स मोर' की पब्लिक डिमांड पर फिर एक बार 'आमी जे तोमार' गाने पर परफॉर्म करते हुए वहां मौजूद ऑडियंस का खूब मनोरंजन भी किया. उनके दूसरे परफॉर्मेंस के बाद जब कार्तिक आर्यन ने उन्हें छेड़ते हुए कहा कि अब परफेक्ट टेक हो गया है और अब वो इसे फिल्म में शामिल कर सकते हैं, तब कार्तिक की फिल्म 'भूल भुलैया' के निर्देशक अनीस बज्मी ने कहा कि इस परफॉर्मेंस के पहले वाला टेक भी परफेक्ट था और दोनों को फिल्म में शामिल किया जा सकता है.

**चोट के कारण नंगे पैर अटेंड किया इवेंट**

वैसे तो विद्या ने गिरने के बावजूद दो बार डांस परफॉर्मेंस दी. लेकिन जिस तरह से वो बार बार अपना पैर मोड़ रही थीं और एक पैर पर खड़ी रहने की कोशिश कर रही थीं, उसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता था कि उन्हें खड़े रहने में काफी तकलीफ हो रही है. पैरों में लगी हुई चोट के कारण लगभग 1 घंटे चले इस इवेंट में विद्या ने नंगे पैर ही शामिल होने का फैसला लिया, वो चाहतीं तो इवेंट से जल्दी निकल सकती थीं. लेकिन उन्होंने अपनी कमिटमेंट के चलते नंगे पैर पूरा इवेंट अटेंड किया. इस दौरान पैपराजी को फोटो देने के लिए विद्या ने जब उनकी सैंडल पहनने की कोशिश की तब पैर में हो रहे दर्द के कारण वो उन्हें पहन नहीं पाईं.


राँची और दिल्ली के साथ–साथ
अब
रायपुर (छत्तीसगढ़)
से
प्रकाशित
आदिवासी एक्सप्रेस
आमजन का एक मात्र हिंदी दैनिक अख़बार
सत्य और निष्पक्ष समाचारों के लिए पढ़ें !
सम्पर्क सूत्र :–
aadivasiexpress@gmail.com
birsatimes@gmail.com
8084674042
6202611859
8084674042